धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, रविवार
25.08.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net भादो, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 46



12 अमेरिका से पनडुब्बी रोधी सोनोबॉय खरीदेगा भारत

## न्यूज डायरी

### मन की बात कार्यक्रम की 113वीं कड़ी आज

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अगस्त को सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह 113वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

### रांची-वाराणसी वंदे भारत पारसनाथ में भी रूकेगी

रांची। रांची–वाराणसी वंदे भारत ट्रेन का ठहराव अब झारखंड के गिरिडीह जिला स्थित पवित्र तीर्थस्थल पारसनाथ स्टेशन पर होगा। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पवित्र तीर्थस्थल से जुड़ा पारसनाथ स्टेशन पर रांची वाराणसी वंदे भारत ट्रेन के ठहराव का आग्रह किया था। डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी के पत्र पर संज्ञान लेते हुए रेल मंत्री ने ट्रेन के ठहराव की स्वीकृति प्रदान की है।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस में पॉलीग्राफ टेस्ट शुरू

कोलकाता। राज्य संचालित आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में मुख्य आरोपित और छह अन्य व्यक्तियों का पॉलीग्राफी टेस्ट शनिवार से शुरू हो गया। मुख्य आरोपित संजय रॉय की पॉलीग्राफ टेस्ट प्रेसिडेंसी जेल में की जा रही है, जहां वह बंद है, जबकि अन्य छह लोगों का टेस्ट जांच एजेंसी के कार्यालय में किया जाना है। इनमें पूर्व प्राचार्य संदीप घोष, घटना की रात ड्यूटी पर रहे चार डॉक्टर और एक अन्य सिविल वॉलंटियर शामिल हैं।

### एनटीपीसी के निदेशक ने संभाला कार्यभार

रांची। अनिल कुमार जदली ने शनिवार को एनटीपीसी के निदेशक के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने 1993 में एनटीपीसी से अपने करियर शुरू की थी। अनिल कुमार जदली एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में कंपनी से जुड़े और वर्तमान में वह मानव संसाधन कार्य के शीर्ष पद पर हैं।

### रग्बी शिविर में खूंटी के तीन खिलाड़ी लेंगे भाग

खूंटी। मलेशिया में आयोजित होनेवाली अंडर 18 एशिया रग्बी चैंपियनशिप के लिए खूंटी जिले के तीन रग्बी खिलाडियों अजीत नाग, नमजन मुंडू और अंकित भेंगरा का चयन नेशनल कैंप के लिए किया गया है। यह शिविर 27 अगस्त से 25 सितंबर तक कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। अंडर 18 नेशनल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले देश भर से चुने गए 36 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे तथा चुने गए अंतिम 12 खिलाड़ियों को 28 और 29 सितंबर को मलेशिया में आयोजित होनेवाली एशिया रग्बी चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 86000 रु./प्रति किलो |





# अलकायदा ने तीन जिलों को बनाया था विध्वंसक मॉडल केंद्र

**डीजीपी ने की पुष्टि**

- रांची बना था केंद्र, चान्हो, लोहरदगा, हजारीबाग को बनाया था उपकेंद्र, बड़ी घटना को अंजाम देने की चल रही थी योजना
- गाड़ियों के पंक्चर बनानेवाले भी टीम में शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। केंद्रीय एजेंसियों ने जिस अलकायदा गिरोह को गिरफ्त में लिया है, उस आतंकी उस मॉड्यूल को तैयार करने में डॉक्टर, शिक्षक और पंक्चर बनाने वाले तक शामिल थे। अलकायदा ने झारखंड के राजधानी समेत तीन जिलों क्रमशः लोहरदगा और हजारीबाग को मॉड्यूल तैयार करने के लिए केंद्र, और उप केंद्र की स्थापना की थी। मिशन को अंजाम देने के लिए अलकायदा



को एक शिक्षित डॉक्टर, शिक्षक और पंक्चर बनाने वाले को शामिल किया था। आखिर मॉडयूल में इनलोगों की भूमिका की जांच एटीएस कर रही है। इधर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि डॉ इश्तियाक झारखंड में आतंकी केंद्र खोलना चाहता था। मेडिका से बर्खास्त डॉक्टर इश्तियाक के यहां से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किया है।

**डॉक्टर को छोड़ सभी गरीब** : अलकायदा से जुड़े लिंक मामले में गिरफ्तार 12 लोगों में सभी झारखंड के हैं। गिरफ्तार आतंकियों में कोई नंबर प्लेट लगाता था तो कोई पंचर बनाने का। जमशेदपुर के मो. इश्तियाक मेडिका अस्पताल में रेडियोलॉजी विभाग में था। हजारीबाग के निजी क्लीनिक की आड़ में ही हजारीबाग में फैजान अहमद को संगठन से जोड़ा। वहीं चान्हो में गिरफ्तार रिजवान बाबर नंबर प्लेट, मतिउर रहमान बिजूपाड़ा चौक में कपड़े की दुकान चलाता था। लोहरदगा का ऑटो चालक अल्ताफ अंसारी गिरफ्तार किया गया। चान्हो से ही गिरफ्तार मुफ्ती रहमतुल्लाह मदरसे में शिक्षक के रूप में था। राजस्थान से पकड़ाये संदिग्ध आतंकियों में लोहरदगा के अल्ताफ अंसारी, रांची के इनामुल अंसारी, शाहबाज अंसारी शामिल हैं। राजस्थान से ही अरशद खान, हसन और उमर फारूक को भी गिरफ्तार किया गया है यह तीनों भी झारखंड के ही रहने वाले हैं।

एटीएस के अनुसार डॉक्टर इश्तियाक अहमद ने ही सबसे पहले रांची के चान्हो थाना क्षेत्र के मदरसा के शिक्षक मुफ्ती रहमतुल्लाह मजहिरी से संपर्क किया और तहरीर के दौरान युवाओं को संगठन से जोड़ने को कहा। मुफ्ती रहमतुल्लाह ने इस काम को किया। अलकायदा के झारखंड मॉड्यूल में पकड़े गए सर्वाधिक आतंकी चान्हो, लोहरदगा, हजारीबाग के ही हैं।

## मुख्यमंत्री हजारीबाग में मंइयां सम्मान योजना के कार्यक्रम में हुए शामिल, कहा

# आधी आबादी की भागीदारी महत्वपूर्ण

**सरकार का संकल्प**

**आने वाली हर पीढ़ी को बेहतर मार्गदर्शन देगी गठबंधन सरकार**

- झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की तकनीकी खामी होगी दूर
- योजना में उत्साह को लेकर पूरे राज्य में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का सीएम ने दिया निर्देश

**हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ की 13 लाख 94 हजार 82 बहन–बेटियों के बैंक खाते में सम्मान राशि हस्तांतरित**





खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/हजारीबाग। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हर घर तक आज राज्य सरकार की कोई ना कोई योजना जरूर पहुंच रही है। श्री सोरेन शनिवार को हजारीबाग में झारखंड मुख्यमंत्री सम्मान योजना के प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कई घर-परिवारों में सरकार की कई योजनाओं का लाभ एक साथ मिल रहा है। हमारा प्रयास राज्य वासियों की आर्थिक सामर्थ्य और समृद्धि बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना को लेकर महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। महज दो सप्ताह में 42 लाख से ज्यादा महिलाओं में इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिये। इस योजना से जुड़ने के लिए महिलायें आगे आ रही हैं। यह योजना अनवरत चलेगी और हर बहन-बेटी को इसके जरिये आर्थिक संबल प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### राज्य वासियों को आर्थिक सुरक्षा देना प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभाव और वंचित समाज के लोगों को आर्थिक सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता है। इसी बात को ध्यान में सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना को लागू की है। इस योजना के तहत बड़े बुजुर्ग, एकल महिला और दिव्यांगों को पेंशन दी जा रही है। किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन को माफ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज मौसम में बदलाव को देखते हुए किसानों को पारंपरिक कृषि के साथ अन्य माध्यमों से भी आय बढ़ाने की दिशा में सरकार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से किसान फलदार वृक्ष लगाकर और मुख्यमंत्री पशुधन योजना से जुड़कर अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्य और देशों में रहने वाले झारखंड के लोगों के हितों का भी सरकार पूरा ख्याल रख रही है। वहां उनके साथ अगर किसी प्रकार की घटना या हादसा होता है तो सरकार हर स्तर पर उनकी सहायता के लिए तत्पर है।

इसी वजह से राज्य सरकार हर उम्र की महिलाओं तथा बहनों बेटियों के लिए योजनाएं लेकर आयी है। एक तरफ यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को पेंशन दी जा रही है। वहीं, बच्चियों को बेहतर शिक्षा के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा गया है। अब झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की उम्र तक की सभी महिलाओं को सम्मान राशि सरकार प्रदान कर रही है।

### युवा वर्ग के लिए खुल चुके हैं सरकारी नौकरी के द्वार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में युवाओं को सरकारी नौकरी देने का दरवाजा खुला हुआ है। इंजीनियर, डॉक्टर, कृषि पदाधिकारी, खेल पदाधिकारी, पशुपालन अधिकारी जैसे हजारों पदों पर बहाली हो चुकी है। सहायक आचार्य, उत्पाद सिपाही और आरक्षी समेत दर्जनों विभागों में खाली पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए 15 लाख तक का शिक्षा लोन सरकार अपनी गारंटी पर दे रही है। हमारा संकल्प आने वाली पीढ़ी को बेहतर मार्गदर्शन देना है। कहा कि उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के 7 जिलों में मंईयां सम्मान योजना के तहत 15 लाख से अधिक के आवेदन की स्वीकृति मिल चुकी है।

### जिस संगठन को खून से सींचा उसने वो सम्मान नहीं दिया : चंपई सोरेन

सरायकेला। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने एक बार फिर दिल का दर्द बयां किया है। सरायकेला में शनिवार को जनसभा में श्री सोरेन ने कहा कि जिस संगठन को अपने खून पसीने से सींचा उस पार्टी ने वो सम्मान नहीं दिया, इसलिए अब नया इतिहास लिखने निकला हूं। उन्होंने कहा कि हमने टाटा जैसी कंपनी से लोहा लिया, जादूगोड़ा माइंस को लेकर आदिवासी-मूलवासियों के हक की लड़ाई लड़ी। अलग झारखंड राज्य के लिए महीनों परिवार की चिंता छोड़ दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ जंगल-जंगल भटकता रहा। झारखंड अलग राज्य मिलने के 24 साल बाद अब नया अध्याय लिखने का अवसर मिला है। कार्यकर्ताओं से कहा कि भरोसा दिलाता हूं कि कभी आपकी आवाज को दबने नहीं दूंगा। पांच महीने के छोटे कार्यकाल में जो काम किया वह शीशे की तरह साफ है। उन्होंने कहा कि अब मुझे यदि आपका साथ इसी तरह मिलता रहा तो झारखंड को विकसित राज्य की श्रेणी में ला खड़ा करूंगा।

**हाई कोर्ट ने सरकार की दो माह की मांग नहीं मानी**

## जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी व एससीपीसी के रिक्त पदों को एक माह में भरे सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने शनिवार को राज्य सरकार को सख्त निर्देश दिया है कि वह जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग (एससीपीसी) के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया एक माह में पूरी करें। रिक्त पदों को भर कर सरकार शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को सूचित करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने मामले के अगली सुनवाई 23 सितंबर निर्धारित की है।

इससे पहले सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से खंडपीठ को बताया गया कि जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी और राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष एवं मेंबर के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। कुछ पदों को भरने के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है और कुछ में स्क्रूटनी का काम भी हो रहा है। रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया पूरी होने में दो माह का समय लग जाएगा। कोर्ट ने दो माह के समय देने के राज्य सरकार के आग्रह को नामंजूर करते हुए रिक्त पदों को प्रक्रिया एक माह में पूरी करने का निर्देश दिया है।

### कोर्ट ने फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदला

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने चाईबासा की निचली अदालत द्वारा चचेरे भाई की हत्या मामले में सालुका हेंब्रम को सुनाई गई फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। खंडपीठ ने कहा कि यह घटना नशे की हालत में की गई थी, जो रेयरेस्ट का रेयर की श्रेणी में नहीं आता है। अपीलकर्ता का कोई आपराधिक इतिहास भी नहीं है और वह समाज के लिए खतरा नहीं है। सालुका हेंब्रम ने चाईबासा की निचली अदालत द्वारा फांसी की सजा सुनाए जाने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

## 'यूनिफाइड पेंशन स्कीम' को मंजूरी, 23 लाख सरकारी कर्मियों को मिलेगा लाभ

**खुशखबरी**

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने नयी पेंशन स्कीम में सुधार की मांग को स्वीकार करते हुए यूनिफाइड पेंशन स्कीम को मंजूरी दी है। डॉ सोमनाथ कमेटी की ओर से दी गयी रिपोर्ट के आधार पर यह फैसला लिया गया। शनिवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम' को स्वीकृति दे कर सरकारी कर्मचारियों को यह बड़ा तोहफा दिया है।

**1 अप्रैल 2025 से प्रभावी** : यूनिफाइड पेंशन स्कीम 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। 23 लाख सरकारी कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। 25 साल नौकरी करने वालों को इस स्कीम का पूरा लाभ मिलेगी। नौकरी के अंतिम 12 महीने में मिली बेसिक का 50 फीसदी पेंशन मिलेगी। 10 साल की नौकरी करने वाले को 10 हजार



का लाभ मिलेगा। फैमिली पेंशन 60 फीसदी दी जाएगी। कर्मचारी की मौत होती है तो उनके आश्रित को अंतिम पेंशन का 60 फीसदी मिलेगा। एनपीएस और यूपीएस दोनों में एक चुनने का विकल्प होगा। जो पहले से एनपीएस चुन चुके हैं उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा। राज्य सरकार भी इसी मॉडल को लागू कर सकेगी। कर्मचारियों को अलग से अंशदान नहीं करना होगा। इसका 18 फीसदी हिस्सा केंद्र सरकार वहन करेगी। कर्मचारी का योगदान एनपीएस की ही तरह दस प्रतिशत रहेगा। सरकारी कर्मचारियों को महंगाई इंडेक्सेशन का लाभ मिलेगा।

### अंशदान की जरूरत नहीं

कम से कम 25 साल तक नौकरी करने वाले को रिटायरमेंट से पहले पिछले 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का 50 फीसदी पेंशन के रूप में दिया जायेगा। इस पेंशन के हकदार वही होंगे जो कम से कम 10 साल नौकरी करेंगे। 10 साल की नौकरी के बाद अगर कोई नौकरी छोड़ता है तो उसे कम से कम 10 हजार रुपये पेंशन के तौर पर मिलेंगे। कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसकी पेंशन की 60 फीसदी रकम परिवार को मिलेगी। रिटायर होने पर ग्रेच्युटी के अलावा एकमुश्त भुगतान भी किया जायेगा। महंगाई इंडेक्सेशन का लाभ भी मिलेगा। कर्मचारियों को अंशदान करने की जरूरत नहीं होगी। सरकार अपनी तरफ से कर्मचारी की बेसिक सैलरी का 18.5 फीसदी वहन करेगी। हर छह महीने की सेवा के बदले मासिक वेतन (वेतन + डीए) का दसवां हिस्सा जुड़ कर रिटायरमेंट पर मिलेगा।

## महिला पुलिस भी बनेंगी थाना इंचार्ज सरकार बनायेगी नियम : हेमंत सोरेन

**महिला पुलिस सम्मेलन 2024 का समापन**

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पुलिस थानों में महिला पुलिस पदाधिकारी भी थाना इंचार्ज बन सकें, इसके लिए राज्य सरकार शीघ्र नियम बनाएगी। निश्चित रूप से थानों में वरीय पदाधिकारी के रूप में महिला पुलिस जिम्मेदारी संभाले, ऐसी व्यवस्था बनाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में राज्य स्तरीय पुरुष पुलिस सम्मेलन का आयोजन हो इसका भी कैलेंडर बनाएं। मुख्यमंत्री शनिवार को रांची में राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन 2024 के समापन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के वरीय अधिकारी पुलिसिंग व्यवस्था सिस्टम के जड़ तक पहुंचकर उसे मजबूत करें। श्री सोरेन ने कहा कि हमारे राज्य के पुलिसकर्मी क्षमतावान हैं फिर भी कुछ वादों का अनुसंधान इनकम टैक्स, ईडी, सीबीआई इत्यादि को सौंप दिया जाता है आखिर ऐसा क्यों? इन विषयों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। श्री सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार हर विभाग में सकारात्मक बदलाव के साथ आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी भी महिला और पुरुष के बीच कुछ फासले हैं जिसे पाटने की जरूरत है। कार्यपालिका और समाज के अंदर महिला पुलिस की भूमिका अहम रहती है। कई संवेदनशील मामलों पर राज्य में कार्यरत महिला पुलिस कर्मियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। अक्सर राज्य की पुलिस पर कई सवाल खड़ा होते हैं। कई सवाल गलत तो कई सवाल सही भी हो सकते हैं, यह मूल्यांकन का विषय है, इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंदर बेहतर कार्यशैली का परिचय देते हुए रूढ़िवादी मानसिकता में बदलाव लाया जा सकता है।

पेज 2 भी देखें...

## छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित राज्यों की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा

# 2026 तक देश से खत्म करेंगे नक्सलवाद

**नक्सलवाद पर प्रहार**

- एनआइए की तर्ज पर एसआइए लाने की घोषणा
- तेंदूपत्ते की खरीदी में होगा अमूलचूल परिवर्तन





एजेंसी

रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वामपंथ और नक्सलवाद से निपटने के लिए निर्मम राजनीति के साथ-साथ अंतिम प्रहार करने का समय आ गया है। नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक हमले के लिए मजबूत रणनीति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से सफाया करके रहेंगे। उन्होंने एनआइए की तर्ज पर एसआइए लाने का भी ऐलान किया। श्री शाह शनिवार को नक्सल प्रभावित राज्यों की अंतर राज्यीय समन्वय समिति की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। इधर बैठक में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास को लेकर भी समीक्षा की गयी। श्री शाह ने कहा कि तेंदूपत्ता की खरीदी में हम अमूलचूल परिवर्तन भी करेंगे। श्री शाह अभी छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे पर हैं।

बैठक में सीएम विष्णु देव साय, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के अलावा झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्यप्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक, केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**हमारी लड़ाई अंतिम चरण में** : केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पहले 10 वर्षों में नक्सली गतिविधियों में 6617 सुरक्षाकर्मी और नागरिक मारे गये और अब इसमें 70 प्रतिशत की कमी आयी है। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा, वामपंथ और नक्सलवाद से निपटने के लिए निर्मम राजनीति के साथ–साथ अंतिम प्रहार करने का समय आ गया है। नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक हमले के लिए मजबूत रणनीति की जरूरत है।

**संयुक्त टास्क फोर्स के अच्छे नतीजे** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, कहीं 3 राज्यों का तो कहीं 2 राज्यों का संयुक्त टास्क फोर्स बनाया गया है। संयुक्त टास्क फोर्स के हमें बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं। जहां जैसा जंक्शन है वह बनाया गया है, सूचनाओं के आदान–प्रदान का खाका मजबूत किया गया है। केंद्र की एजेंसियां सभी राज्यों के बीच समन्वय के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, प्रभावित इलाकों में परियोजनाओं की प्रगति हो और ऐसी परियोजनाओं के दौरान आने वाली चुनौतियों को दूर किया जा सके।

**उग्रवाद के कारण निरक्षर लोगों को साक्षर बनायेंगे** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, बैठक में छत्तीसगढ़ के सीएम ने कुछ फैसले भी लिये हैं, जो लोग वामपंथी उग्रवाद के लंबे समय के प्रभाव के कारण निरक्षर रहे हैं चाहे उनकी उनकी उम्र कुछ भी हो, उन्हें साक्षर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार और भारत सरकार का गृह मंत्रालय एक अभियान चलायेगा। तेंदूपत्ता की खरीदी में हम अमूलचूल परिवर्तन भी करेंगे।

## आज कई जिलों में भारी बारिश का अनुमान, येलो अलर्ट जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड में मॉनसून सक्रिय है। बीते दो दिनों से रांची के भी कई इलाकों में रूक-रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि रविवार को कोल्हान समेत संताल परगना के भी कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान वज्रपात की भी संभावना है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**किन–किन इलाकों में हो सकती है बारिश** : रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रविवार को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, गिरिडीह देवघर, दुमका, गढ़वा, पलामू और लातेहार में भारी बारिश की संभावना है। विभाग ने यह भी कहा कि अगले पांच दिनों तक अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव



की कोई संभावना नहीं है। इस साल अच्छी बारिश हुई है, इसलिए सुखाड़ जैसे हालात नहीं हैं।

**किस जिले में हुई है अब तक सबसे अधिक बारिश** : रांची के मौसम विज्ञान केंद्र की आंकड़ों को मानें तो झारखंड में 1 जून से 23 अगस्त तक 661.7 मिमी वर्षा हुई है। सबसे अधिक वर्षा हजारीबाग में 601.5 मिमी हुई है। पश्चिमी सिंहभूम में 560.6, चतरा में 470.8, देवघर में 453.8, गोड्डा में 497.2, पाकुड़ में 587.2 मिमी बारिश हुई है। अब तक राज्य में निर्धारित लक्ष्य का 82 फीसदी धानरोपनी का काम हो चुका है।

# चंपई को प्रदीप बलमुचू की सलाह, 10 बार सोचने के बाद ही लें कोई बड़ा फैसला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोल्हान के दिग्गज कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने पार्टी छोड़ने के अपने अनुभव के आधार पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को सलाह दी है कि कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले 10 बार सोचकर फैसला लेने की सलाह दी है। ज्ञात हो कि प्रदीप बलमुचू कभी खुद कांग्रेस छोड़कर कुछ दिनों के लिए आजसू पार्टी का दामन थाम चुके है।





झारखंड कांग्रेस के सबसे अधिक दिनों तक प्रदेश अध्यक्ष रहे पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने चम्पाई सोरेन को कोल्हान के अच्छे नेताओं में से एक बताते हुए कहा कि उनकी नाराजगी की वजहें मीडिया में आ चुकी है, उस पर ज्यादा चर्चा करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर वह झारखंड मुक्ति मोर्चा से हटकर अपनी पार्टी बनाते हैं या किसी अन्य दल में शामिल होते हैं तो उन्हें इसका नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रदीप बलमुचू ने कहा कि उन्हें लगता है कि यह उनके राजनीतिक जीवन की भारी भूल होगी। ऐसे में उनसे निवेदन यही है कि कोई भी फैसला लेने से पहले वह दस बार सोचें। ऐसा न हो कि कदम बढ़ाकर बीच मे फंस जाएं।

**ठंडे दिमाग से सोचेंगे तो निश्चित रूप से कोई अच्छा रास्ता नजर आएगा :** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि चंपाई सोरेन अगर ठंडे दिमाग से सोचेंगे तो निश्चित रूप से उन्हें बेहतर रास्ते नजर आएंगे।

उन्होंने कहा कि जिस दल में आपका एडजस्टमेंट नहीं हो सकता वहां आप बहुत दिन नहीं रह सकते। यह सर्वमान्य बात है उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन के विचार और उनके आंदोलन की पृष्ठभूमि यह बताती है कि वह भाजपा में सूटेबल नहीं होंगे।

## 2019 में खुद कांग्रेस छोड़ आजसू में शामिल हो गए थे प्रदीप बलमुचू

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और हेमंत सरकार में जल संसाधन मंत्री चंपई सोरेन को प्रदीप बलमुचू की सलाह इसलिए भी काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि कुछ वजहों से नाराज होकर प्रदीप बलमुचू भी 2019 में कांग्रेस छोड़ सुदेश महतो की आजसू पार्टी में शामिल हो गए थे। परंतु वहां उनका मन नहीं रमा और न ही वह खुद को आजसू में एडजस्टमेंट कर पाए। 2022 में उन्होंने कांग्रेस में घर वापसी की। इस दौरान उन्होंने झारखंड की राजनीति में बहुत कुछ खोया। यह सही है कि धीरे-धीरे वह फिर से कांग्रेस में जमने और रमने लगे हैं, लेकिन एक तपाए और सबसे लंबे दिनों तक प्रदेश कांग्रेस की बागडोर संभालने वाले प्रदीप बलमुचू के राजनीतिक जीवन में यह दाग तो लग ही गया कि उन्होंने भी संकट के समय में कांग्रेस को छोड़ दिया था। यही वजह है कि प्रदीप बालमुचू अपने राजनीतिक मित्र चंपाई सोरेन को कोई भी फैसला काफी सोच समझ कर लेने की सलाह दे रहे हैं, क्योंकि उन्होंने देखा है कि संगठन छोड़ने के बाद कोल्हान की राजनीति में फायदा कम नुकसान अधिक होता हैं।

# हिमंता बिस्वा सरमा आज आयेंगे नामकूम में सुनेंगे मन की बात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा रविवार की सुबह रांची पधार रहे हैं। श्री सरमा रांची के नामकूम में पीएम मन की बात सुनेंगे। वह नामकुम प्रखंड के हुआंग हातु पंचायत के बूथ संख्या 261 में मन की बात सुनेंगे। जबकि, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ क्षेत्र में सुनेंगे। इसके लिये पार्टी की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। प्रदेश के सभी बूथ क्षेत्रों में इस कार्यक्रम को सुनने को लेकर पार्टी के सभी नेता और कार्यकताओं की कई बैठक हो चुकी है। इस कार्यक्रम को बाबूलाल मरांडी गिरिडीह के तिसरी प्रखंड स्थित कोदाईबांग में बूथ कार्यकताओं के साथ इस कार्यक्रम को सुनेगें। वहीं, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी अपने विधानसभा चंदनक्यारी के बूथ संख्या 119 क्षेत्र में, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहु, डा प्रदीप वर्मा रांची ज़िला के ही बूथ क्षेत्र में मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगें।

### रांची के बीजुपाड़ा से सैकड़ों महिलायें लाइव जुड़ेंगीं प्रधानमंत्री के मन की बात से

रांची के बिजुपाड़ा स्थित स्मार्ट बेंकेट हॉल में स्वयं सहायता समूह के सैकड़ों महिलायें लाइव प्रसारण के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम से जुड़ेंगी। इसके अलावे पार्टी के सभी प्रदेश पदाधिकारी, सासंद और विधायक भी आदि अपने-अपने बूथ क्षेत्र में कल मन की बात कार्यक्रम आम जनता एवं पार्टी कार्यकताओं के साथ सुनेंगे। यह जानकारी मन की बात कार्यक्रम के प्रदेश सह संयोजक कुमार अमित ने दी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले के दोषी करार नगड़ी निवासी मार्टिन तिर्की को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर अतिरिक्त छह महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने उसे 21 अगस्त को उक्त आरोप में दोषी पाया था। अभियुक्त पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था। घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने नगड़ी थाना में 2019 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अदालत में सुनवाई के दौरान पीड़िता, उसकी मां, डॉक्टर, जांच अधिकारी समेत 8 गवाहों को अभियोजन की ओर से प्रस्तुत किया गया था। यह गवाही 8 जुलाई 2022 को पूरी हो चुकी थी। इसके बाद अभियुक्त ने अपने बचाव में गवाह प्रस्तुत करने के लिये 14 तारीख ली गई। लेकिन, गवाह प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

### महिला पुलिस सम्मेलन हर छह माह में हो तो अच्छा : मुक्यमंत्री

# पुलिस में महिलाओं की संख्या बढ़े

**सम्मेलन में बोले सीएम**

महिला पुलिस की संख्या बढ़ाने में सरकार पूरी मदद देगी।

मेरा मानना है कि पीड़िता की शिकायत महिला पुलिसकर्मी ही लिखे।

गर्ल्स हास्टल व महिला समूहों से भी ये संपर्क में रहे।



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डोरंडा स्थित जैप 1 के शौर्य सभागार में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में पहली बार महिला पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। मुझे बताया गया है कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में महिला पुलिस के सशक्तिकरण को लेकर कई सुझाव आये हैं। सुझावों पर गंभीरता से काम किया जायेगा। राज्य में पुलिस महकमे के सुदृढ़ीकरण को लेकर पूर्व में भी विभिन्न कार्ययोजनाओं को धरातल पर उतारा गया। मुझे यह भी बताया गया है कि झारखंड पुलिस द्वारा ऐसा आयोजन हर साल किया जायेगा, जबकि मेरा मानना है कि ऐसे सम्मेलन का आयोजन हर छह महीने में होना चाहिए।

**महिलाएं, पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं :** महिला पुलिस या महिला समूह की समाज में बहुत बड़ी भूमिका होती है। आज महिलाएं, पुरूषों के साथ कई क्षेत्रों में कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। पुलिस की जिम्मेदारी भी अत्यंत संवेदनशील होती है। पुलिस को अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक और न्यायपूर्वक निर्वहन करना होता है। सीएम ने कहा, मेरा मानना है कि कभी कोई महिला उत्पीड़न की शिकायत को लेकर थाने पहुंचती है तो केस डायरी महिला पुलिस ही लिखे। इससे पीड़िता खुल कर अपनी बाते रख सकेगी। महिला पुलिस का विभिन्न महिला हॉस्टल्स या समूहों से भी लगातार संपर्क होना चाहिए, जिससे वे लोग अपनी बातें बेझिझक साझा कर सकें। हमारी पुलिस में महिला समूह ऐसे आगे बढ़े कि जहां आपकी संख्या 5-6% है, वो 50% तक पहुंच जाये। इसमें सरकार से जो मदद चाहिए होगी वह उपलब्ध होगी। हमलोगों की अगर नींव मजबूत होगी तभी हम आगे बढ़ पायेंगे। झारखंड पुलिस सशक्त होकर आगे बढ़े, यही हमारी सोच है।

## पहली बार सेल के साथ राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की समीक्षात्मक बैठक



**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की समीक्षात्मक बैठक अनुसूचित जनजातियों की 'सेवा-सुरक्षा' हेतू स्टील एथोरिटी ऑफ इंडिया के अनुसूचित जनजाति वर्ग के साथ शनिवार को की गयी। बैठक में यूनिटों से आये हुए प्रतिनिधि सदस्यों ने अपने-अपने यूनिटों के अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित मुद्दों को रखा। इस बैठक में भिलाई इस्पात संयंत्र से प्रदीप टोप्पो, बोकारो इस्पात संयंत्र से काली मांझी, प्रवीण कुमार किस्कू, बिलसन कोंनगाड़ी , सुनील किस्कू, दुगार्पुर इस्पात संयंत्र से दुर्गा दास टुडू , राऊरकेला इस्पात संयंत्र से मानसिंग हेम्बरोम,सागर मुण्डा, संतोष कुमार सोरेन , फगुवा कुजूर शामिल हुए।

# लोजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक आज

### चिराग की मौजूदगी में विस चुनाव की बनेगी रणनीति : प्रधान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एनडीए के मजबूत घटक दल में से एक लोजपा ने साफ शब्दों में कहा है कि झारखंड में उसके बगैर कोई भी सत्ता पर काबिज नहीं हो सकता है। प्रदेश लोजपा अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान का यह बयान पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक से ठीक पहले आया है, जो सियासी दृष्टिकोण से खास माना जा रहा है। दरअसल, 25 अगस्त को होनेवाली लोजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक की जानकारी देते हुए एनडीए के अंदर सीटों के तालमेल को लेकर चल रहे खींचतान पर उन्होंने मीडिया से बातचीत में यह बातें कही।

**सीटों पर कार्यकारिणी की बैठक में होगी चर्चा**

प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान ने कहा कि 2014 में एनडीए फोल्डर में लोजपा को एक सीट पर चुनाव लड़ने का अवसर मिला था, लेकिन इस बार हम और मजबूत हुए हैं। ऐसे में एक दर्जन से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की ताकत रखते हैं। प्रदेश के द्वारा राष्ट्रीय नेतृत्व को सीटों के बारे में लिखित रिपोर्ट भेजी गई है और इसपर लोजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में चर्चा होगी।

**लोजपा राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक आज :** झारखंड में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार 25 अगस्त को लोजपा ने रांची में लोजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक बुलाई है। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन से लेकर झारखंड विधानसभा चुनाव पर चर्चा होगी। राजधानी के रेडिशन ब्लू होटल में सुबह 11:00 बजे से होनेवाली इस बैठक में राजनीतिक प्रस्तावों के साथ-साथ विधानसभा चुनाव पर रणनीति बनायी जाएगी।

**बैठक में देश के 85 डेलीगेट्स होंगे शामिल :** राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में झारखंड से दो नामों को समाहित करने का प्रस्ताव दिया जाएगा। वर्तमान में झारखंड से एकमात्र नाम प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान का है। लोजपा प्रदेश अध्यक्ष बीरेन्द्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में देशभर से 85 डेलीगेट्स शामिल होंगे। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान सहित पांचों सांसद और विधायक शामिल होंगे।

**चिराग पासवान प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देंगे जानकारी :** बीरेन्द्र प्रधान ने कहा कि कार्यसमिति की बैठक के बाद अभिनंदन समारोह का भी आयोजन होगा। समारोह रविवार को कार्निवल में दोपहर 2 बजे से आयोजित होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान कार्निवल में ही दिल्ली लौटने से पहले प्रेस को संबोधित करेंगे और राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में पार्टी द्वारा लिए गए निर्णय की जानकारी देंगे।

# पाकुड़ में लोगों को पीने का पानी नहीं मिला तो पेयजल सचिव को कोर्ट के समक्ष होना होगा हाजिर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार की इस बात के लिए आलोचना की कि वह राज्य के पाकुड़ जिले के निवासियों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं करा पा रही है। दरअसल पाकुड़ जिले के रहने वाले मुकुल भटाचार्य ने हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है। अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि पाकुड़ नगर परिषद के वार्ड संख्या 1 से 6 के निवासियों को पीने का साफ पानी नहीं मिल रहा है। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच ने राज्य सरकार को प्रभावित क्षेत्रों में जलापूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश देते हुए मौखिक रूप से कहा कि अगर उक्त इलाके के लोगों को पीने का स्वच्छ पानी मुहैया नहीं कराया गया तो अगली सुनवाई के दौरान अदालत पेयजल एवं स्वछता विभाग के सचिव को तलब कर सकता है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद और अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने अदालत को बताया कि पेयजल विभाग जलापूर्ति का प्रबंधन कर रहा है और पानी की कमी को दूर करने के लिए अब विभिन्न वार्डों में गहरे बोरवेल लगाये गये हैं। इसके साथ ही उन्होंने अदालत को यह भी आश्वस्त किया कि जल आपूर्ति की स्थिति का आकलन करने के बाद अतिरिक्त बोरवेल लगाये जायेंगे। लॉन्ग टर्म प्लान के लिए फरक्का बांध से पानी के बंटवारे के बारे में पश्चिम बंगाल सरकार के साथ चर्चा लगभग पूरी हो चुकी है और निर्णय आने के बाद पाकुड़ में पानी की समस्या खत्म हो जायेगी। राज्य सरकार की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने राज्य को जल बंटवारे और उठाये गये अन्य कदमों पर बंगाल सरकार के साथ चर्चा की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ एक हलफनामा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### हेमंत की याचिका पर हाइकोर्ट में अब 30 को सुनवाई

रांची। ईडी(प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा दर्ज शिकायत वाद (कंप्लेन केस) पर रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम (मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी) द्वारा लिये गये संज्ञान और समन जारी करने के आदेश के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। झारखंड हाईकोर्ट इस मामले में अब 30 अगस्त को सुनवाई करेगा। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच में हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई हो रही है। यह मामला शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था, लेकिन समयाभाव के कारण इस मामले की सुनवाई नहीं हो सकी।

### एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में रक्षा राज्य मंत्री का निर्देश

# एयरपोर्ट के सीएसआर का पैसा विस्थापित गांव के लिए करें खर्च



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट की सलाहकार समिति की बैठक केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सभी नव मनोनीत सदस्य, एयरपोर्ट के निदेशक व अन्य अधिकारी मौजूद थे। एयरपोर्ट निर्देशक आरआर मौर्य ने सभी नव मनोनीत सदस्यों का अभिनंदन किया। बैठक में रक्षा राज्य मंत्री ने एयरपोर्ट प्रबंधन को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि यहां से आवागमन करने वाले किसी भी यात्री को किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं हो, यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही एयरपोर्ट के सीएसआर की राशि को विस्थापित गांव के लिये खर्च करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह चिंतन एयरपोर्ट प्रबंधन को करना चाहिये कि हमने जिन ग्रामीणों की जमीन ली है। वहां के शैक्षिक, स्वास्थ्य, स्वरोजगार जैसे विषय के लिए काम करें। एयरपोर्ट के विकास व विस्तार से जुड़े बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में यह बताया गया कि रांची से दिल्ली, पुणे, चेन्नई, बैंगलोर के लिये हवाई जहाजों की संख्या बढ़ाने पर सकारात्मक पहल हो चुकी है। बहुत जल्द इन क्षेत्रों के लिये जहाज की संख्या भी बढ़ेगी।

### रायपुर, जयपुर, गुवाहाटी के लिए नई हवाई यात्रा का भेजें प्रस्ताव

इसके अतिरिक्त रांची से जयपुर, रायपुर और गुवाहटी के लिये हवाई यात्रा आरंभ करने के लिये प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। पार्किंग को लेकर बार-बार आ रही समस्या के समाधान के लिये एयरपोर्ट पर पुरानी पार्किंग व्यवस्था लागू करने का भी निर्देश दिया।

इसके अलावे यहां आने वाले वीआईपी के मीडिया संवाद के लिये मीडिया कॉर्नर बनाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट के विकास से संबंधित कार्य योजना तैयार करनी चाहिये। रांची एयरपोर्ट राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय मानकों पर पूरी तरह से खरा उतरे। बैठक में प्रमुख रूप से एयरपोर्ट निर्देशक आरआर मौर्या, सलाहकार समिति के सदस्य अजय मारू, चंद्रकांत रायपत सहित कई लोग मौजूद थे।

# मनरेगा योजना में गड़बड़ियां रोकने के लिए ग्रामीण विकास विभाग ने तैयार की गाइडलाइन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मनरेगा योजना में गड़बड़ियों को रोकने के लिए ग्रामीण विकास विभाग ने गाइड लाइन तैयार की है.। साथ ही तय गाइड लाइन के हिसाब से जिलों से रिपोर्ट मांगी है। ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह ने सभी जिला के उपायुक्तों को पत्र लिख कर गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। गाईडलाइन के अनुसार जॉब कार्ड, काम की मांग का पंजीयन नहीं होना, योजना के चयन और क्रियान्वयन में गड़बड़ी करना, काम के स्थान पर सुविधा न होना, मजदूरी और सामग्री खरीद में की जाने वाले गड़बड़ी, काम के स्थान पर दुर्घटना के बाद मजदूरों को मुआवजा देने में देरी, शिकायत निपटारे में देरी जैसे मामले के जिम्मेवारों पर जुमार्ने की राशि तय किया गया है।



**जॉब कार्ड के लिए पैसे मांगने पर बीडीओ पर भी होगी कार्रवाई :** जॉब कार्ड को लेकर अक्सर यह शिकायत मिलती है कि इसे जारी करने के लिए पैसे की मांग की जाती है। अगर इस तरह के आरोप सत्य पाये जाएंगे तो रोजगार सेवक से लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) तक पर कार्रवाई होगी। जॉब कार्ड को लेकर होने वाली अनियमितता को लेकर रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया, तकनीकी सहायक, बीपीओ वीडियो, कंप्यूटर ऑपरेटर को दोषी माना जायेगा। किसी मजदूर से जॉब कार्ड के लिए पैसा मांगने, फोटो के लिए पेसा मांगने, मजदूर का जॉब कार्ड काम करने वाले एजेंसी के पास होने पर पदाधिकारी, कर्मचारियों पर प्रति जॉब कार्ड 500 रुपया जुमार्ने की राशि वसूलने का निर्देश दिया गया है।

वहीं मृत मजदूर के नाम पर सरकारी राशि निकाले जाने पर दोषी व्यक्ति कर्मियों, पदाधिकारी से प्रति जॉब कार्ड कार्ड 1000 जुमार्ना और निकासी की गयी पूरी राशि वसूल करने को कहा गया है। इसके लिए रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर , बीपीओ और प्रखंड विकास पदाधिकारी को दोषी माना गया है।

## गड़बड़ी करने पर लगेगा आर्थिक जुमार्ना

गाईडलाइन के मुताबिक किसी योजना के क्रियान्वयन में गड़बड़ी करने के मामले में रोजगार सेवक, पंचायत सचिव और मुखिया से जुमार्ना वसूला जायेगा। योजना की स्वीकृति के लिए लाभुकों से रिश्वत लेने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ-साथ प्रति योजना 1000 रुपये वसूला जायेगा। आयोग्य लाभुको के नाम योजना की स्वीकृती के लिए पंचायत सेवक दोषी माने जाएंगे। बिना काम किये राशि की निकासी करने के मामले में रोजगार सेवक से योजना राशि का 10%, पंचायत सचिव और मुखिया से योजना राशि का 20%, तकनीकी सहायक से 20% प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी से 20% और प्रखंड विकास पदाधिकारी से 20% की वसूली की जायेगी।

## बिना मापी योजना राशि का भुगतान करने पर राशि की वसूली की जायेगी

दूसरे व्यक्ति की जमीन पर योजना के क्रियान्वयन के मामलों में रोजगार सेवक से योजना राशि का 20% पंचायत सचिव और मुखिया से 20-20 %तकनीकी सहायक से 30% और मेट से 10% वसूला जायेगा। बिना मापी के योजना राशि का भुगतान करने पर मुखिया और पंचायत सचिव से योजना राशि की वसूली की जायेगी। योजना पूरा हुए बिना काम बंद कर दिये जाने के मामले में कंप्यूटर ऑपरेटर से जुमार्ना वसूला जायेगा।

# आजाद समाज पार्टी (का0) के प्रदेश सचिव बने परवेज शहजाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारी में सभी सियासी पार्टी लग गए है। आजाद समाज पार्टी (का० ) ने रांची के रहने वाले समाजसेवी परवेज शहजाद को प्रदेश सचिव सह रांची जिला प्रभारी मनोनीत किया गया है। इससे पहले भी परवेज शहजाद राजनीतिक पार्टी में बड़े पदों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। आजाद समाज पार्टी(का० ) के राष्टीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर और प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा के अनुशंसा पर प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। सचिव मनोनीत होने पर परवेज शहजाद ने कहा की हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा और पार्टी के सभी लिडरो का शुक्रिया अदा करते हैं। पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है, उस पर में खरा उतरने का काम करूंगा। प्रदेश सचिव बनाए जाने पर सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकील उर रहमान, मरहबा मून सोसाइटी के महासचिव सैयद नेहाल अहमद, जमीयतुल इराकीन के महासचिव सैफुल हक, पत्रकार आदिल रशीद समेत दर्जनों संस्था के लोगो ने मुबारकबाद दी है।

सुप्रभात

रविवार 25.08.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 126

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



## विधानसभा चुनाव से पहले ही महागठबंधन में दरार के मिल रहे संकेत

# राजद ने जिले की सभी छह सीटों पर प्रत्याशी उतारने का लिया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** विधानसभा चुनाव को लेकर पार्यिां अभी से ताल ठोंक रही हैं। सभी दल अपना दमखम दिखाने की जुगत भिड़ा रहे हैं। शनिवार को बसंत विहार कॉलोनी स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय जनता दल की बैठक से भी इस तरह के संकेत मिले हैं। बैठक में सर्व सम्मति से जिले की सभी छह विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया।

प्रांतीय राजद विशेष समिति के संयोजक गिरधारी गोप ने कहा कि राज्य में महागठबंधन धर्म का पालन नही हो रहा है। इससे सभी आहत हैं। राजद के लोग चाहते हैं कि पार्टी सभी छह विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़े। इन्हीं मुद्दों को लेकर आज विशेष समिति बैठक बुलाई गई है। पार्टी की संगठनात्मक स्थिति क्या है, किन किन सीटों पर राजद मजबूती के साथ लड़ सकती है, जिले के कौन सी ज्वलंत समस्याएं हैं, जिसे पार्टी मेनोफेस्टो में ला सकती है। इन विषयों पर सभी के साथ विचार विमर्श किया गया है।

जिला अध्यक्ष तारकेश्वर यादव ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आदेश मिला तो जिले की सभी सीटों पर मजबूती के साथ चुनाव लड़ा जाएगा। महागठबंधन से समझौता होने पर राजद धनबाद, झरिया, बाघमारा और टुंडी में अपना उम्मीदवार देगा। बैठक में प्रांतीय राजद विशेष समिति संयोजक मो आबिद अली, प्रदेश प्रभारी मंजू साहू, मनोज कुमार के अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम प्रसाद यादव, महानगर अध्यक्ष मुमताज कुरैशी, हातिम अंसारी आदि मौजूद थे।

# हेमंत सरकार में ठगा महसूस कर रहे हैं बेरोजगार युवा : तरुण गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



**जामताड़ा।** हेमंत बाबू ने 5 लाख बेरोजगारों को नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया और तोड़ भी दिया। शनिवार को आजसू पार्टी नारायणपुर प्रखंड की ओर से जिन बेरोजगारों को हेमंत सोरेन ने ठगा है, उनसे नौकरी के लिए आवेदन मांगने का कार्य शुरू कर रही है। पार्टी उन आवेदनों को हेमंत सोरेन के दरवाजे तक पहुंचाएगी।

कार्यक्रम का संचालन पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष निमाई चंद सेन ने किया एवं अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश कुमार महतो ने की। इस अवसर पर युवा प्रदेश संयोजक अब्दुल रजाक मौजूद थे।

पार्टी के केंद्रीय महासचिव तरुण गुप्ता ने कहा कि चुनाव जीतने से पहले अपनी हर सभा में हेमंत सोरेन ने बेरोजगारों को 5 लाख नौकरी या बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। लेकिन 5 साल बाद भी बेरोजगार लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। आज बेरोजगार और शिक्षित नौजवान पुलिस की लाठियां खा रहे हैं। अपने हक और अधिकार की मांग करने पर बेरोजगारों को पीटा जा रहा है। ऐसे शिक्षित बेरोजगार नौजवानों का आवेदन आजसू पार्टी हेमंत सोरेन के दरवाजे तक रांची पहुंचाएगी। आज इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मौके पर सुखदेव भंडारी, सुखदेव रवानी, बम शंकर दुबे, महेंद्र पंडित, जितेंद्र मंडल, इमामुद्दीन अंसारी, सलाउद्दीन अंसारी, नंदन साह, पहलू मंडल, कार्तिक दत्ता, निरंजन यादव, बाबूजन मरांडी, पिंटू यादव, सविता देवी, रामकिशोर हांसदा, होपना बास्की, कौशल पंडित, राजेंद्र साह, आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सांसद ढुल्लू महतो नहीं हुए हाजिर

**धनबाद।** किरण महतो के हाइवा व टीपर लूट और डोमन महतो पर जानलेवा हमला के मुकदमे की सुनवाई शनिवार को अदालत में हुई। ढुल्लू महतो हाजिर नहीं थे। मामले के सूचक डोमन महतो का आज प्रति परीक्षण पूरा हो गया। धनबाद के एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश डी सी अवस्थी की अदालत ने दोनों मामलों में अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है।

### शतरंज प्रतियोगिता में विशांत सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**गोविंदपुर।** आरएसपी महाविद्यालय, बेलगड़िया में अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता हुई, जिसमें आरएस मोर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विशांत प्रताप सिंह ने शतरंज टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब अपने नाम दर्ज किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण सिंह ने विशांत को बधाई दी। उन्होंने कहा कि टीम मैनेजर प्रो प्रकाश प्रसाद एवं डॉ अमित प्रसाद चेस प्लेयर तैयार करने में कई दिनों तक लगातार प्रयासरत रहे। इसी का परिणाम है कि विशांत बेस्ट प्लेयर के रूप में चुने गए। इस उपलब्धि पर कॉलेज परिवार ने हर्ष जताया है।

### अरूप चटर्जी की अपील पर हुई सुनवाई

**धनबाद।** रेल परिचालन बाधित करने के जुर्म में छह माह की सजा एवं दो हजार रुपये जुर्माना के विरुद्ध निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी समेत 10 लोगों द्वारा दायर अपील पर सत्र न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को बहस का निर्देश दिया है। 21 दिसंबर 20 को रेलवे के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी गौरव खुराना की अदालत ने पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, मुहिज खान, राजू खान, शिव कुमार भगत, शंकर प्रसाद सिंह, शेरू खान, अनुपम मजूमदार, बादल चंद्र बाउरी, शांतू चटर्जी उर्फ दीपक चटर्जी, मुन्ना यादव को छह माह की कैद एवं 2000 जुर्माना से दंडित किया था।

# आईएसएम यूनिट दो के मुख्य द्वार पर गेट लगाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

## प्रबंधन ने रास्ता छोड़ने का दिया आश्वासन, समझाने-बुझाने के बाद लोग हुए शांत

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** मैथन स्थित आईआईटी-आईएसएम यूनिट दो के मुख्य द्वार पर शनिवार को पूर्वाह्न साढ़े दस बजे प्रबंधन द्वारा गेट लगाये जाने का स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध किया और काम रोक दिया। ग्रामीणों का कहना था कि आईएसएम प्रबंधन पहले आने-जाने के लिए रास्ता छोड़े। इसके बाद गेट लगाये और निर्माण कार्य शुरू करे। ग्रामीणों के समर्थन में भाजपा और जिप सदस्य गुलाम कुरैशी भी पहुंच गए तथा रास्ते की मांग की। लोगों ने कहा कि रास्ते के लिए उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन दिया गया है, लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया है। लोगों का कहना है कि वे विकास या आईआईटी-आईएसएम के निर्माण कार्य के विरोधी नहीं हैं। लेकिन आम जनों के हित की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

ग्रामीणों ने कहा कि जबतक रास्ता का कोई समाधान नहीं होता है, तबतक गेट नहीं लगाने दिया जाएगा। सूचना मिलते ही मैथन पुलिस भी पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। परंतु किसी ने नहीं सुनी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोबाइल से विधायक अपर्णा सेनगुप्ता को जानकारी दी और आईएसएम के अधिकारियों से बात कराई। विधायक ने भी अधिकारियों को कहा कि ग्रामीणों को रास्ता दिये बिना काम नहीं हो सकता है। इस पर आईएसएम, धनबाद के मुख्य सुरक्षा पदाधिकारी ने विधायक को आश्वस्त किया कि रास्ता दिया जाएगा। फिलहाल गेट लगाने दिया जाए। गेट ग्रामीणों के आने जाने के लिए खोलकर रखा जाएगा। जिप सदस्य गुलाम कुरैशी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान किये बिना कोई काम नहीं होगा। ग्रामीणों का हित सर्वोपरि है। आईएसएम प्रबंधन द्वारा काफी समझाने-बूझाने और यह विश्वास दिलाने के बाद कि रास्ता छोड़ा जाएगा। कहा गया कि फिलहाल गेट का एक हिस्सा ही लगाया जाएगा और रास्ता का समाधान हो जाने के बाद दूसरा हिस्सा लगाया जाएगा। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और गेट लगाने का काम शुरू हुआ।


## एक नजर में

### संस्कार ज्ञानपीठ में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया



**कतरास।** संस्कार ज्ञानपीठ प्लस टू विद्यालय में शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। महोत्सव में विद्यालय के कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चे राधा–कृष्ण और सुदामा के वेश से सुशोभित थे। बच्चों ने कृष्ण रासलीला प्रस्तुत की। विद्यालय के निदेशक डॉ मुकेश कुमार राय ने भी कार्यक्रम का अवलोकन किया। राधा और कृष्ण के वेश में कक्षा एल केजी से सेजल, पीहू, अदिति, रेयांश, यश राज और अभिनव प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रबंधक नीरजा राय, प्राचार्या रेशमी कुमारी उप प्राचार्य राहुल कुमार रानी सिंह संगीता चौहान अर्चना सरस्वती गायत्री आदि मौजूद थे।

### गैराज का दरवाजा तोड़ 60 हजार की चोरी




**मैथन।** निरसा थाना क्षेत्र के निरसा कांटा स्थित ऑटो मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर का दरवाजा तोड़कर शुक्रवार की रात चोरों ने लगभग 60 हजार रुपये की संपत्ति चुरा ली। इस संबंध में भुक्तभोगी कृष्ण गोराई ने निरसा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। भुक्तभोगी ने बताया कि शुक्रवार की रात 9 बजे वह गैराज बंद कर घर चले गए थे। शनिवार की सुबह जब गैराज खोलने आया तो देखा कि दरवाजा टूटा हुआ है। अंदर पाया कि रिपेयरिंग करने वाले औजार एवं स्पेयर पार्ट्स गायब हैं। स्पेयर पार्ट्स एवं रिपेयरिंग के औजार की कीमत लगभग 60 हजार होगी। बताया कि इससे पहले भी उनकी दुकान में चोरी हो चुकी है। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि एनएच 2 के किनारे निरसा कांटा स्थित दुकानों में आए दिन चोरी हो रही है। रात्रि में पुलिस का गश्ती दल इस रास्ते से कई बार गुजरता है। बावजूद चोरी की घटना से स्थानीय दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों में दहशत है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरों के गिरोह को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

### आचार संहिता उल्लघंन के मामले में ददई दुबे हुए हाजिर

**धनबाद।** धनबाद के पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे व नीतीश कुमार सिंह के विरुद्ध शनिवार को सुनवाई हुई। बचाव पक्ष ने केस बंद करने की प्रार्थना की। कहा कि इस मामले में गवाह नहीं आ रहा है। इसलिए केस बंद किया जाए। सहायक लोक अभियोजक ने गवाह पेश करने हेतु समय की याचना की। धनबाद एमपी एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत ने गवाह पेश करने का आदेश दिया है। इस दौरान पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे व नीतीश कुमार सिंह हाजिर थे।

**क्या है मामला:** 20अप्रैल 2014 को बंगला स्कूल के निकट के एम सी एल फैक्ट्री के आवासीय परिसर में नीतीश कुमार सिंह द्वारा मकान पर बिना अनुमति के टी एम सी का झंडा लगाया गया था। प्रशांत कुमार लायक अंचलाधिकारी निरसा ने चिरकुंडा (कुमारधुबी) थाना में दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी कांड संख्या 86/14 दर्ज कराई थी। केस के अनुसंधानकर्ता ने 20 नवंबर 2014 को दोनों आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र समर्पित किया था।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया गया स्वागत



**धनबाद।** पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने शनिवार को जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चेतन प्रकाश गोयनका, महासचिव अजय नारायण लाल एवं कोषाध्यक्ष श्याम नारायण गुप्ता का बैंड बाजा और फूल मालाओं से स्वागत किया। साथ ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ रोड शो भी किया गया। नई कमेटी से उम्मीद की गई कि पूर्व की भांति व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करने का काम करेगी। मौके पर बैंक मोड़ चैंबर के अध्यक्ष प्रमोद गोयल, सचिव लोकेश अग्रवाल, संरक्षक सुरेंद्र अरोड़ा, जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव धीरज दास, राजेश सिंह एवं चंद्रशेखर गुप्ता, पुराना बाजार चेंबर के संरक्षक, सचिव, कोषाध्यक्ष आदि मौजूद थे।

## बाघमारा प्रखंड राजद अध्यक्ष रोहित यादव कांग्रेस में शामिल



**कतरास।** राष्ट्रीय जनता दल के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष तेतुलिया निवासी रोहित यादव समर्थकों के साथ शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। धनबाद स्थित कार्यालय में जिलाध्यक्ष संतोष सिंह के समक्ष उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। उनके कांग्रेस में शामिल होने के बाद कतरास आगमन पर समर्थकों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सिद्धांत एवं विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने शामिल होने का निर्णय लिया। मालूम हो कि रोहित यादव ने विधानसभा चुनाव में बाघमारा से चुनाव लड़ने का मन बना लिया है। इस मौके पर समर्थकों ने पटाखे फोड़े एवं मिठाइयां बांट कर खुशी मनाई। श्री यादव के साथ परदेशी यादव, परेश दासौंधी, प्रकाश यादव, सोनू शर्मा, पप्पू दुबे मिराज, विक्रांत, विनय, दीपक अनुराग, बीरु, मुलायम, चौटाला, राजू आदि समर्थक मौजूद थे।

# कार्यशाला में किसानों को फसल बीमा के लिये किया गया प्रेरित

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोविंदपुर।** कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग ने शनिवार को प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया। उद्घाटन प्रमुख निर्मला सिंह ने किया। उन्होंने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाते हुए खेती-बाड़ी पर ध्यान देने की अपील की। बीएओ जसीम अख्तर ने किसानों से केवल एक रुपया देकर बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने की अपील की। कहा कि अंतिम तिथि 31 अगस्त है। अगहनी धान और भदई मकई फसल का बीमा हो रहा है। किसानों के प्रीमियम का हिस्सा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस के क्लस्टर मैनेजर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि उनकी कंपनी ही बीमा कर रही है। पशुपालन पदाधिकारी डॉ श्रीनिवास मेहता, बीसीओ कार्तिक उरांव ने भी किसानों को फसल बीमा के लिए प्रेरित किया। मौके पर मुखिया हूबलाल महतो, गोविंद प्रसाद साव, सारथी मंडल, मिहिर मंडल, बबलू मंडल, मंटू महतो, अब्दुल कयूम काजी, निमाई कुंभकार, प्रकाश गिरि, सरताज हुसैन, संतराम चौधरी, हराधन मंडल समेत सभी कृषक मित्र मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में राधा-कृष्ण बाल रूप प्रतियोगिता संपन्न



**कतरास।** सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में शनिवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर राधा-कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता हुई। शुभारम्भ विद्यालय के कार्यकारी अध्यक्ष श्रवण खेतान, पूर्व सचिव हरि प्रसाद अग्रवाल, वर्तमान सचिव विक्रम कुमार राजगढ़िया, सुशील चौधरी एवं प्राचार्य अभिमन्यु कुमार ने सरस्वती वंदन-पूजन के साथ किया। महोत्सव में नन्हे छात्र-छात्राओं ने राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। नर्सरी कक्षा की बहन अमायरा इराकी और आत्विका के मैया यशोदा के नृत्य और गीत पर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। शिशु प्रवेश से द्वितीय तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्राचार्य अभिमन्यु कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक क्षेत्र में बच्चों ने अद्भुत क्षमता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी संस्कृति को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य श्रेया सरकार सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

## भाजपा ने की युवा आक्रोश रैली में आंसू गैस चलाने की निंदा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा आक्रोश रैली में हेमंत सरकार ने आंसू गैस चला कर लोकतंत्र को शर्मसार किया है। जदयू पार्टी इस कार्रवाई की निंदा करती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक पार्टियों को प्रदर्शन करने का संवैधानिक अधिकार है। परंतु हेमंत सरकार लाठी-गोली के बल पर प्रदर्शन को रोकना चाहती है, जो सरासर गलत है।

# रमेश जिंदल के आवास पर परिजनों ने शव रखकर की मुआवजे की मांग

▸▸ दाह संस्कार के लिए जिंदल परिवार ने परिजनों को दिये डेढ़ लाख रुपये

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** गोशाला ओपी अंतर्गत सोंधी मोड़ के समीप पूर्व शराब कारोबारी रमेश जिंदल के प्राइवेट नाइट गार्ड कमल सिंह (61) की मौत शुक्रवार की रात रांची के रिम्स अस्पताल में हो गई। परिजनों का कहना था कि वह 16 अगस्त की रात आवास पर कार्य के दौरान बेहोश हो गए थे। परिजन रांची से लगभग 12 बजे रात कमल सिंह का शव लेकर सिंदरी पहुंचे। परिजनों ने रमेश जिंदल के आवास के गेट के सामने शव रखकर धरना प्रदर्शन किया और मुआवजे की मांग की। मृतक टासरा सिंह बस्ती का रहने वाला था।

इस मौके पर टासरा बस्ती के दर्जनों लोग भी शांतिपूर्ण ढंग से इकट्ठा हो गए। सूचना पाकर गोशाला पुलिस भी पहुंच गई। गोशाला ओपी प्रभारी अनिल मंडल के प्रयास से परिजनों के साथ तीन राउंड बातचीत हुई। परंतु मुआवजा राशि को लेकर सहमति नहीं बनी। अंत में शाम लगभग चार बजे गोशाला ओपी में समझौता कर डेढ़ लाख रुपये की मुआवजा राशि पर दोनों पक्ष तैयार हो गए। रमेश जिंदल की ओर से कहा गया कि मृतक के दाह-संस्कार के लिए लगभग 15 हजार रुपये अलग से देंगे।

परिजनों ने बताया कि कमल सिंह रमेश जिंदल के गोशाला स्थित आवास पर कार्य के दौरान 16 अगस्त की रात बेहोश हो गए थे। उन्हें रमेश के लोगों ने परिजनों के साथ एसएनएमएमसीएच धनबाद में 17 अगस्त को भर्ती कराया था। गंभीर हालत में चिकित्सकों ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया था। वहां उसने 23 अगस्त की शाम दम तोड़ दिया। परिजनों का कहना था कि कमल कार्य के दौरान बेहोश हुए थे। इसलिए आवास मालिक को मुआवजा राशि के रूप में 10 लाख देना होगा।

रमेश जिंदल ने कहा कि कमल सिंह उनके यहां काम करता था। लेकिन उसकी मौत बीमारी से हुई। ओपी प्रभारी अनिल मंडल ने बताया कि परिजन शव को दाह-संस्कार के लिए ले गए।

स्पीड न्यूज

## दिव्यांग बच्चों के अधिकार पर जागरूकता शिविर आज

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 25 अगस्त रविवार को 11:30 बजे से सदर मेदिनीनगर प्रखंड परिसर में दिव्यांग बच्चों के अधिकार पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा । उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव होंगे।

## निजी खर्च से कराया डेढ़ किमी कच्ची सड़क की मरम्मत

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी ग्राम पंचायत के रगदा टोला में समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने निजी खर्च से डेढ़ किलोमीटर कच्चे सड़क का मरम्मत कराया। यहां बताते चलें कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने उक्त कच्चे सड़क का मरम्मत कराने का आग्रह श्री सिंह से किया था। जिसके बाद उन्होंने बबलू गुप्ता के मिल से दिनेश ठाकुर के दूध सेंटर तक लगभग 1.5 किमी सड़क मरम्मत कार्य शुरू करा दिया था। अंजू अभिमन्यु टीम के देखरेख में आज मरम्मत कार्य पूरा हो गया। सड़क का मरम्मत हो जाने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। बबलू सिंह ने कहा कि मैं कोई नेता नहीं हूं,बल्कि क्षेत्र का बेटा हूं। सेवाभाव के साथ राजनीत में आया हूं इसलिए लोगों की सेवा करते रहता हूं। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**सतबरवा पलामू।** नवजीवन अस्पताल तुम्बागड़ा में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अस्पताल के प्रबंधक समेत कई कर्मियों ने रक्तदान किया। अस्पताल के प्रबंधक दिनेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक माह रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में कोई भी इच्छुक व्यक्ति अपना रक्तदान कर सकता है। रक्तदान महादान है। इससे बढ़कर कोई दान नहीं है।

## किसान गोष्टी का हुआ आयोजन

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड अंतर्गत झरगड़ा पंचायत सचिवालय में आत्मा की ओर से किसान गोष्टी का आयोजन किया गया। इस गोष्टि मे आस पास के कई गांवो के किसान शामिल हुए। इस किसान गोष्टी कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि के रूप में मुखिया अशोक चौधरी एवं आत्मा के तकनीकी प्रबंधक जय गोविंद यादव उपस्थित थे तथा सरकार द्वारा कृषि व किसानों के लिए चलायी जा रही कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही फसलों के रख-रखाव, रोग उपचार, वैज्ञानिक तरीके से कृषि कार्य करने की बात कही। साथ साथ फसल बीमा के बारे में जानकारी दी।

# इन्ही योद्धाओं के बदौलत हमने कोरोना पर पायी है विजय : अरुणा शंकर

### सरकार ने लाखों को नौकरी देने का वादा कर युवाओं को सिर्फ ठगा





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने नगर निगम कर्मियों द्वारा सारे निगम के कार्य को ठप करते हुए अपने मांगों को लेकर दी गई धरना पर बैठे स्थल पर पहुंच कर उनकी बातों को सुनी। मौके पर श्रीमती शंकर ने कहा कि दैनिक वेतन भोगी श्रमिक या कॉन्ट्रैक्ट श्रमिक जो लंबे समय से अपनी मांगों को सरकार के समक्ष उठाते आ रहे हैं और वर्षों से निगम को निर्विवाद सेवा देते आ रहें फिर सरकार इनको परमानेंट क्यों नहीं कर रही है जबकि सरकार लाखो नई नई बहाली के वादे रोज रोज कर रही है।

उन्होंने कहा हमें नहीं भूलना चाहिए जब देश में कोरोना की त्रासदी थी और सारे लोग घर से नहीं निकल पा रहे थे उस वक्त हमारे योद्धा के रूप में सामने आए निगम कर्मी, पुलिस कर्मी एवं मेडिकल पारा स्टाफ के बदौलत ही उस लड़ाई को मात दे पाए अगर उस वक्त हमारे निगम कर्मी अपनी जान की बाजी लगाकर शहर की नली गली को स्वच्छ नहीं रखे होते तो हजारों जाने जा सकती थी। सरकार को उसी वक्त पूरे राज्य के दैनिक वेतन निगम कर्मियों को पुरस्कार के रूप में स्थाई कर देना चाहिए था जबकि आज तक यह दैनिक वेतन भोगी अपनी मांगों को लेकर दर-दर भटक रहे हैं। प्रथम महापौर ने निगमकर्मियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार को उनकी मांग गंभीरता से मान लेनी चाहिए। उन्होंने धरना स्थल पर कर्मियों से मिलने के बाद नगर आयुक्त से मिलकर उनकी बातों को गंभीरता से रखी। नगर आयुक्त ने सरकार में इनकी बातों को मजबूती से रखने का भरोसा दिया।

### सरकार संवैधानिक अधिकारों को कुचल रही है : सरवन गुप्ता

# युवा आक्रोश रैली पर लाठीचार्ज के विरोध में पलामू में पुतला दहन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची में शनिवार को युवा आक्रोश रैली में गये भाजपा कार्यकर्ताओं पर प्रशासन के द्वारा आंसू गैस वॉटर कैनल और लाठी चार्ज के विरोध में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल एवं ग्रामीण मंडल के द्वारा शहर थाना के सामने में प्रदेश की सरकार का पुतला दहन किय गया। पुतला दहन कार्यक्रम की अगवाई नगर मंडल अध्यक्ष सरवन गुप्ता एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व में किया गया। मेदनीनगर शहर अध्यक्ष सरवन गुप्ता ने कहा कि जिस तरह राज्य की हेमंत सरकार की पुलिस ने युवाओं पर लाठी चार्ज किया वह निंदनीय है। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने के लिए लोगों का संवैधानिक अधिकार है जिसे सरकार दमनकारी रवैया से कुचलना चाहती है।

ग्रामीण अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि इस सरकार में युवा ही नहीं गरीब आदिवासी किसान महिलाएं कोई भी सुरक्षित नहीं है। विकास के नाम पर भ्रष्टाचार चरम पर है। राज्य में माफिया राज चल रहा है। जन आंदोलन को कुचलने के लिए सरकार द्वारा लाठीतंत्र चलाया जा रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

पुतला दहन कार्यक्रम में अविनाश वर्मा ,धर्मेंद्र उपाध्याय, ज्योति पांडे, ओमप्रकाश पप्पू, शिव कुमार मिश्रा, प्रदीप सिंहा, मंजू गुप्ता, रेनू देवी, विजय कुशवाहा, अविनाश सिंहा, श्वेतांग गर्ग, दीपक सिंह, कुमार गौरव, छोटू सिंह, जितेंद्र तिवारी, सुनील पांडेय, वीरेंद्र प्रसाद, सौरव पांडे, संदीप चौधरी, सुनील पांडे, बंटी सिंहा, शुभम तिवारी ,पूर्व महापौर अरुणा शंकर, संजय गुप्ता, सुनील पांडे, रिंकू दुबे, ओम प्रकाश, परशुराम ओझा, रणजीत सिंह, शैलेश सिंह, संजय सिंह, अरविंद गुप्ता, डॉ परमजीत कुमार, हिमांशु सोनी, गुलशन तिवारी, दिलीप, गुड्डू बर्मन ओमप्रकाश दुबे अमिताभ मिश्रा प्रभात तिवारी शुभम प्रसाद अमोल अग्रवाल मनोज विश्वकर्मा सतीश कुमार सोनू सिंह संजय कुमार मनदीप प्रजापति रमेश दुबे शुभम कुमार विश्वजीत पाठक संदीप दास, विवेक चौबे, शशिकांत कुमार, शुभम प्रसाद, राजेश सिंह, रणजीत सिंह, सतीश तिवारी, राजहंस अग्रवाल, अमित मिश्रा, मनोज विश्वकर्मा, राजेश गुप्ता सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

## संवेदक सह समाजसेवी मनमोहन तिवारी का निधन शोक व्यक्त



मृतक का फाइल फोटो

**मेदिनीनगर ( पलामू ) ।** वरिष्ठ संवेदक सह समाजसेवी मनमोहन तिवारी का असामयिक निधन मेडिका अस्पताल रांची में हो गया। पिछले दो वर्षों से वह इलाजरत थे। उनका अंतिम संस्कार हरिश्चंद्र घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र अनुराग तिवारी ने दिया। उनकी अंत्येष्टि यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वह काफी मिलनसार थे और सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव चंद्रशेखर शुक्ल, भाजपा नेता दिलीप तिवारी समेत कई नेताओं ने गहरा शोक जताया है। वह मूलरूप से सदर प्रखंड क्षेत्र के भोगू लहलहे के रहने वाले थे।

## जालियांवाला बाग कांड दोहराना चाहती थी राज्य सरकार : कर्नल संजय



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता जो आक्रोश रैली में भाग लेने जा रहे थे उन्हें हर ज़िला पुलिस द्वारा दमनकारी कदम उठाते हुए प्रताड़ित कर रोका गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सभी कार्यकताओं पर को आंसू गैस, वाटर कैनन छोड़े और लाठियां बरसाईं गई जैसे सभी घुसपैठिए थे जो हमारे मौलिक अधिकार का हनन है। उक्त बातें भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय सिंह ने कही। उन्होंने आगे कहा कि 23 अगस्त को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित युवा आक्रोश रैली में हेमंत सोरेन सरकार ने बर्बरता ही हदें पार कर दीं। लग रहा था मानो प्रशासन जलियांवाला बाग कांड की पुनरावृत्ति करने पर उतारू है। उन्होंने सरकार की इस करवाई को कर्नल संजय ने बर्बरतापूर्ण और अमानवीय बताया। हेमंत सरकार ने अपनी जनविरोधी नीतियों और वादाखिलाफी के विरुद्ध आवाज को दबाने का हर प्रयास किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के भाषण के समय चारों तरफ से आंस गैस और वाटर कैनन का प्रयोग किया गया, जो इस सरकार की बर्बरता को दशार्ता है। दूसरे जिलों से आनेवाले कार्यकताओं को रांची आने से रोकना और उन्हें अंदर से बाहर निकालने पर प्रतिबंध लगाकर हेमंत सरकार हमें कमजोर नहीं कर सकती। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता और झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता ने मन बना लिया है।

### बिजली समस्या को दूर करने के लिए महाप्रबंधक को ज्ञापन

# जर्जर तार नहीं बदला गया तो जदयू करेगा आंदोलन : सुधा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के मेराल मोड़ से सिक्का सहित दस गांवों में 11 हजार लाइन का तार खींचने के लिए गाड़ा गया पोल दूर दूर रहने के कारण तार बराबर ढीला होने से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस मामले की जानकारी सिक्का,गड़ेरियाडीह आदि गांवों के ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग को दिया लेकिन विभाग के अधिकारियों द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। शनिवार को इस मामले को लेकर सिक्का के ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री सुधा चौधरी से मुलाकात किया। मंत्री सुधा चौधरी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बिजली विभाग के महाप्रबंधक से बात किया। महाप्रबंधक ने पूर्व मंत्री को बताया कि वें विभागीय कार्य से रांची बोर्ड आफिस आएं हैं मेदिनीनगर वापस आते ही इस मामले पर त्वरित कार्रवाई करेंगे। पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने अपने आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सिक्का एवं किशुनपुर इलाके के दर्जनों गांवों के बिजली समस्या को लेकर महाप्रबंधक को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि यदि बिजली विभाग सिक्का, कठौतिया ,गड़ेरियाडीह, सरैया के अलावे किशुनपुर इलाके में बिजली समस्या को तत्काल समाधान नहीं किया गया तो वह प्रभावित ग्रामीणों के साथ बिजली विभाग के कार्यालय में आंदोलन करेंगी। उन्होंने कहा है कि मेराल मोड़ सिक्का सहित अन्य गांवों में 11 हजार का जो लाइन गया है उसमें पोल दूरी पर रहने के कारण तार बराबर नीचे हो जाता है इसके साथ ही तार काफी पुराना हो जाने के कारण बराबर टुट कर गिर भी जाता है। इससे सिक्का सहित दस गांवों में तीन चार दिनों तक बिजली आपूर्ति बंद हो जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। तार नीचे एवं टुट जाने से अभी तक दर्जनों मवेशी की मौत हो गई इसके साथ ही ग्रामीण भी प्रभावित हुए हैं।



प्रेंस कांफ्रेंस में पूर्व मंत्री सुधा चौधरी व ग्रामीण

## ग्रामीणो ने लगाया अबुआ आवास में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप



घर विहिन जेनरल जाति के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड उताकी पंचायत के नावाडीह ग्राम में अबुआ आवास में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने का आरोप नावाडीह के ग्रामीणों ने लगाया है । उताकी पंचायत के पुर्व मुखिया अखिलेश सिंह, पुर्व पंचायत समिति सदस्य कामता सिंह, उदय सिंह सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि अबुआ आवास की सुचि में नावाडीह ग्राम के एक भी जेनरल जाति के लोगों का नाम नहीं है। केवल एसी एसटी जाति के लोगों को आवास का लाभ दिया जा रहा है जबकि नावाडीह ग्राम में सामान्य जाति के ऐसे परिवार हैं जो घर विहिन है यह घोर चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने सुचि को सुधार कर गरीब जेनरल जाति के लोगों का नाम जोड़ने की मांग की है ताकि सभी जाति के लोगों को इसका लाभ मिल सके । समाज सेवी उदय सिंह ने कहा कि अगर तत्काल सुचि में सुधार नहीं किया जाता है तो ग्रामीणों के द्वारा प्रखंड मुख्यालय पर धरना दिया जायेगा। समाजसेवी उदय सिंह एवं अन्य ग्रामीणों ने सुचि में नाम जेनरल जाति के नहीं होने का आरोप वर्तमान मुखिया प्रतिमा देवी पर लगाया है।

### जिला पार्षद ने डीडीसी को लिखा पत्र, दोषियों पर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतों में अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन प्रक्रिया में भारी अनियमितता बरती जा रही है। पैसे लेकर साधन संपन्न और अयोग्य लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है,वहीं जरूरतमंद और योग्य लाभुकों को इस योजना से वंचित रखा जा रहा है।

## ज्ञान निकेतन स्कूल की छात्राओं ने निकाली रैली

### कोलकाता में हुए महिला डाक्टर के हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विमला पाण्डेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल के सीनियर वर्ग की छात्राओं द्वारा मेदिनीनगर में कोलकाता में हुए महिला डॉक्टर के साथ हुए रेप और हत्या के विरोध में रैली निकाला गया। रैली के माध्यम से स्कूल की छात्राओं ने पीड़िता एवं उसके परिवारजनों के लिए न्याय की मांग की। रैली जेलहाता चौक से निकलकर कचहरी, सरकारी बस डिपो, छह मुहान, हॉस्पिटल चौक से होते हुए साहित्य समाज चौक पर समाप्त हुआ।

रैली में स्कूल की लगभग 200 छात्राएं थीं, जिनके हाथों में नारी अत्याचार और उनके अधिकार संबंधी स्लोगन लिखी तख्तियां थी। छात्राएँ अपने नारों द्वारा समाज के लोगों से नारियों के प्रति सोच को बदलने की अपील कर रही थी। लड़कियों ने बताया कि बलात्कार और हत्या जैसी घटनाएं न केवल नारियों के प्रति अत्याचार है, बल्कि ऐसी घटनाएं मानवता को शर्मसार और कलंकित भी करती हैं। ऐसे दुष्कर्मी लोग हमारे समाज के बीच ही होते हैं।

ऐसे लोगों की पहचान पहले से ही करने और उनका दमन करने के तरीके विकसित करने की जरूरत है ताकि ऐसे लोग दुष्कर्म करने के पूर्व ही सुधारे जा सकें। हमें महिलाओं के प्रति नजरिया बदलने की जरूरत है, जो समाज के सभी लोगों की भागीदारी एवं संवेदनशीलता से ही संभव है। विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा, प्राचार्य मनोहर पांडेय ने बताया कि कोलकाता की घटना से पूरा विद्यालय व्यथित है। विद्यालय की छात्राओं ने इस घटना के बाद जो संवेदनशीलता दिखाई है और पीड़िता के लिए न्याय की मांग की है, वह समाज के लोगों में महिलाओं के प्रति वर्तमान सोच को बदलने में सहायक होगा । रैली में विद्यालय के शिक्षक रामानन्द पाठक, राज कुमार शर्मा, रीता कुमारी, अनुराधा सिंह, विद्यालय के खेल शिक्षिका सुप्रिया जायसवाल एवं आशुतोष पाण्डेय छात्राओं के साथ उपस्थित थे।




## कीर्ति के जरिये प्रतिभावान खिलाड़ियों की होगी पहचान

**मेदिनीनगर।** भारतीय खेल प्राधिकरण के द्वारा संचालित खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन कीर्ति के तहत मे दिनीनगर के बारालोटा में जिला खेल स्टेडियम में 27 अगस्त से 30 अगस्त तक 4 खेल विधाओं, एथलेटिक्स (27- 30 अगस्त), फुटबॉल (27 - 30 अगस्त), कबड्डी (27 - 29 अगस्त)और तिरंदाजी (30 अगस्त) में कीर्ति का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 9 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के युवा अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार,जिला खेल पदाधिकारी समेत अन्य संग बैठक की। वहीं खेल पदाधिकारी को प्रयाप्त मात्रा में वॉलिंटियर्स, फिजिकल टीचर व कोच तैयार करने को लेकर निर्देशित किया गया। उन्होंने सभी बच्चों का पंजीयन कराने व निष्पक्ष रूप से ट्रायल लेने पर बल दिया।

एक नजर में

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी रोजगार सेवक के पिता ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**हैदरनगर पलामू।** पलामू जिला के हैदरनगर थाना क्षेत्र के रोजगार सेवक मणिशंकर मिश्रा पर लगाए गए नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप को लेकर उनके पिता ने पलामू के पुलिस अधीक्षक रिश्मा रमेशन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि उनके बेटे को साजिश के तहत फंसाने की कोशिश की जा रही है। दिए गए आवेदन में आरोपी के पिता ने बताया है कि 15 अगस्त 2024 को उनका पुत्र पंचायत भवन में झंडोतोलन करने के लिए गया था, जिसके बाद वह पंचायत के निकट स्थित एक गांव के वार्ड सदस्य के घर भोजन करने के लिए गए थे। भोजन के बाद लगभग दो घंटे बाद वह बिलासपुर से निकलकर हैदरनगर होते हुए अपने घर आए। इस दौरान उन्होंने पूरे दिन पंचायत के कार्यों में भाग लिया और पंचायत भवन में लोगों की मौजूदगी में थे।

## वरीय कांग्रेसी नेता ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

**विश्रामपुर (पलामू)।** वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से पार्टी के रांची स्थित कार्यालय में मुलाकात की। दोनो नेताओं के बीच पलामू प्रमंडल के वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई। श्री शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष को बिश्रामपुर विधानसभा सहित पूरे पलामू में पार्टी के संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। दोनो नेताओं के बीच आगामी विस चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। कहने को तो दोनो नेताओं के इस मुलाकात को औपचारिक बताया जा रहा है लेकिन इस मुलाकात से राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। मौके पर श्री शुक्ला के साथ में राजा राजेंद्र प्रताप देव, गढ़वा के पूर्व जिलाध्यक्ष आशिक अंसारी, मोबिन अंसारी, ओम करण तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## न्यू मॉडल पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी के मौके पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**मेदिनीनगर।** शहर के 2 नंबर टाउन स्थित न्यू मॉडल पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रंगा-रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने श्री कृष्ण और राधा का अभिनय किया । श्री कृष्ण और राधा के रूप में बच्चों ने सब का मनमोहन लिया । इस कार्यक्रम की झलक पाने के लिए लोग बेताब दिखे। विद्यालय के निर्देशक रवि कुमार निराला ने बच्चों को बताया कि भगवान श्री कृष्ण से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है जिसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है।

## विश्रामपुर नप के अनुबंधकर्मियो का अनिश्चित कालीन हड़ताल दूसरे दिन भी रहा जारी

**विश्रामपुर (पलामू)।** झारखण्ड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फोडरेशन के आह्वाहन पर छः सूत्री मांगों के समर्थन में विश्रामपुर नगर परिषद के अनुबंधकर्मी का अनिश्चित कालीन हड़ताल शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। अनुबंधकर्मियों ने इस दौरान प्रदर्शन करते हुए नप कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना भी दिया। फोडरेशन के विश्रामपुर इकाई अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि हमारी सभी मांग जायज है। सरकार को इसपर गंभीरता से विचार करते हुए सभी मांग मान लेनी चाहिए।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत के कर्मियों का हड़ताल जारी

**हुसैनाबाद पलामू।** झारखण्ड लोकल बॉडीज इम्पलाईज फेडेरेशन का आव्हान पर हुसैनाबाद नगर पंचायत के सभी दैनिक कर्मी व सफाई कर्मी का हड़ताल आज दूसरे दिन भी लगातार जारी रहा ।जिससे शहर में जगह जगह पर गंदगी का ढेर जमा हो गया हैं,उसमे भी उमस भरी वषार्ती गर्मी से बदबू व मच्छरों के प्रकोप बढ़ रही हैं।इधर सफाई कर्मियों के हड़ताल को देखते हुए और शहर में फैली गंदगी के प्रकोप से बचाने के लिए नगर पंचायत के कई पूर्व वार्ड पार्षद भी शनिवार समर्थन में आ गए और मीडिया को बताया कि इनलोगों की सभी मांग जायज हैं सरकार को इनके प्रमुख मांगो को अभिलम्भ बहाल करने का निर्णय लेना चाहिए।

## आत्मा पलामू ने किया किसान गोष्ठी

**हैदरनगर पलामू।** हैदरनगर किसान सलाहकार केन्द्र (एटिक सेंटर) हैदरनगर में शनिवार को प्रखंड स्तरीय किसान समिति सदस्यों के साथ बैठक उपरांत उन्हें सम्मान दिया गया। प्रमुख कलावती देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश कुमार सिंह ने प्रगतिशील किसानों को उनकी अच्छी खेती व बेहतर मेहनत के प्रति प्रोत्साहित कर फूलमाला से सम्मानित किया। वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने प्रगतिशील किसान सह प्रमुख कलावती देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश कुमार सिंह, प्रेमतोष सिंह, कृषि मित्र अरुण पांडेय सहित दर्जनों अन्य किसानों के सम्मान के बाद बैठक में कहा कि इस प्रखंड क्षेत्र में सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के बावजूद क्षेत्र के किसान कड़ी मेहनत से प्रतिवर्ष चालू मौसम के हिसाब से अच्छी उपज करने में सफल होते रहे हैं।

## सीओ ने पाटन प्लस टू उच्च विद्यालय के अतिक्रमण किये भूमि को मुक्त कराया

**पाटन पलामू।** सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने पाटन प्लस टू उच्च विद्यालय पाटन में अतिक्रमण किये भुमि को मुक्त कराया । पाटन प्लस टू उच्च विद्यालय के भुमि को कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था जिसको लेकर कोर्ट में लगभग बीस वर्षों से मामला चल रहा था । उपायुक्त पलामू के कोर्ट से विद्यालय के पक्ष में फैसला सुनाया गया था तथा अतिक्रमण किये गये भुमि को मुक्त करने का आदेश निर्गत किया गया था। उसी आदेश को अनुपालन करते हुए पाटन सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने जेसीबी लगाकर विद्यालय कि भुमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया।

## अधिक से अधिक पीड़ित परिवारों को जल्द लाभ दिलाया जायेगा : पीडीजे नीरज श्रीवास्तव

**मेदिनीनगर।** झालसा का दिशा निर्देश पर 28 सितंबर शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसे सफल बनाने को लेकर पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने अपने बेष्म में एम ए सी टी केस से जुड़े अधिवक्ता व बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर कई सुझाव दिए । उन्होंने कहा कि एम ए सी टी केस को लेकर अधिवक्ताओं को और सजग रहने की जरूरत है ताकि अधिक से अधिक पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द लाभ दिलाया जा सके।

## छोटे-छोटे कृष्ण ने दिखाई बाललीला

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े ही भक्तिमय माहौल में मनाया गया। इस मौके पर स्कूल कैम्पस में कई जन्माष्टमी संबंधित नाटक प्रस्तुत किए गए। कृष्ण जन्म, माखन चोरी, कालिया सर्प मर्दन एवं गोवर्धन पर्वत लीला इन सभी लीलाओं पर स्कूल की शिक्षिकाओं ने नाटक किया। नाटक करने वाली शिक्षिकाओं में अरीबा, ज्ञानवी, ईशा, निधि, प्रीति,सपना,मुस्कान,सविता, नमिता और आँचल। स्कूल की सजावट इस तरह से की गई जैसे सभी गोकुल में आ गए हों। स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने बताया कि जन्माष्टमी के ही आधी रात को श्री कृष्ण ने मथुरा की जेल में अवतार लिया था। सभी बच्चे कृष्ण, राधा, देवकी एवं बलराम के रूप में बहुत प्यारे लग रहे थे।

# भाजपाईयों ने मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** भाजपा फुसरो नगर कमिटी की ओर से शनिवार शाम को फुसरो स्थित शहीद निर्मल महतो चौक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। यहां भाजपा कार्यकर्ताओ ने तानाशाही नहीं चलेगी, हेमंत सोरेन मुदार्बाद, हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ो के नारे लगाए। पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तानाशाही रवैया अपनाकर कार्यकर्ताओ पर हमला किया। पूरे रांची में आने जाने वाले सड़क में कंटीली तार से बैरिकेटिंग किया गया। ऐसा कांग्रेस के शासन काल में नहीं होता था। जो भी आम जन है उसे भी काफी परेशानी हुई। कहा कि हेमंत सरकार के गिनती के सौ दिन बचा है जनता आगामी विधानसभा चुनाव में इसका जवाब देगी। कहा कि इंडिया गठबंधन की भ्रष्ट सरकार से जनता को उखाड़ फेंकेगी। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य देवीदास, पूर्व जिला अध्यक्ष बिनोद महतो व कृष्ण कुमार ने कहा कि हेमंत सोरेन के पुलिस ने रांची में आयोजित युवा आक्रोश रैली के सभा स्थल पर युवा कार्यकर्ताओ के उपर आंसू गैस छोड़े एवं पथराव किया गया। कहा कि कार्यकर्ताओ पर आंसू गैस और वाटर कैनन से हमला करने का काम किया। कहा कि रांची प्रशासन से परमिशन लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया इसके बावजूद पुलिस द्वारा कार्यकर्ताओ को परेशान किया गया। कहा कि हेमंत सोरेन के निर्देश पर पुलिस ने जांच के नाम जगह जगह बैरिकेटिंग कर रैली जाने वाले वाहनों को रोकने का काम किया ताकि भाजपा कार्यकर्ता रैली न पहुंचे। महामंत्री रमेश स्वर्णकार ने कहा कि हेमंत सरकार के दमनकारी नीति झारखंड में नहीं चलेगी। ये सरकार राज्य की जनता को डराने धमकाने की काम करता है। जनता ऐसी भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकेगी। मौके पर भाजपा नेता प्रकाश सिंह, युवा मोर्चा के फुसरो नगर अध्यक्ष सुमित सिंह, संत सिंह, अनिल गुप्ता, नगर महामंत्री टुनटुन तिवारी, श्रीकांत यादव, दीपक गिरि, लालमोहन महतो, बीरेंद्र ठाकुर, सुरज सिंह राठौर, नवीन पांडेय, चंदन राम, रामू तांती, संजय गुप्ता, अजय सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मिथिला एकेडमी स्कूल में जन्माष्टमी का मनमोहक कार्यक्रम



**बोकारो।** मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में नर्सरी से वर्ग 2 तक के बच्चों द्वारा जन्माष्टमी पर प्रस्तुत कार्यक्रम में राधा कृष्ण की अनुपम छवि को विभिन्न झांकियों के द्वारा दशार्या गया। बाल कलाकारों की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। अध्यक्ष हरि मोहन झा ने अपने संदेश में कहा कि यह त्यौहार आत्मा की शुद्धि का त्यौहार है। हम सभी को श्री कृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। सचिव प्रमोद कुमार झा चंदन ने अपने संदेश में कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। बच्चे अगर अपनी संस्कृति और संस्कार को समझेंगे तो वह जीवन में निरंतर आगे बढ़ते जाएंगे। प्रधानाचार्य अशोक पाठक ने बच्चों की इस प्रस्तुतिकरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से उनमें अपने आराध्य के प्रति समर्पण और संस्कार दोनों जागृत होते हैं।


ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, रॉची।

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/49/2024-25 दिनांक– 23/08/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | झारखण्ड उच्च न्यायालय, धुर्वा रॉची के एडवोकेट ब्लॉक में क्यूबिकल पैनल, एवं सेपरेट सर्विस केबल के अधिष्ठापन, एडवोकेट ब्लॉक के विभिन्न हॉल, लाईब्रेरी, मे ए0 सी0 वायरिंग, टाईपिस्ट ब्लॉक–2 मे ए0सी0 एवं कम्प्युटर वायरिंग, पी0 ए0 सेक्शन, रिकार्ड रूम एवं कोर्ट भवन के सभी बाथरूम मे एक्जॉस्ट पंखा के अधिष्ठापन का कार्य। | 32,15,842=00 | 5,000=00 | 64,500=00 | 42 दिन |
| 2. | चिरौंदी, रॉची स्थित साईस सेंटर के नार्थ साईड स्थित वराहमिहिर तारामंडल के परिसर मे सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 10,78,214=00 | 2,500=00 | 22,000=00 | 42 दिन |
| 3. | राजभवन, रॉची के अशोक गार्डेन मे पाथ लाईट, सरफेस लाईट, टयुबलर पोल, एल0ई0डी0 फल्ड लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 46,15,454=00 | 5,000=00 | 92,500=00 | 42 दिन |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 03.09.2024 | | | |
| 5. | निविदा जमा करने की तिथि | 04.09.2024 के 10.30 बजे पूर्वाहन से 10.09.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि | 11.09.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 8. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 9. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 333628 (Energy) 24-25 (D)


## आक्रोश रैली दमन के विरोध में सीएम का पुतला जलाया गया



**गोड्डा।** 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा रांची मे युवा आक्रोश रैली का आयोजन हुआ था जिसको हेमंत सोरेन सरकार ने पुलिस प्रशासन के द्वारा विफल करने की पूरी कोशिश की ,पूरे प्रदेश मै जगह जगह से आए कार्यकर्ताओ को रोका गया और जब मोराबादी मैदान मे शांतिपूर्ण सभा चल रही थी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी के बीच भाषण में आंसू गैस की बौछार कर दी गई एवम् इस राज्य के युवाओं के साथ आतंकवादी के तरह पेश आया उसमे हमारे कई नेता करियाकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए, आज उसी के विरोध मे भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ सुमन की अध्यक्षता मे गोड्डा टाउन थाना के सामने युवा विरोधी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन ना केवल गोड्डा मे बलकी झारखंड के सभी जिला के हर प्रखंड थाना मे युवा मोर्चा के द्वारा पुतला जला कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

## पार्सल बोगी से कपड़ा का गठरी चोरी करने वाले चोर को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**तालझारी।** थाना क्षेत्र के महाराजपुर बाजार में एक कपड़ा दुकान में तालझारी थाना के सहयोग से पाकुड़ आरपीएफ द्वारा छापामारी किया गया। पाकुड़ आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि 3/7/24 हावड़ा जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन में पार्सल बोगी से सील को कटर से काटकर विभिन्न प्रकार के कपड़ा का गठरी चोरी कर लिया गया था। उसी को लेकर छानबीन किया जा रहा था। खोजबीन के दरमियान 17/08/24 को छापामारी कर चोरी में संलिप्त एक व्यक्ति को पकड़ा गया। उससे पूछताछ के दरमियान पकड़े गए व्यक्ति ने बताया कि हम सब छह लोग मिलकर हावड़ा जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन में सील को कतर से कटकर चोरी किए थे। पूछताछ के दरमियान उसने तालझारी थाना के महाराजपुर बाजार निवासी मोहम्मद इम्तियाज का नाम लिया। उस व्यक्ति को रिमांड पर लेकर उसके निशान देही पर तालझारी थाना आया और इसकी जानकारी तालझारी थाना प्रभारी अमर मिंज को दी। थाना प्रभारी अमर कुमार के सहयोग से महाराजपुर बाजार में मोहम्मद इम्तियाज के दुकान पर छापामारी किया गया। छापामारी में उसके दुकान से सटर काट कर चोरी हुए विभिन्न प्रकार के कपड़ा बरामद किया गया और उसे गिरफ्तार कर पाकुड़ आरपीएफ थाना ले जाया जा रहा है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई० निविदा संख्या MID/GUMLA/ F$_2$-22/2024-25 दिनांक – 23.08.2024

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला ।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 27.08.2024 ( अपराह्न 02:00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 03.09.2024 ( अपराह्न 05:00 बजे तक )
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05.09.2024 ( अपराह्न 02:00 बजे )

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Puto Sasantoli Panchayat- Duko Block- Ghaghra Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Husir Harratoli 1 Panchayat- Bimarla Block- Ghaghra Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 2 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Biropani Panchayat- Adar Block- Ghaghra Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Helta Panchayat- Helta Block- Bishunpur Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 3 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Hapaad Panchayat- Ghaghra Block- Bishunpur Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Ghaghra Panchayat- Ghaghra Block- Bishunpur Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 4 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Janhupath Panchayat- Ghaghra Block- Bishunpur Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Jilpidah Panchayat- Ghaghra Block- Bishunpur Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 5 | 1. Construction of Anganwadi Kendra ChilamPokhar Panchayat- Ghaghra Block- Bishunpur Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Beti Panchayat- Narma Block- Bishunpur Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 6 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Bhitar Serka Panchayat- Serka Block- Bishunpur Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Koinartoli Panchayat- Helta Block- Bishunpur Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 7 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Dipadih Panchayat- Helta Block- Bishunpur Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Balatipath Panchayat- Helta Block- Bishunpur Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 8 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Chiropath Panchayat- Serka Block- Bishunpur Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Mailapath Panchayat- Serka Block- Bishunpur Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 9 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Polpolpath Panchayat- Gurdari Block- Bishunpur Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Dumberpath Panchayat- Gurdari Block- Bishunpur Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 10 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Kujam Panchayat- Gurdari Block- Bishunpur Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Chntapath Panchayat- Chirodih Block- Bishunpur Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 11 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Jawadih Panchayat- Chirodih Block- Bishunpur Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Chourapath Panchayat- Chirodih Block- Bishunpur Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 12 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Mahuatoli Panchayat- Chirodih Block- Bishunpur Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Holang Panchayat- Chirodih Block- Bishunpur Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 13 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Jamti Panchayat- Nirasi Block- Bishunpur Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Temarkarcha Panchayat- Nirasi Block- Bishunpur Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 14 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Borha Panchayat- Nirasi Block- Bishunpur Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Banari Panchayat- Banari Block- Bishunpur Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 15 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Garra Pahad Panchayat- Amtipani Block- Bishunpur Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Lodapath Panchayat- Amtipani Block- Bishunpur Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 16 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Narma Panchayat- Narma Block- Bishunpur Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Parsapani Panchayat- Banari Block- Bishunpur Dist.- Gumla | विशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 17 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Alenkera Panchayat- Uttari Palkot Block- Palkot Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Pinjaradipa Panchayat- Uttari palkot Block- Palkot Dist.- Gumla | पालकोट | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 18 | 1. Construction of Anganwadi KendraChainpur Panchayat- Tengariya Block- Palkot Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Baghima Ambatoli Panchayat- Baghima Block- Palkot Dist.- Gumla | पालकोट | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 19 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Ghansi toli Panchayat- Daksini Palkot Block- Palkot Dist.- Gumla | पालकोट | 1108200.00 | 22200.00 | 2500.00 | 06 माह |

नोट :–
(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी ।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी ।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें ।
(6) आचरण प्रमाण पत्र निविदा प्रकाशन के बाद का ही स्वीकार्य होगी।
(7) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

PR 333697 Minor Irrigation (24-25)_D


## विधान सभा चुनाव तैयारी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**जामा।** दुमका जिले के जामा प्रखंड अंतर्गत माहरो चौक पर शनिवार को मुखिया संतोष पुजहर की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा नेता सह मुखिया राजू पुजहर के समर्थन में एक विधानसभा स्तरीय बैठक भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं साथ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए रामगढ़ ठाढ़ीहाट भाजपा के निर्वतमान मंडल अध्यक्ष निरंजन मंडल ने कहा कि भाजपा नेता राजू पुजहर क्षेत्र में काफी सक्रिय हैं। वह क्षेत्र के जनमानस की समस्याओं को सुनते हैं और त्वरित समाधान का प्रयास शुरू कर देते हैं। वहीं वह कार्यकर्ताओं को हमेशा मान सम्मान देते हैं उनके सुख और दुख में कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा डटे रहते हैं। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नेता इंद्रकांत यादव ने कहा कि राजू पुजहर एवं परिवार के सदस्य लगातार तीन बार से मुखिया चुनाव जीतकर पंचायत के साथ साथ क्षेत्र के लोगों से हमेशा जुड़े रहते हैं और उनके समस्याओं का समाधान करते हैं वह सरल और सौम्य व्यवहार के नेता है। करोना काल के समय अपनी पहल से दो एबुलेंस की व्यवस्था क्षेत्र के लोगों के लिए किया गया था ताकि लोगों को भयंकर महामारी में सहयोग हो सके। वह हमेशा जामा विधानसभा क्षेत्र के लोगों से जुड़े रहते है। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने प्रस्ताव बनाकर अगामी विधानसभा चुनाव में राजू पुजहर को जामा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाने को लेकर मांग पत्र प्रदेश अध्यक्ष को दिया जाऐगा। बैठक के पश्चात राजू पुजहर ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। इस मौके पर भाजपा नेता निरजंन मंडल, इंद्रकांत यादव, पूर्व जिप सदस्य कन्हाई देहरी, मुखिया शंकर कोल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चेक बाउंस के आरोपी किशुन लाल सिंह को जेल

**बेरमो।** बोकारो जिले के कथारा ओ पी प्रभारी राजेश प्रजापति 23 अगस्त शुक्रवार को न्यायालय से चेक बाउंस मामले में फरार आरोपी को कथारा ओपी पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त बोकारो जिला के गोमियां थाना क्षेत्र के महली बांध टोला कदलवा गजार निवासी 43 वर्षीय किशुन लाल सिंह बताया जा रहा है।इस संबंध में जानकारी देते हुए भूड़कुड़वा वस्ती निवासी कामेश्वर यादव उर्फ ब्यासजी ने बताया कि आरोपी किशुन लाल सिंह द्वारा वर्ष 2017 में लेबर पेमेंट के नाम पर उससे कर्ज के तौर पर 1.40 लाख लिया गया था। काफी दबाव के बाद उसे आरोपी द्वारा वर्ष 2018 में 1.10 लाख का चेक दिया गया। उक्त चेक को बैंक में जमा करने के बाद आरोपी के बैंक खाता में राशि नहीं रहने के कारण चेक बाउंस हो गया, जिससे वह काफी मानसिक प्रताड़ना से गुजरा। यादव के अनुसार उसने आरोपी के खिलाफ तेनुघाट न्यायालय में मामला दर्ज कराया।


कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची
PR NO. - 332562

शुद्धि–पत्र

बैंक में तीन दिन के अवकाश रहने के कारण अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–टेण्डर रिफेन्स नम्बर – DOPR / DE / Ranchi /10/2024-24 में ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–21.08.2024 से 28.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक में आंशिक संशोधन करते हुए वेबसाईट में ई–निविदा की प्राप्त करने की अंतिम तिथि–02.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक एवं निविदा खोलने की तिथि 03.09. 2024 को विस्तारित करते हुए निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय। निविदा की शेष शर्त्ते यथावत रहेगी।

जिला अभियंता
जिला परिषद रॉंची

PR 333670 Panchayati Raj(24-25)#D


## मिनी अवैध अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने एसपी के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर चंदनकियारी थाना के बरमसिया ओपी अंतर्गत गोपीनाथ पुर के गोराईडीह में शम्भु कुमार गांधी के घर में छापामारी कर मिनी अवैध अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक ने चास एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित की जिसने छापामारी कर उक्त स्थान से विभिन्न कंपनी की विदेशी शराब की खाली शराब बनाने में प्रयोग की जाने वाली 01 मशीन भारी मात्रा में विभिन्न शराब कंपनियों के लेबल 5000 पीस व ढक्कन करीब 20000 पीस शराब बनाने में प्रयोग किया जाने वाला स्प्रीट करीब 50 लीटर शराब बनाने में प्रयोग किया जाने वाला ड्रम शराब की बोतल में भरा जाने वाला पाइप करीब 100 लीटर बनी हुई अवैध अंग्रेजी शराब शराब बनाने में उपयोग करने के लिए विभिन्न प्रकार की दवा तथा केमिकल रंग आदि बरामद किया। इस संबंध में चंदनकियारी के बरमसिया ओपी थाना कांड संख्या 153/24 दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस सिलसिले में शम्भु कुमार गांधी तथा सहदेव मांझी को गिरफ्तार किया है। छापामारी दल में चास के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के साथ चास के पुलिस निरीक्षक खुर्शीद आलम कौशलेन्द्र कुमार जीत कुमार चौधरी आदि शामिल थे।


कार्यालयः– असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू
Email :- Civilsurgeonpalamu@gmail.com

–: जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू :–
In Ref. To Letter No. 2600 Date. 23.08.2024

– आवश्यक सूचना –

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 04/2023 के आलोक में सभी अभ्यर्थियों/आवेदनकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त विज्ञापन संख्या के Sl.No. 05 में Post Code – Staff Nurse RCH के ST के रिक्त पद में टंकण त्रुटि के कारण 02 के स्थान पर 05 अंकित हो गया है।
अतः प्रकाशित विज्ञापन संख्या 04/2023 के Sl.No. 05 में Post Code – Staff Nurse RCH अन्तर्गत ST का कुल रिक्त पद 02 समझा जाए एवं पढ़ा जाए।
PR 313199 District (23-24), D
शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 333656 District(24-25)#D


## गुम हुई मोबाइल एक माह बाद बरामद

**गोड्डा।** मेरे एक मित्र रंजीत की एंड्रॉयड मोबाइल राउतरा चौक पर गुम हो गई बहुत तलाश करने के बावजूद भी नहीं मिली। नगर थाना गोड्डा में इसकी लिखित सूचना देते हुए नगर थाना प्रभारी गोड्डा पुलिस निरीक्षक दिनेश मोहली से आग्रह किया इस मोबाइल की तलाश करने की कोशिश करें अगर मिल जाय तो बहुत आभार होगा। थाना प्रभारी गोड्डा ने आवेदन लेते हुए कहा कोशिश करता हूँ और उन्होंने मोबाइल की खोज प्रारम्भ की लोकेशन पर जाकर पता चला।


कार्यालयः–असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार
Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com

जिला खनिजफा उंडेशन ट्रस्ट (DMFT)लातेहार के अंतर्गत संविदा/अनुबंध के आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के पद परचयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

विज्ञापन सं0–02/2024 (DMFT) आवेदन की अंतिम तिथि–13.09.2024.

जिला लातेहार के अंतर्गत जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के तहत जिले के निवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता हेतु सदर अस्पताल लातेहार के लिए अनुबंध/संविदा के आधार पर औपबंधिक एवं अस्थायी रूपसे आवश्यकता आधारित नीचे अंकित पद पर चयन/नियुक्ति हेतु हांथो–हांथ/निबंधित डाक/स्पीडपोस्ट के माध्यम से इच्छुक उम्मिदवारों से निम्नवत् रूप से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–
01.जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के अधीन आवश्यकता आधारित (संविदा/अनुबंध) पदों का विवरण निम्नवत् है:–

पदों की विवरणी:–

| क्र0 | पदनाम | आवश्यकता आधारित कोटिवार कुल रिक्ति | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | आ0व0क0व0 | अ0जा0 | अ0ज0जा0 | कुल |
| 1 | Anesthetist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |

➢ उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्तें, अर्हता, आवेदन का प्रपत्र आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट http://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

सिविलसर्जन, लातेहार

PR 333682 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D



उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,लोहरदगा
(समाज कल्याण)
दूरभाष संख्या :-06526-295011 / फैक्स संख्या :-295011
email :- awc4.monitoring@gmail.com

आम–सूचना

लोहरदगा जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्ड/परियोजनों में संचालित नवस्वीकृत सहित ऑगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त सेविका एवम् सहायिकाओं के पदों पर चयन हेतु आम–सभा की निर्धारित तिथिवार विवरणी :–

| क्र0 | परियोजना का नाम | पंचायत का नाम | ऑगनवाडी केन्द्र का नाम | पद का नाम | चयन की तिथि | आम सभा का स्थल | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कुडू | कुडू | कुडू जामुन टोली | सेविका | 03.09.2024 | ऑ0के0, कुडू जामुन टोली | 11:00 Am |
| 2 | कुडू | चकरगढ़ | लापूर–। | सहायिका | 03.09.2024 | ऑ0के0, लापूर–। | 02:30 Pm |
| 3 | कुडू | बड़की चॉपी | कुन्दगढ़ा | सहायिका | 04.09.2024 | ऑ0के0, कुन्दगढ़ा | 11:00 Am |
| 4 | भण्डरा | नगजुआ | नगजुआ टिकरा टोली | सहायिका | 05.09.2024 | ऑ0के0, नगजुआ टिकरा टोली | 11:00 Am |
| 5 | भण्डरा | नरौली | चरिमा–। | सहायिका | 05.09.2024 | ऑ0के0, चरिमा–। | 02:00 Pm |
| 6 | किस्को | पाखर | पोखरा पाठ पाखर (PVTG) | सेविका | 13.09.2024 | स्थानीय–अखड़ा | 11:30Am |
| 7 | लोहरदगा सदर | हिरही | कुजरा साहू टोली | सहायिका | 12.09.2024 | ऑ0के0, कुजरा साहु टोली | 11:00 Am |

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 333653 Chatra(24-25).D

समय **संवाद**

वर्तमान समय में हिंदी भारतीय जनमानस के व्यवहार के बल पर आगे बढ़ रही है। देश के 70 करोड़ लोग हिंदी को बोल और समझ रहे हैं। संचार माध्यमों एवं सोशल मीडिया में हिंदी की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। बाजार जन व्यवहार से प्रभावित होता है। अलग-अलग उत्पादों का निर्माण करने वाली कंपनियां अपने उत्पाद को करीब 70 करोड़ भारतवासियों तक पहुंचाने के लिए माध्यम के रूप में हिंदी भाषा और हिंदी संचार भाषा के मामले में एक अच्छी बात यह है कि यह पूर्णतया सरकार के भरोसे नहीं होती। राजाश्रय न मिलने पर भी भाषाएं लोगों के आचरण के बल पर आगे बढ़ती रही हैं। माध्यमों का उपयोग कर रही हैं। इससे हिंदी को बल मिला है।

# नयी चेतना और ऊर्जा से बढ़ती हिंदी



**डॉ मेरी ग्रेस**

**भूगोल** के मानचित्र पर दर्शित की गई रेखाओं मात्र से राष्ट्र का निर्माण नहीं होता। राष्ट्र बनता है समृद्ध विरासत, समेकित संस्कृति, स्वतंत्र चेतना और निज भाषा से। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जब आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी, तब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित सभी प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों ने राष्ट्रीय एकता एवं स्वतंत्रता की चेतना के विस्तार के लिए हिंदी के महत्व को स्वीकार किया था। उत्तर भारत के विभिन्न शहरों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए तो अनेक संस्थाएं बनी ही थीं। साथ ही दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में भी हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए अनेक संस्थाएं बनाई गई थीं। 1918 में इंदौर हिंदी साहित्य सम्मेलन में बापू की पहल पर दक्षिण भारत प्रचार सभा का गठन किया गया था। किसी तरह पूर्वोत्तर भारत में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए 1938 में असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति तथा केरल में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए केरल हिंदी प्रचार सभा का गठन किया गया था। मुंबई प्रांत में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, प्रथम मुंबई हिंदी विद्यापीठ सहित अनेक संस्थाएं कार्यरत थीं। 1924 में कांग्रेस के बेलगांव सम्मेलन में कांग्रेसी कार्यकताओं द्वारा हिंदी का प्रचार-प्रसार करने और 1925 में कानपुर अधिवेशन में कांग्रेस के सभी कार्य हिंदी भाषा में करने संबंधित प्रस्ताव पारित हुए थे।

15 अगस्त,1947 को जब देश आजाद हुआ तो सब को लगा कि ब्रिटिश शासन के साथ-साथ विदेशी भाषा से भी मुक्ति मिल गई है। हिंदी भाषा के प्रेमियों ने विशेष उत्साह दिखाया। सबको उम्मीद थी कि एकमत से राष्ट्रीय चेतना जगाने वाली भाषा हिंदी को देश की राजभाषा और सरकारी कामकाज की भाषा के रूप में स्वीकार कर लिया जाएगा। 14 सितंबर,1949 को संविधान सभा ने संघ की राजभाषा के रूप में हिंदी और देवनागरी को लिपि के रूप में स्वीकार किया। साथ ही अंकों के अंतरराष्ट्रीय मानक रूप को स्वीकार किया गया। लेकिन, दुर्भाग्य से भाषा की राजनीति ने पूरे देश की भाषा के रूप में हिंदी के विकास के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी को भी सरकारी कामकाज की भाषा के रूप में स्वीकार कर लिया गया और अंग्रेजी को न्यायालयों की भाषा मान लिया गया। इस प्रावधान के कारण सरकारी तंत्र को ब्रिटिश व्यवस्था के अंधानुकरण की सुविधा मिल गई। अधिकांश वरिष्ठ कर्मी अंग्रेजी में कार्य करते रहे। स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 साल के बाद भी कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है। निजी कंपनियों के दफ्तरों में अंग्रेजी में काम करने वाले कर्मचारी उत्पादों को बेचने के लिए हिंदी भाषा में ही संवाद करते हैं और हिंदी भाषा में ही प्रचार सामग्री बनवाते हैं। तकनीकी विकास और यूनिकोड के कारण हिंदी में टाइप करना आसान हो गया है। ऐसे में हिंदी प्रांतों के अधिकांश युवा सोशल मीडिया पर भी हिंदी में ही अपनी भावनाओं और विचारों को अभिव्यक्त कर रहे हैं। इससे हिंदी को ताकत मिल रही है। वैश्वीकरण और सूचना-तकनीकी क्रांति के बाद हिंदी भाषा में दूसरी भाषाओं के शब्दों को तेजी से स्वीकार किया जाने लगा है। जिस भाषा में जितने अधिक शब्द होते हैं, वह भाषा उतनी ही समृद्ध होती चली जाती है।



पिछले एक दशक में हजारों देसज और विदेशी शब्दों कों हिंदी समाज ने स्वीकार किया है जिससे भाषा के रूप में हिंदी को विस्तार मिला है। बोलने वालों की संख्या के आधार पर विश्व की सबसे चौथी बड़ी भाषा हिंदी नई चेतना से लबरेज है और सबको सम्मान देते हुए सबकी स्वीकृति के लिए सतत प्रयत्नशील है।

# राम ने जीवन में भक्ति का निमार्ण भी धर्य से किया

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्त ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है। राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया। वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है। गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

(ब्रम्ह्त विद्यालय आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर, शाखा कुटी रांची)

# लहसुन की चाय



**मिताली जैन**

**हेल्थ** एक्सपर्ट बताते हैं कि लहसुन की चाय कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करती है। जिसके कारण यह मधुमेह से जुड़े अन्य स्वास्थ्य जोखिमों को कम करता है।

लहसुन जिसका इस्तेमाल लगभग हर भारतीय किचन में किया जाता है, सदियों से अपने औषधीय गुणों के कारण स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी मानी जाती रही है। अमूमन घरों में लोग इसे कई तरीके से इस्तेमाल करते हैं। वैसे अगर किसी व्यक्ति को हाई ब्लड शुगर या हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है तो उन्हें अपनी रेग्युलर चाय को लहसुन की चाय से स्विच कर देना चाहिए। **कम करे अमीनो एसिड होमोसिस्टीन**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप लहसुन की चाय का सेवन करते हैं तो इससे अमीनो एसिड होमोसिस्टीन को नेचुरली कम होता है। यह मधुमेह रोगियों के लिए एक बड़ा जोखिम कारक है। इस प्रकार लहसुन की चाय आपके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालती है।

**बेहतर प्रतिरक्षा तंत्र**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का मजबूत होना आवश्यक है। इस लिहाज से भी लहसुन की चाय आपके लिए लाभदायक है। यह एक शक्तिशाली एंटीबायोटिक पेय है, जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा में सुधार करता है। इसके अलावा, लहसुन में विटामिन सी होता है, जो हमारी प्रतिरक्षा को बढ़ाने में मदद करता है और हमारे अंगों को कार्यशील और स्वस्थ रखता है।

**लक्षणों को करे कम**

# रेडियो के जरिये जेल में शिक्षा की अलख

**डॉ. वर्तिका नन्दा**

पत्रकारिता विषय में ग्रेजुएशन कर चुके अशोक कुमार 56 साल के हैं। वे इस दिशा में अपना कैरियर बनाना चाहते थे। मगर 2019 में उनकी ज़िंदगी की दिशा बदल गई। उन्हें जेल में आना पड़ा। फिर आने वाले कई दिन उदासी से भरे रहे। लेकिन एकाएक उनकी जिंदगी में एक और बड़ा बदलाव आया साल 2020 में, जब तिनका तिनका फाउंडेशन ने हरियाणा की जेलों में रेडियो लाने की मुहिम शुरू की। जनवरी 2021 में जिला जेल, पानीपत में हरियाणा के पहले जेल रेडियो का उद्घाटन हुआ। आज हरियाणा की 20 में से 12 जेलों में रेडियो अपनी उपस्थिति दर्ज करवा चुका है और इन्हीं में से एक है करनाल जेल। जिसमें 2021 से आज तक यह रेडियो हर रोज प्रसारण कर रहा है। इसी जेल में बंदी हैं- अशोक कुमार। जेल में रेडियो आया तो वे इसका हिस्सा बन गए। रेडियो जॉकी के तौर पर बोलना और रेडियो पर गाने सुनाना उनका शौक हो गया।

**जेल रेडियो ने फिर जोड़ा पत्रकारिता से**

अशोक कुमार ने हाल ही में जेल में मुलाकात के दौरान लेखिका को बताया, ह्यजेल में आने के बाद रेडियो मेरी जिंदगी का एक बड़ा सहारा बना। तिनका जेल रेडियो ने यह अहसास दिलाया कि जो पत्रकारिता जेल से बाहर मुझसे छूट गई थी, उससे एक नाता अब बन सकता है। रेडियो ने मेरी जिंदगी को मकसद दिया, मुझे एक नई पहचान और जेल में विशेष सम्मान। यह नाता अब न टूटे।ह्ल

**शिक्षा के प्रसार में बना मददगार**

अब अशोक जेल रेडियो पर रागिनी गाते हैं। पूरी जेल उनके गाए गानों की मुरीद हो गई गई। लेकिन गानों के अलावा जेल के रेडियो ने वहां शिक्षा के बड़े मकसद को भी पूरा किया। करनाल जेल में इस समय करीब 2000 बंदी हैं। इनमें करीब 60 महिलाएं हैं। जेल में इग्नू की क्लास चलती हैं। कई बंदी निरक्षर से साक्षर होने की कोशिश कर रहे हैं और कई साक्षर बंदी उच्च शिक्षा के लिए फॉर्म भर चुके हैं। अब अशोक कुमार और उनके साथ दो और बंदी- वीरेंद्र और सोनिया, जब जेल रेडियो के जरिये यह घोषणा करते हैं कि उनकी क्लास का समय हो गया है तो पढ़ने वाले बंदी क्लास के लिए समय पर पहुंचने औ? ठीक से पढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। जेल की डिप्टी सुपरिंटेंडेंट शैलाक्षी भारद्वाज बताती हैं, ह्यकरीब 90 फीसदी बंदी जेल रेडियो पर दी गयी सूचनाओं और घोषणाओं को अहमियत देते हैं। रेडियो पर जब उनका नाम पुकारा जाता है और क्लास में जब उनसे सही समय पर आग्रह किया जाता है तो वे इसे गंभीरता से लेते हैं। रेडियो पर कही जा रही बात और उनके नाम की पुकार उन्हें प्रेरित करती है।

**जेल की जिंदगी में उम्मीदों की पतवार**

जेल में कई बार जो काम प्रशासन नहीं कर पाता, वह रेडियो का माइक करता है। यह सच्चाई है कि जेल की याद आमतौर पर लोगों को नहीं आती है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि जेल में ह्यइंद्रधनुषह्ल बनाने की कोशिश न की जाए। धीरे-धीरे इन जेलों में इंद्रधनुष बन रहे हैं और उम्मीदों का सागर उफान पर है।

इस काम को कर रहा है- तिनका जेल रेडियो। जिसकी ये सारी कोशिशें स्वैच्छिक और अवैतनिक हैं। इसमें किसी तरह का कोई आर्थिक सहयोग नहीं। यह भी एक वजह है कि पूंजी की चाह रखने वाले इस तरह की मुहिम से जुड़ना नहीं चाहते लेकिन यज्ञ यानी अच्छे काम इसी तरह से संपन्न हुआ करते हैं।

# नेति, स्वांस रोगों का उपचार

**स्वामी मुक्तरथ**



**कोरोना** वायरस का संक्रमण थमने के नाम नहीं ले रहा। नियमित गरारे और जल नेती करना कोविड 19 की रोकथाम में बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। मैंने सैकड़ों लोगों को जिनमें अधिकांश युवा थे नेति कराकर कोरोना के संक्रमण का असर को कम और समाप्त किया है। जापान में मास्क लगाने और हाथ धोने को इंन्फ्लूएंजा नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय दिशानिर्देश में शामिल किया गया, इसी तरह जल नेती और गरारे का कोरोना महामारी में भी व्यक्तिगत रुचि के मुताबिक प्रयोग किया जा सकता है।

जल नेति योग करने के लिए आप सबसे एक नेति पॉट ले, जो आपकी नाक में अच्छे से सेट हो जाएं।अब इस नेति पॉट में थोड़ा गर्म यानि गुनगुना पानी (तापमान 38-40 डिग्री सेल्सियस) लें और इसमें एक एक चुटकी नमक मिला लें अर्थात 1 लीटर पानी प्रति 1 चम्मच नमक मिलाएं। ध्यान रखने अधिक नमक को पानी में ना मिलाएं।जल नेति को करने के लिए आप बैठ जाएं और अपने दोनों पैरों के बीच में थोड़ी सी दूरी रखें। अपने मुँह से साँस लेना शुरू करे और अपने सिर को थोड़ा नीचे की ओर झुका लें।

आप जल नेति योग को खड़े होकर और कमर से थोड़ा झुक कर भी कर सकते है।

अब आप पानी से भरे हुए नेति पॉट ले और उसे अपनी दायीं नाक में लगा कर धीरे-धीरे पानी डालें।

बायीं नाक से इस पानी को बाहर निकालते जाएं।

अब फिर से बायीं नाक में नेति पॉट लगा कर पानी डालें और दायीं नाक से अपनी को बाहर निकाले।

ध्यान रखें की पानी धीरे-धीरे और कम मात्रा में डालना हैं।


इस क्रिया आप दोनों नाक से करें आप जल नेति योग को खड़े होकर और कमर से थोड़ा झुक कर भी कर सकते है।

अधिक गर्म पानी का प्रयोग करने से आपके नाक में जलन और दर्द की समस्या उत्त्पन्न हो सकती है।

जल नेति क्रिया का दौरान अधिक नमक का प्रयोग करने से आपकी नाक में जलन हो सकती है जिससे आपकी नाक से खून भी निकल सकता है।जल नेति तकनीक में खराब पानी या संक्रमण वाला पानी प्रयोग करने से आपकी नाक में भी संक्रमण का खतरा बढ़ जाता हैं।अधिक नमक के प्रयोग से या अधिक अवधि तक जल नेति क्रिया को करने से आपकी आँखों और कानों में भी दर्द हो सकता हैं।

(लेखक योग विशेषज्ञ हैं और सत्यानंद योग मिशन रिखिया आश्रम देवघर से जुड़ें हैं।)

# परफेक्शन की आदत में मनोरोग के जोखिम भी



**कुसुम पी**

हरेक काम में परफेक्शन ढूंढने वाले, बहुत चतुर और बेहद विचार करके कोई कदम उठाने वाले लोग समाज में आदर्श-सफल माने जाते हैं। लेकिन कई अध्ययनों के आधार पर मनोवैज्ञानिक इन कथित अच्छी आदतों को पर्सनैलिटी डिसआर्डर यानी मानसिक विकार की श्रेणी में रखते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि किसी चुस्त-दुरुस्त और परफेक्शनिस्ट को समाज में लोग अनुशासित, ईमानदार और सफल लोगों की श्रेणी में रखते हैं। लेकिन सही बात यह है कि एक हद से ज्यादा परफेक्शन की तलाश, किसी को पलभर में भांप लेने की काबिलियत, हर बात का मतलब निकाल लेना और किसी काम को करने के पहले उसके बारे में जरूरत से ज्यादा सोचना ये सब अच्छी से कहीं ज्यादा बुरी आदतें हैं। मनोवैज्ञानिक और चिकित्सक इस बात पर सहमत हैं कि ये आदतें वास्तव में पर्सनैलिटी डिसऑर्डर हैं। आइये जानते हैं कि क्यों इन आदतों को पर्सनैलिटी की खामियों में शुमार किया गया है।

## परफेक्शन की तलाश

आपके इर्दगिर्द कई लोग ऐसे मिल जाएंगे, चाहे दफ्तर में हो, मोहल्ले में हो या घर में ही हो, जो गर्व से कहते हैं कि मैं तो चीजों को बहुत परफेक्ट करता हूं। जरा सा भी कमी बर्दाश्त नहीं कर सकता। अच्छी बात है। समाज में ऐसे लोगों को इज्जत से ही देखा जाता है। लेकिन अगर मेडिकल और मनोविज्ञान की नजरों में देखें तो हर चीज में परफेक्शन की तलाश करना यानी बहुत शुद्धतावादी होना, समझदारी नहीं पागलपन है। एक स्थिति के बाद आपका यह पूर्णतावाद दूसरों को ही नहीं बल्कि आपको ही परेशान करने लगता है। पर्थ में कॉर्डिन विश्वविद्यालय की वरिष्ठ शोध फेलो सारा इगन कहती हैं, ह्यकिसी व्यक्ति में जितना परफेक्शन के प्रति आग्रह होगा, वह उतनी ही ज्यादा मनोवैज्ञानिक विकारों से पीड़ित होगा या भविष्य में हो सकता है।ह्ल सारा इगन पूर्णतावाद के विकार और चिंता की विशेषज्ञ हैं, उनके मुताबिक, ह्यपरफेक्शन एक ऐसी बीमारी है, जो काम से शुरू होती है और आपकी जिंदगी के हर हिस्से में आ धमकती है।ह्ल इसलिए एक हद के बाद परफेक्शन से तौबा कर लेना चाहिए।

## जरूरत से ज्यादा चतुर होना

मनोवैज्ञानिक अध्ययन इस बात को साबित करते हैं कि जरूरत से ज्यादा चतुर होना, फायदेमंद नहीं बल्कि नुकसानदायक होता है। मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक, लोग इस बात को नहीं जानते कि अज्ञानता भी सुख है और बहुत ज्यादा उच्च आईक्यू सुख की बजाय दुख में परिवर्तित हो जाता है। दुनिया के ज्यादातर जीनियस लोगों के किस्से पढ़िए, वे हताशा और अकेलेपन की समस्या से ग्रस्त रहे हैं। चाहे चमकते फिल्मी सितारे हों, प्रसिद्ध खिलाड़ी हों या लोकप्रिय लेखक हों। वर्जीनिया वुल्फ और अर्नेस्ट हेमिंग्वे से लेकर टाइगर वुड तक ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जो बहुत सफलता हासिल करने के बाद जीवनभर दुख-परेशानी में डूबे रहे, क्योंकि कहा जा सकता है कि वे जरूरत से ज्यादा बुद्धिमान या चालाक थे। अध्ययन पुष्टि करते हैं कि अगर आपको खुश व बेफिक्र रहना है, तो ज्यादा बुद्धिमान होना नुकसानदायक है। इसलिए अगर आपका बच्चा बहुत शार्प नहीं है तो फिर खुश हो जाइये कि उसमें खुश रहने के गुण मौजूद हैं।

## हर बात का मतलब खोजना

कुछ लोग बड़े ओवर थिंकर होते हैं। वे हर चीज का कोई न कोई मतलब जरूर खोजते हैं और कई बार ये बेमतलब होता है। अगर आप साहित्य के आलोचकों को पढ़ें तो हैरान हो जाएंगे कि वे कवियों की सामान्य कविताओं में खो सकते हैं जिनका मतलब सिर्फ शब्द और लय का आनंद लेना हो। पूरे 24 घंटे में किए गए हमारे हर काम का जरूरी नहीं है कोई दूरगामी मतलब ही हो। लेकिन कुछ लोग आपकी अंगुली उठने, अंगुली गिरने से लेकर नजरें उठाने और नजरें गिराने तक के भी गूढ़ अर्थ निकालते हैं। यह विकार है, शार्पनेस नहीं।

## जरूरत से ज्यादा सोचना

कुछ लोग किसी भी काम को करने के पहले उस पर इतना ज्यादा सोचते हैं कि ज्यादातर मौकों पर वे उसे करते ही नहीं। इस पर उन्हें कोई पछतावा भी नहीं होता बल्कि वे अपने इस सोचने के तरीके को शुक्रगुजार मानते हैं कि वे उस काम को करने से बच गए, क्योंकि इन्होंने सोच लिया होता है उसमें हर हाल में नुकसान होना था। कुछ और लोग किसी काम करने के पहले बहुत ज्यादा होमवर्क को सही मानते हैं। यह बात हमेशा सही नहीं होती बल्कि ज्यादातर मौकों पर गलत होती है। जब हम किसी योजना के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं तो 90 फीसदी मौकों पर हम उसे छोड़ देते हैं, काम नहीं करते।

ज्यादा सोचने से आदमी का दिमाग भी शरीर की तरह थक जाता है और जिस विषय में ज्यादा सोचते हैं, उससे अरुचि या घृणा हो जाती है। जिस कारण आमतौर पर जिन योजनाओं के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं, ज्यादातर बार उन्हें छोड़ना पड़ जाता है। इसलिए अगर कुछ करना चाहते हैं तो बिना सोचे करने की सलाह तो कोई नहीं देगा, लेकिन बेहद सोचते रहना भी सही नहीं होगा।

(लेखिका बोस्टन यूएसए)

# यूरिक एसिड पर कंट्रोल करेंगे ये फ्रूट्स

**निधि सिंह**

**शरीर** में यूरिक एसिड का उच्च स्तर गठिया जैसे विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों का कारण बन सकता है। वहीं, संतुलित आहार खाना बेहद आवश्यक होता है जिसमें काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, अच्छे और स्वस्थ फैटी एसिड, विटामिन और खनिज जैसे सभी आवश्यक पोषक तत्व शामिल होते हैं।

यूरिक एसिड रक्त में पाया जाने वाला एक रसायन है जो तब बनता है जब आपके शरीर में प्यूरीन नामक पदार्थ टूटता है। प्यूरीन मटर, पालक, मशरूम, सूखे सेम और यहां तक कि बीयर जैसे खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। शरीर में यूरिक एसिड का उच्च स्तर गठिया जैसे विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों का कारण बन सकता है। वहीं, संतुलित आहार खाना बेहद आवश्यक होता है जिसमें काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, अच्छे और स्वस्थ फैटी एसिड, विटामिन और खनिज जैसे सभी आवश्यक पोषक तत्व शामिल होते हैं। रक्त में उच्च यूरिक एसिड स्तर से पीड़ित लोगों को सही और स्वस्थ खाद्य पदार्थ लेने में थोड़ी मुश्किल होती है, जिन्हें वे अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

बेरीः बेरीज जैसे स्ट्रॅाबेरी, ब्लूबेरी, रास्बेरी में एंटीथोकायनिन नामक पदार्थ से बने एन्टीइनफ्लैमटरी गुण होते हैं। यह विशेष पदार्थ उच्च यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में फायदेमंद और सहायक हैं। यह यूरिक एसिड को क्रिस्टलीकरण करने और जोड़ों में जमा होने से रोकता है जो बाद में संयुक्त दर्द को जन्म दे सकता है। साथ ही, इनमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है जो रक्त में यूरिक एसिड को कम करने में मदद करता है।

चेरी:शरीर में यूरिक एसिड के उच्च स्तर



से पीड़ित लोगों के लिए सही प्रकार के फलों को चुनना यूरिक एसिड के स्तर को बनाए रखने में मदद कर सकता है। यह हमेशा सुझाव दिया जाता है कि शरीर में यूरिक एसिड के बढ़े स्तर से पीड़ित होने पर आहार में किसी भी खट्टे फल को शामिल न करें। चेरी खाने का एक और कारण है कि वे एसिड को बेअसर कर देते हैं और सूजन और दर्द को रोकने में मदद करते हैं।

सेबःअपने आहार में सेब को शामिल अवश्य करें। चूंकि सेब मैलिक एसिड से समृद्ध होते हैं इसलिए वे रक्त प्रवाह में यूरिक एसिड को बेअसर करते हैं। इससे उन रोगियों को राहत मिलती है जो उच्च यूरिक एसिड की स्थिति से पीड़ित हैं।

ककड़ी और गाजरः अगर आपके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा अधिक है तो गाजर और खीरा स्वास्थ्य इसके लिए बहुत अच्छा माना गया है।

गाजर एंटी-ऑक्सिडेंट में बेहद समृद्ध हैं जो एंजाइम के उत्पादन को नियंत्रित करने में अच्छा होता है। अपने उच्च फाइबर सामग्री के कारण, वे यूरिक एसिड सामग्री को शरीर से बाहर निकालने में भी सहायक होते हैं।

ककड़ी उन लोगों के लिए एक बढ़िया विकल्प है जिनके रक्त में उच्च यूरिक एसिड होता है।

नींबूः नींबू के रस में साइट्रिक एसिड पाया जाता है जो यूरिक एसिड का एक सोल्वेंट होता है, इसलिए इसे अपने दैनिक आहार में शामिल करना पर उच्च यूरिक एसिड स्तर को रोकने में सहायक होता है। एक गिलास पानी में आधा नींबू का रस निचोड़ें और इसे रोज पियें।

केलाः केले को अपने आहार में जरूर शामिल करना चाहिए, क्योंकि यह अतिरिक्त यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में फायदेमंद है। संतराः सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने के लिए अपने आहार में विटामिन सी से भरपूर फलों को शामिल करें। अध्ययनों से पता चला है कि हर दिन 500 मिलीग्राम विटामिन सी का सेवन करने से यूरिक एसिड का स्तर बहुत कम समय में घट सकता है। संतरे या मीठे नींबू का रस विटामिन सी में समृद्ध होता है।

## कॉटून वर्ल्ड

### कट्टरपंथ में औरत की कैसी जिंदगी



साभारः कॉटून मूवमेंट डॉट काम

## स्पीड न्यूज

### राधा कृष्ण बाल स्वरूप प्रतियोगिता



टाटीझरिया। एडिशन पब्लिक स्कूल परिसर में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा नर्सरी , एलकेजी एवं यूकेजी विद्याथीयी के बीच विद्यालय परिवार के ओर से कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर शनिवार को राधा कृष्ण बाल स्वरूप प्रतियोगिता हुआ। प्राधानध्यापिका सुधा कुमारी ने बताया कि कुछ विशेष पर्व त्योहारों के मौके पर बच्चों के बीच इस तरह की कार्यक्रम की जाती है। जिससे की बच्चो में मानसिक सह बौद्धिक विकास में सहूलियत मिल सके । उन्होंने यह भी कहा कई छात्र छात्राओं ने विभिन्न आकर्षक मनमोहक वेश भूषा अंग वस्त्र बाल स्वरूप राधा कृष्ण का प्रदर्शन,नृत्य, नाटक प्रस्तुत किया है। जो बच्चे कार्यक्रम में शामिल होकर बेहतर प्रदर्शन किए है । उन्हें विद्यालय परिवार की ओर से उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उपहार और प्रदर्शन प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अर्पण गोस्वामी,अनुराधा कुमारी,ममता कुमारी,पायल रानी,समीक्षा रंजन संग कई शिक्षक शिक्षिका जुटे हुए थे।

### सर्वोदय निकेतन में ड्रेस प्रतियोगिता



कुजू। सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुआ। बाल वाटिका कक्षाओं के नन्हे मुन्ने बच्चे कृष्ण, राधा, ग्वाल बाल, गोपी और द्वारपाल आदि अनेक वेशभूषा में उपस्थित हुए और मौके पर बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण से संबंधित गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने कहा कि सभी छोटे बच्चों में कृष्ण और राधा की छवि दर्शनीय होती है।बच्चे भगवान श्री कृष्ण की बाल्यावस्था की घटनाओं से काफी कुछ सीख सकते हैं। क्योंकि श्री कृष्ण ने अपने बाल्यकाल में जनकल्याण हेतु बहुत सारी लीलाएं की हैं। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिकाओं दीपा रानी और रजनी कुमारी ने किया। वहीं सिंधु गुप्ता, पूजा सिंह, अनीता राज मुंडा, ज्योति कुमारी और गजाला परवीन आदि शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

### ए ला एंग्लाइज में कराटे शिविर संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में चल रहे दो दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हुआ। शिविर का जायजा ले रहे विद्यालय के प्राचार्य बिजयंत कुमार ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है, यह बच्चों को अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खास करके लड़कियों को मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग जरूर लेना चाहिए। प्राचार्य श्री कुमार ने कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। विद्यालय का उद्देश्य ही बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। शिविर में यामिनी कुजूर, मानसी कुमारी, सैलवी, संजना, साक्षी, दिव्या, परी, संजना मरांडी, लक्ष्मी, खुशी, आराध्या,आदि ने काता, कुमिते, बोमकाई, बेसिक, किक, फाइट का प्रशिक्षण लिया।

### स्वतंत्र प्रकाशन का स्थापना दिवस आज

भुरकुंडा (रामगढ़)। स्वतंत्र प्रकाशन समूह का स्थापना दिवस समारोह रामगढ़ स्थित होटल शिवम इन के मुंशी प्रेमचंद सभागार में 25 अगस्त को मनाया जाएगा। प्रकाशन के संस्थापक और निदेशक सुशील स्वतंत्र ने बताया कि स्वतंत्र प्रकाशन की स्थापना के पीछे रामगढ़ शहर का बहुत बड़ा योगदान है। इसी शहर से एक वर्ष पूर्व प्रकाशन की शुरूआत हुई थी। स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखण्ड के वरिष्ठ साहित्यकार शम्भू बादल करेंगें।

### मां शीतला देवी मंदिर में भंडारा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा पिछले सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा हुआ। भंडारा का शुभारंभ अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद आज के प्रोजेक्ट चेयरपर्सन एवं जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जोन चेयरपर्सन एमजीएफ डॉ. राजेंद्र महतो व विजयंत कुमार ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 450 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया।

### संस्कार स्कूल में मना जन्माष्टमी



**गोला।** गोला और रजरप्पा स्थित संस्कार इंटरनेशनल स्कूल में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर एक भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अलग-अलग वेशभूषा धारण कर भगवान श्रीकृष्ण, राधा, बलराम, सुदामा आदि के रूप में विभिन्न प्रकार के किरदार निभाए। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रीकृष्ण के जीवन के विभिन्न पहलुओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उन्हें न केवल श्रीकृष्ण की लीलाओं का गहन ज्ञान प्राप्त हुआ, बल्कि उनके जीवन से संबंधित महत्वपूर्ण सीखें भी मिलीं। स्कूल के निदेशक रितेश केशरी ने बताया कि हमारा उद्देश्य बच्चों को न केवल शैक्षिक बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक शिक्षा भी प्रदान करना है। इस तरह के आयोजनों से बच्चों में संस्कृति के प्रति आदर और ज्ञान बढ़ता है। जन्माष्टमी महोत्सव के माध्यम से बच्चों ने श्रीकृष्ण के जीवन और उनकी शिक्षाओं को समझने का प्रयास किया, जिससे उन्हें नैतिकता और सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

इस महोत्सव ने बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को उजागर करने का एक अद्वितीय मंच प्रदान किया, साथ ही उन्हें भारतीय संस्कृति और धर्म के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर भी दिया। पूरे कार्यक्रम में बच्चों की मासूमियत, जोश और उत्साह देखते ही बनता था।

# सत्ता के लोभ में कांग्रेस ने देश को दाव पर लगाया : बाबूलाल

**जम्मू एवं कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस से गठबंधन कर कांग्रेस ने फिर राष्ट्र विरोधी मंसूबे को उजागर किया**

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राजधानी रांची से अपने गृह क्षेत्र गिरिडीह जिले के तीसरी प्रखंड स्थित ग्राम खोदाईबाग जाने के क्रम में हजारीबाग के नेशनल हाइवे स्थित भारत माता चौक के समीप अवस्थित होटल गीतांजलि पैराडाइज सभागार में शनिवार को प्रेस- वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत के मुकुट जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35 ए कलंक मिटाने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की थी और जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी है। यह चुनाव न केवल जम्मू कश्मीर के लोगों बल्कि लोकतंत्र में आस्था रखने वाले हर भारतीय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुनिया भर की निगाह आज इस और लगी हुई है। ऐसे महत्वपूर्ण चुनाव में हिंदी गठबंधन का नेतृत्व कर रही कांग्रेस ने अब्दुल्ला एंड सन फैमिली प्राइवेट लिमिटेड की नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन करके फिर एक बार अपने राष्ट्र विरोधी मंसूबे को उजागर कर दिया है । मरांडी ने कांग्रेस पार्टी और उसके राष्ट्र विरोधी एजेंडा पर कई सवाल उठाए और कांग्रेस एवं उनकी मानसिकता को बेनकाब किया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस



पार्टी जो बार-बार देश की एकता और सुरक्षा को सत्ता की लालच में खतरे में डालती रही है। उसी कांग्रेस ने एक बार फिर अपनी सत्ता की भूख के लिए देश को दाव पर लगा दिया है। बाबूलाल मरांडी ने नेशनल कांफ्रेंस के साथ जम्मू कश्मीर चुनाव में कांग्रेस के गठबंधन पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या कांग्रेस जम्मू कश्मीर के लिए अलग झंडा के वादे का समर्थन करती है? क्या राहुल गांधी नेशनल कांफ्रेंस के उसे फैसले का समर्थन करते हैं जिसमें धारा 370 और 35 ए को बहाल कर जम्मू कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के दौर में धकेलना की बात की जा रही है।

प्रेस- वार्ता में प्रदीप प्रसाद, भैया अभिमन्यु प्रसाद, राजकरण पांडेय, भाजपा नेता अनिल मिश्रा, जयनारायण प्रसाद, दिनेश सिंह राठौड़, विजय कुमार, किशोरी राणा, प्रकाश कुशवाहा, नारायण साव, दामोदर प्रसाद, महेश प्रसाद, समाजसेवी अविनाश गोप व अन्य उपस्थित थे।

# सांडी तिलैया में पलंबर की हत्या

**एसपी ने जल्द उद्‌भेदन करने का दिया निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के सांडी तिलैया स्थित रेलवे ओवरब्रिज पुल के समीप के पास शुक्रवार की देर प्लंबर मिस्त्री संजय बेदिया की गोली मारकर हत्या किए जाने को लेकर पुलिस पूरी तत्परता से जांच में जुटी है। मामले को लेकर शनिवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार घटना स्थल तिलैया पहुंचकर स्थानीय कई लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ किया। साथ ही परिजनों से मृतक के कामकाज आदि की जानकारी लिया। बाद कुजू ओपी पहुंचकर एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, इंस्पेक्टर मांडू सुरेश लिंडा, थाना प्रभारी रंजीत यादव, कुजू ओपी के सब इंस्पेक्टर रौशन कुमार को पुरी सख्ती के साथ जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस हर पहलू से गहन जांच में जुटी है। जल्द ही मामले का उदभेदन कर लिया जायेगा। इधर घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुराहाल है। बताया जाता है कि संजय बेदिया (उम्र 35 वर्ष ) पिता शिवनंदन बेदिया अपनी पत्नी मोनिता देवी को इलाज कराने के लिए शुक्रवार को ओरमांझी रांची स्थित फूआ सास के यहां से छोड़कर लौट रहा



था। वापसी के क्रम में जब वह सांडी पहुंचा तो जोर की बारिश होने लगी। बारिश कम होने के पश्चात जब घर के लिए निकला तो रेलवे ओवरब्रिज पुल के समीप ओवरटेक कर बाइक सवार अपराधी ने उसपर गोली चला दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना स्थल से जान बचाकर भागने में सफल रहा स्थानीय युवक। इधर जब पुलिस मामले को लेकर मृतक के घर पहुंचा तो वहां पर तिलैया का हीं एक डब्लू नामक युवक ने जानकारी दिया कि जिस समय यह घटना घटी थी उसी वक्त मैं वहां से गुजर रहा था। जब मैंने अपराधियों से कुछ भी पूछना चाहा तो उससे पहले वो बंदूक दिखा गोली मारने की बात कहने लगे। इसके बाद मैं वहां से अपनी बाइक छोड़ कर अपनी जान बचाकर भाग गया।

**माले ने हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की :** घटना के बाद भाकपा-माले के जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, लालचंद बेदिया जयनंदन गोप, लाली बेदिया समेट कई अन्य लोगों ने मृतक संजय बेदिया के पीड़ित परिवार से मिलकर ढ़ाढ़स बंधाया। साथ ही हत्या में शामिल अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।

### जदली ने एनटीपीसी के निदेशक का संभाला कार्यभार



भुरकुंडा (रामगढ़)। अनिल कुमार जदली ने शुक्रवार को एनटीपीसी के निदेशक (एचआर) के रूप में कार्यभार संभाला है। उन्होंने 1993 में एक कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में एनटीपीसी में अपना करियर शुरू किया था। एक कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में अपनी साधारण शुरूआत से एनटीपीसी में मानव संसाधन कार्य के शीर्ष पद तक उनका पहुंचना उनके जुनून, प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। उन्होंने गढ़वाल विश्वविद्यालय से कार्बनिक रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर किया है और एमडीआई, गुड़गांव से मानव संसाधन प्रबंधन में व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है।

### कॉलोनियों में पानी की आपूर्ति जल्द शुरू कराएं सीसीएल : रोशनलाल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बरका-सयाल प्रक्षेत्र अंतर्गत सीसीएल के कॉलोनियों में कई दिनों से जलापूर्ति बंद है। इससे लोगों को पानी के लिए भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने शनिवार को बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह से मुलाकात कर वार्ता की। इस दौरान रोशन लाल चौधरी ने क्षतिग्रस्त पाइपलाइन स्थल का भी निरीक्षण किया। चौधरी ने कहा की जल्द से जल्द पाइप मरम्मत कर जलापूर्ति सुचारू रूप से चालू नहीं हुई तो आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि पानी आपूर्ति को लेकर सीसीएल प्रबंधन गंभीर नहीं है, जिसके कारण लोगों के बीच पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

# दारू : अवैध वसूली के खिलाफ ट्रैक्टर मालिक गये हड़ताल पर

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारु।** दारु थाना क्षेत्र मे बालू के उठाव का मामला काफी गरमाया हुआ है। नदी घाटों से बालू निकालने के एवज मे दारु थाना पुलिस द्वारा एंट्री के नाम पर हर महीने एक निश्चित रकम तीन से चार हजार प्रतिमाह लेने का आरोप ट्रेक्टर मालिक लगा रहे है।ट्रेक्टर मालिकों का कहना है कि एंट्री की रकम नही देने पर उनकी गाडी पकड़ ली जाती है उसके बाद छोड़ने के एवज मे 30 से 50 हजार रुपैये की मांग की जाती है पैसा नही देने पर उनपर मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है।

थाना में एंट्री यदि दिया गया है तो अंचलाधिकारी जांच करने निकलते है और पकड़े जाने पर मोटी रकम लेकर तब छोड़ते है। गुरुवार और शुक्रवार को कवालू से दो और हरली से एक ट्रैक्टर सीओ नवीन भूषण कुल्लू ने पकड़ा जिन्हे मोटी रकम लेकर छोड़ दिया गया। इस तरह प्रशासन की दोहरी मार के कारण वे



सभी त्रस्त है और वे हड़ताल पर जाने को मजबूर है।दारु प्रखंड अंतर्गत लगभग 200 ट्रेक्टर शनिवार से खड़े हो गये जिस कारण ट्रेक्टर चालक और मजदूरों के बीच आने वाले दिनों मे भुखमरी की स्तिथि पैदा हो सकती है। अंचलाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू ने कहा कि सरकार के द्वारा बालू की ढुलाई वर्तमान में बंद है । अगर कोई ट्रैक्टर मालिक बालू का अवैध ढुलाई करता है तो एनजीटी के तहत पकड़कर मामला दर्ज कर दिया जाएगा। थाना प्रभारी शाफिक खान ने कहा कि आरोप निराधार है कोई दिन में बालू लेकर चलेगा तो उसे पकड़ा ही जाएगा।

### सांसद ने एवन मोटर के सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया

**चरही ।** रांची से हजारीबाग जाने के क्रम में शनिवार को सांसद मनीष जायसवाल ने चरही ओवर ब्रिज के पास एवन मोटर के टाटा कंपनी का सर्विस सेंटर का उद्धघाटन किया। कंपनी लोगों ने अंग वस्त्र और गुलदस्ता देकर स्वागत कियाा। जायसवाल ने कहा कि टाटा मोटर सर्विस सेंटर खोले जाने से चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र के मोटर वाहन मालिकों को सुविधा मिलेगी। यह भी कहा कि टाटा मोटर्स सर्विस सेंटर खोल कर सराहनीय कार्य किया है।यहां के मोटर मालिकों को दूर नहीं जाना पड़ेगा।वहीं संचालक एवन मोटर के टाटा कंपनी का सर्विस सेंटर मालिक ने कहा कि बेहतर सुविधा देने के लिए संस्थान सदैव तत्पर रहेगी। वहीं चरही तथा कोयलांचल के लोगों का प्यार बना रहे तो इसके आगे भी कई सुविधा मुहैया करायी जाएगी।इसके पूर्व सांसद मनीष जायसवाल को चरही चौक पर भव्य स्वागत किया गया। चूरचु प्रखंड जिला परिषद सदस्य बासुदेव करमाली,मुरारी सिंह, खोखा सिंह,बहेरा मुखिया देवकी महतो निशिकांत, रवि जायसवाल,लखराज सिंह,मनोज सिंह, उमेश सिंह,मांडू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष संजय साहु ,चौलेशवर महतो, उमेश सिंह व अन्य उपस्थित थे।

# हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की...

**श्री अग्रसेन स्कूल में बच्चों ने फोड़ा दही हांडी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चे मुकुट, बांसुरी, मोरपंख व मोतियों की रंग-बिरंगी माला धारण किये नटखट नंद गोपाल, राधा, सुदामा, वासुदेव, देवकी, ग्वाले और गोपियों की वेशभूषा में स्कूल पहुंचे थे।

विद्यार्थियों ने कृष्ण, राधा, गोपियों की वेशभूषा में लघु नाटिका के माध्यम से श्रीकृष्ण के जन्म, बाल्यावस्था की उनकी शरारतें, माखन चोरी, कृष्ण-सुदामा मिलन का मंचन किया। बच्चों ने विभिन्न गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया। बच्चों ने झूले का भी आनंद उठाया। इनके बीच रस्साकशी का भी मुकाबला हुआ। जिसमें कभी



नटखट बाल गोपाल की टोली तो कभी राधा और गोपियों की टोली ने जीत दर्ज की। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने बल और बुद्धि से बुराई पर विजय प्राप्त किया। श्रीकृष्ण के संदेशों को आत्मसात कर जीवन में सफलता पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमें परिणाम की चिंता किये बगैर पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि हमारे पर्व-त्योहार हमारी सभ्यता-संस्कृति के प्रतीक हैं। पर्व-त्योहार हम सभी को एक सूत्र में पिरोने का काम करते हैं। महोत्सव के अंत में सभी हाउस के लड़कों और लड़कियों की टीम ने बारी-बारी से दही हांडी फोड़कर कर आयोजन में चार चांद लगा दिया।\

शिक्षकों की टोली ने भी मटकी फोड़ी। इस दौरान हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की...., गोविंदा आला रे... आदि गीत बजते रहे। महोत्सव को सफल बनाने में साधना सिन्हा, नाजिया तौहिद, मम्पी पॉल, सोनम खातून, दिव्या केसरी, प्रीति कुमारी, रीता राय, सीमा लकड़ा आदि का योगदान रहा।

## एक नजर में

### धूमधाम से मनेगा गणपति महोत्सव



विष्णुगढ़। देवी मंदिर में श्री गणपति सार्वजनिक पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता शंकर कुमार एवं संचालक नीतीश कुमार ने किया सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कमेटी का पुनर्गठन करके अध्यक्ष शंकर कुमार उपाध्यक्ष बहादुर साव कसेरा एवं बिरजू कुमार कसेरा सचिव नितीश कुमार उपसचिव विक्रम कुमार कसेरा कोषाध्यक्ष संदीप कुमार कसेरा उपकोषाध्यक्ष उमाशंकर कुमार मीडिया प्रभारी रणधीर कुमार कसेरा को चुना गया बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस बार भी गणपति महोत्सव मनाया जाएगा। 6 सितंबर को एंबीशन पब्लिक स्कूल के बच्चे के द्वारा दाण्डिया प्रस्तुति के साथ प्रतिमा आगमन का कार्यक्रम रखा गया है। 7 सितंबर से 5 दिवसीय पूजा तथा बाल नृत्य प्रतियोगिता एवं माता रानी का जागरण होगा। 11 सितंबरको प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा इस बार प्रतिमा विसर्जन में डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। बैठक में मुखिया रामचंद्र यादव, पूर्व मुखिया संजय प्रसाद, विनोद प्रसाद कसेरा, गुरु प्रसाद साव, आदि दर्जनों की संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज में डेवलपमेंट प्रोग्राम



**पदमा।** मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन द्वारा कोलकाता की संस्थान 'सीसीओपीएल ग्लोबल इंस्टिट्यूट' के सहयोग से महाविद्यालय के प्राध्यापकों के लिए 20 से 27 अगस्त तक कार्यक्रम अग्रसर है। 20 अगस्त को संस्था के उप सचिव अजीत कुमार, प्राचार्य डॉक्टर चेतलाल प्रसाद तथा विशेषज्ञ डॉ.वीके सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का आरंभ तथा कार्यक्रम के महत्व पर चर्चा के उपरांत कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस डॉ बी.के. सिंह, प्राध्यापक, रसायन शास्त्र, संत कोलंबा, महाविद्यालय ने विषय प्रवेश कराया तथा 'सॉफ्ट स्किल' तथा 'प्राध्यापकों के लिए इसके महत्व' पर चर्चा किया। निदेशक रवि प्रकाश ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का उद्देश्य है कि प्राध्यापकगण एक नई ऊर्जा के साथ संस्थान में अपना योगदान दे सके।

### ओएनजीसी क्वार्टर में युवक का शव मिला

**बड़कागांव।** ढेंगा देवी मंडप के पास ओएनजीसी के पुराना क्वार्टर में कदमाडीह निवासी नेतलाल सिंह के 35 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार सिंह का आज करीब 3 बजे एक रस्सी से झूलता हुआ शव देखा गया। चरवाहों ने देखा और हो हल्ला किया। उसके बाद गांव वालों ने पहचान की। मुकेश कुमार को तीन दिन पहले देखा गया उसके बाद से वह गायब था। बताया जाता है कि मुकेश को नशा का लत था। बड़कागांव पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हजारीबाग पोस्टमार्टम के लिए भेजा । शव की स्थिति को देखते हुए कई तरह की चचाएं हो रही है। बताया जाता है कि मुकेश के माथा के पीछे से चोट लगा हुआ है। नया लेलुन के रस्सी से चार-पांच गांठ लगा हुआ था। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

### कबिलासी में वज्रपात से दो मवेशियों की मौत

**दारू।** प्रखंड के काबिलासी पंचायत में तेज बारिश और वज्रपात से दो मवेशियों की मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोपहर को अचानक तेज बारिश हो वज्रपात से मैदान में चर रहे मवेशी की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी एक मवेशी अकबर मियां जो की सिलाडिह के रहने वाले हैं और दूसरा मवेशी कृष्णा महतो बलिया का है ।

### छात्रों को दी गयी फाइलेरिया की खुराक

**बरही।** रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही में शनिवार को अनुमंडल अस्पताल द्वारा फाइलेरिया निवारण के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को उनकी लंबाई के अनुसार फाइलेरिया की खुराक दी गई। पीसीआई के रामेंद्र गिरि, पिरांगल फाउंडेशन के प्रमोद कुमार सिंह, मलेरिया सुपरवाइजर मो. इरशाद और एएनएम सावित्री, निर्मला, संयुक्ता सिन्हा और सरिता देवी शामिल थे। कार्यशाला में फाइलेरिया के प्रति जागरूकता फैलाने और इससे बचाव के उपायों पर चर्चा की गई। इसके बाद, महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को उनकी लंबाई के अनुसार फाइलेरिया की खुराक दी गई। महाविद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और दवा का सेवन किया।

### देवचन्दा मोड़ स्थित प्रज्ञा केंद्र में चोरी

**बरही।** देवचंदा मोड़ स्थित प्रज्ञा केंद्र में चोरी की घटना सामने आई है। संचालक रंजीत कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात सेंटर बंद करके घर चला गया था। शनिवार की सुबह जब वह अपने केंद्र पहुंचा तो सेंटर के शटर का ताला टूटा हुआ पाया। केंद्र के अंदर आने पर गल्ला टूटा हुआ था, सभी कागजात तीतर बितर किए हुए थे। गल्ला में रखा हुआ नकद 15 हजार रुपए गायब थे। इसकी सूचना बरही पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। इस संबंध में संचालक ने बरही थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन देते हुए उचित कारवाई की मांग की।

### बरही में आज से चलेगा पोलियो अभियान

बरही। अनुमंडल अस्पताल बरही में 25 से 27 अगस्त तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अनुमंडल अस्पताल समेत बरही के 200 बूथों पर पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि बरही में 37112 बच्चों को पल्स पोलियो पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए बूथों की संख्या 200 रखी गयी हैं। वेक्सीनेटरो की संख्या 491 हैं। जिसके लिए सुपरवाइजरों की संख्या 368 एवं ट्रांजिट टीम की संख्या 15 निर्धारित की गयी हैं।डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने लोगों से अपील किया है कि वे अपने बच्चों को अभियान के दौरान पल्स पोलियो का खुराक अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर भी पिला सकते है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में छात्राओं को मिला साइकिल

**बरही।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरहीडीह में छात्राओं के बीच 59 साइकिल का वितरण किया गया। वितरण विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। साइकिल वितरण समारोह के दौरान विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू व मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम ने कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों की शिक्षा में सुधार होगा और उन्हें स्कूल आने-जाने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह कदम शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मौके पर वार्ड सदस्य प्रतिनिधि दीनू प्रजापति, भोली पासवान, विक्की सिंह, चंदन सिंह, मुकेश सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी कैलाशपति सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**बड़कागांव।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार शनिवार को बड़कागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष एवं पूर्वी मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में हेमंत सरकार का पुतला दहन बडकागांव थाना के सामने किया गया ।यह पुतला दहन 23अगस्त को भारतीय युवा मोर्चा द्वारा आक्रोश रैली में पुलिस फोर्स द्वारा बर्बरतापूर्ण कार्रवाई के विरुद्ध किया गया ।पुतला दहन में मंडल अध्यक्ष आदित्य साहु सोनी,मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो,महामंत्री नरसिंह प्रसाद,पूर्व मुखिया अशोक महतो,पूर्व मुखिया भीखन महतो, पूर्व मुखिया कैलाश राणा,राजेश यादव,उदय महतो,सत्यजित विद्यालंकार,अनुज यादव,रंजित कुमार सत्यदेव कुमार ,किशोर राणा,धनेश राम,सीताराम राणा,छत्रधरी राणा,किशोर महतो,जयकिशन कुमार, रवि कुमार आदि शामिल थे।

# संस्कृतोत्सव-2024 की ओवर ऑल चैम्पियन बनी शिक्षा निकेतन, टेल्को की टीम

### संस्कृत दिवस पर विद्या भारती चिन्मया विद्यालय ने किया था आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टेल्को स्थित विद्या भारती चिन्मय विद्यालय ने संस्कृत दिवस मनाने के उद्देश्य से अंतःविद्यालय और अंतर विद्यालय स्तर पर संस्कृतोत्सव आयोजित किया। बीते मंगलवार 20 अगस्त को अंतःविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों ने संस्कृत दिवस के अवसर पर विविध प्रतियोगिताओं के अंतर्गत अपनी योग्यताओं एवं क्षमताओं की अभिव्यक्ति का आधार संस्कृत भाषा को बनाया। प्रतिभागियों को विविध आयु वर्ग एवं कक्षाओं के आधार पर दो वर्गों में विभाजित किया गया था। प्रथम वर्ग में पांचवी एवं छठी के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की थी वहीं द्वितीय वर्ग में सातवीं तथा आठवीं के विद्यार्थी प्रतियोगिता विशेष में शामिल हुए थे; जिसके अंतर्गत संस्कृत गायन, लेखन कौशल, चित्रांकन, रचनात्मकता, संवाद शैली आदि प्रतियोगिताएं सुनिश्चित विषयों पर आयोजित की गई थीं। अवसर विशेष पर विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव श्री विष्णु चंद्र दीक्षित ने प्रतिभागी विद्यार्थियों के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मौके पर प्राचार्या श्रीमती मीना विल्खू, संस्कृत विभागाध्यक्षा श्रीमती सुचित्रा सिंह, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे। वहीं शनिवार 24 अगस्त को अंतर विद्यालय स्तर पर संस्कृतोत्सव आयोजित किया गया; जिसमें 11 विद्यालयों के लगभग 151 प्रतिभागियों ने नीति श्लोकोच्चारण, संस्कृत गीतमाला तथा संस्कृत लघु नाटिका प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना ज्ञानदीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना नृत्य के साथ हुआ। तत्पश्चात प्राचार्या द्वारा औपचारिक भाषण प्रस्तुत किया गया। नीति श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शिक्षा निकेतन द्वितीय स्थान पर बारीडीह हाई स्कूल एवं तृतीय स्थान पर गोविंद विद्यालय, तमोलिया रहा। संस्कृत गीतमाला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एआईडबल्यूसी एकेडमी ऑफ एक्सीलेंस तथा द्वितीय स्थान पर विवेक विद्यालय रहा। वहीं संस्कृत लघु नाटिका प्रतियोगिता में पहले स्थान पर केरला पब्लिक स्कूल गम्हरिया, दूसरे स्थान पर शिक्षा निकेतन और एनएमएल केरला पब्लिक स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। शिक्षा निकेतन स्कूल ने संस्कृतोत्सव 2024 की ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं केरला पब्लिक स्कूल ,गम्हरिया प्रतियोगिता का उपविजेता रहा। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती मीना विल्खू ने दिवस विशेष को रेखांकित करते हुए प्रतिभागी विद्यार्थियों के कौशल की सराहना की। उनके अनुसार चिन्मय विद्यालय संस्कृत भाषा के उत्थान हेतु सदैव प्रयासरत रहा है।



ओवर ऑल विजेता ट्रॉफी ग्रहण करती शिक्षा निकेतन की टीम।

# सरयू ने किया जन आंदोलन का ऐलान

### इन्द्रानगर-कल्याण नगर के 150 घरों को तोड़ने का मामला

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने इन्द्रा नगर-कल्याण नगर के 150 घरों को तोड़ने के विरुद्ध जन आंदोलन का ऐलान किया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक के बाद एक लगातार तीन ट्वीट में उन्होंने कहाः जमशेदपुर ज़िला प्रशासन द्वारा मनमाना जेपीएलई (झारखंड पब्लिक लैंड एन्क्राचमेंट) नोटिस देकर घरों को तोड़ने की साज़िश के विरूद्ध जनान्दोलन होगा। आज इन्द्रा नगर-कल्याण नगर को नोटिस है तो कल बिरसा नगर की बारी आएगी। कांग्रेस के चुनावी चेहरे चोर को कहो चोरी करो और साहूकार को कहो जागते रहो की दोगली नीति पर चल रहे हैं। एक अन्य ट्वीट में विधायक श्री राय ने लिखाः सरकार में भागीदार नेताओं को बताना होगा कि जब एनजीटी का कोई आदेश इन्द्रा नगर-कल्याण नगर के घरों को तोड़ने का नहीं है, तब जमशेदपुर प्रशासन ने बस्तीवासियों को घर तोड़ने का नोटिस क्यों दिया? प्रशासन से नोटिस दिलवाना और नोटिस के खिलाफ बस्ती मे खड़ा होना दोहरा चरित्र है। श्री राय ने एक्स पर लिखाः एनजीटी कोलकाता बेंच ने इन्द्रा नगर-कल्याण नगर के घरों को तोड़ने के लिए अंचल अधिकारी,जमशेदपुर की नोटिस के विरूद्ध बस्तीवासियों द्वारा दायर हस्तक्षेप याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया कि इसका कोई संबंध एनजीटी के आदेश से नहीं है। यानी यह नोटिस झारखंड सरकार ने अपने स्तर से दिया है।

# बस्ती हटाने को अर्जुन मुंडा ने की थी एनजीटी में शिकायत

## कहा-भाजपा और सरयू राय एक सिक्के के दो पहलू, मुंडा को बचाने पर आमादा

### डा अजय कुमार के खुलासे से सकते में भाजपाई, सरयू राय को भी लपेटा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भाजपा ने दर्द दिया और भाजपा ही मरहम लगाने का नाटक कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के लिए कितना नीचे गिर सकती है। इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती नीति और सिद्धांत की बात करने वाली बीजेपी के नेताओं ने अपनी सत्ता और राजनीतिक लाभ के लिए भुईंयाडीह के कल्याणगर, इंदिरा नगर एवं नदी किनारे बने लगभग 150 घरों के खिलाफ 30 अगस्त 2023 को तत्कालीन जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री और झारखंड के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की नई दिल्ली पीठ में शिकायत की थी।

उक्त सनसनीखेज दावा पूर्व सांसद एवं विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर पूर्व से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी डा अजय कुमार ने किया है। वे आज शाम सर्किट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। डा अजय के दावे से भाजपाई सकते में आ गए हैं, और ऐसे में अगर डा अजय ने दस्तावेज सार्वजनिक कर दिया तो इससे भाजपा और जमशेदपुर पूर्व के मौजूदा विधायक सरयू राय के लिए चुनाव मुश्किल हो सकता है। भाजमो के जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने इस चुनौती को देखते हुए डा अजय से कहा है कि उन्हें अर्जुन मुंडा से संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक करना चाहिए।

दूसरी ओर डा अजय ने संवाददाता सम्मेलनमें बताया कि इसके बाद मामला एनजीटी द्वारा आवेदन संख्या 567/2023 के माध्यम से स्वीकार किया गया, जहां मामला कोलकाता पीठ को स्थानांतरित कर दिया गया। कोलकाता पीठ द्वारा आवेदन संख्या 567/2023 को बदल कर 145/2023/ऐ कर दिया गया। डॉ. अजय ने कहा कि भाजपा ने शुरू से ही जमशेदपुर के लोगों को ठगने का काम किया है। इसका ताजा उदाहरण बीजेपी नेता द्वारा भुईंयाडीह मामले में एनजीटी में शिकायत दर्ज कराना है। वहीं भाजपा विचारधारों से जुड़े सरयू राय ने भी पिछले पांच वर्षों में इन बस्तियों में नागरिक सुविधाओं को लेकर कोई कार्य नहीं किया. जिसके कारण इन बस्तियों के लोग नरकीय जिंदगी जीने को अभिसप्त है।

**बीजेपी और सरयू राय एक सिक्के के दो पहलू :** डॉ. अजय ने कहा कि बीजेपी और सरयू राय एक सिक्के के दो पहलू है। सांसद विद्युत वरण महतो और सरयू राय भुईंयाडीह के लोगों के साथ छलावा कर रहे है। भाजपा अपनी चाल को छुपा रही है। आज बस्ती वासियों को भाजपा नेता द्वारा एनजीटी में की गई शिकायत के कारण ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि सरयू राय अब अपने साथी अर्जुन मुंडा को बचाने का भरपुर प्रयास कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर झूठ बोल रहे हैं। भुइयाडीह के लोगो को गुमराह कर रहे हैं जो इन लोगो ने 30 साल तक किया। डॉ. अजय ने कहा कि चौबे गए थे छब्बे बनने दुबे बन कर रह गए। तात्पर्य है कि जब कोई व्यक्ति लाभ की आशा से कोई कार्य करता है और उसमें हानि ही होती है. वर्तमान में यह उक्ति सरयू राय पर बिल्कुल फिट बैठती है। शुक्रवार को सुबह 10 बजे हमारे क्रेडिटजीवी सरयू राय ने फेसबुक पर पोस्ट किया कि एनजीटी में उनकी याचिका स्वीकार कर ली गई है, लेकिन हकीकत यह थी कि दोपहर 1 बजे उनकी याचिका खारिज कर दी गई। तो आप समझ सकते हैं कि सरयू राय को श्रेय लेने की कितनी जल्दी है।

उन्होंने कहा कि भुईयाडीह के लोग 25 साल से तो बेचारे भोग ही रहे थे। पिछले 5 वर्षों में भी वर्तमान विधायक सुरयू राय कुछ कर नहीं पाए और अब जब मैं क्षेत्र में जा कर निवासियों के मुद्दों को हल कर रहा हूं तो उनकी आंखें खुली हैं बस्ती में जा-जा कर क्रेडिट ले रहे हैं। रिल मैन बन गये हैं सरयू राय। उनके द्वारा भुइयाडीह पर तरह तरह के रील बना कर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जा रहा है। एनजीटी की कोलकाता बेंच ने सरयू राय के याचिका को खारिज कर दिया है तो बीजेपी को बचाने के लिए अब सरयू राय झामुमो-कांग्रेस सरकार पर दोष मढ़ रहे हैं।



सर्किट हाउस में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते डा अजय।





### एक भी घर टुटने नहीं देंगे

डॉ. अजय ने कहा कि भुईंयाडीह के कल्याण नगर, इंदिरा नगर भुईंयाडीह सहित नदी किनारे बसे लगभग 150 को टुटने नहीं देंगे। मेरे वकील एनजीटी में इस मामले पर कड़ी नजर रख हुए हैं। झारखंड सरकार को 2 सितंबर को एनजीटी में अपना पक्ष रखने का समय मिला है। यह हमारी सरकार के लिए प्राथमिकता वाला मामला है। मेरे अधिवक्ता और झारखंड के महाधिवक्ता इस मामले पर कड़ी नजर बनाये हुए हैं।

# मंत्री बन्ना गुप्ता ने 444 स्कूली बच्चों के बीच किया साईकिल का वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित उन्नति का पहिया साईकिल वितरण योजना के तहत बन्ना गुप्ता (मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग) द्वारा गांधी मैदान, मानगो में आयोजित एक कार्यक्रम में 444 बच्चों के बीच साईकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार, अपर नगर आयुक्त श्री रंजीत लोहरा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस अवसर पर मंत्री ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा लगातार युवा, महिला, छात्र को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है।

साइकिल मिलने से अब छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी। बच्चे मन लगाकर पढ़ें, यही झारखंड सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे।

वहीं छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# विमान का नहीं मिला सुराग, तीसरे दिन भी खाली हाथ लौटी नौसेना की टीम

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**चांडिल।** शनिवार को तीसरे दिन भी अलग-अलग बोट पर सवार होकर नौसेना की टीम विमान की तलाश में डैम में घुसी। टीम तलाश करने के बाद दोपहर करीब ढाई बजे लौट आयी। नौ सेना की टीम ने बताया कि रविवार को सुबह फिर से विमान की तलाश की जायेगी। नौ सेना की टीम चांडिल डैम में कल्याणपुर और किस्तोपुर में सर्च किया।हालांकि सफलता नहीं मिला। उधर, जांच एजेंसी डीजीसीए की टीम भी हादसे की जांच करने चांडिल डैम पहुंची तथा संभावित प्लेन क्रैश होने की संभावना वाली जगह तथा जिस जगह पर पायलट और ट्रेनी पायलट का शव मिला था उस स्थल की जांच की। खोजबीन के दौरान डैम के नीचे बड़े-बड़े चट्टान एवं कंक्रीट की दीवार मिले।



डैम की सतह से नेवी द्वारा निकाला गया पत्थर

### सिदगोड़ा सूर्य मंदिर परिसर में जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ

**जमशेदपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर जमशेदपुर में हर ओर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। शनिवार को सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में सूर्य मंदिर समिति के तत्वाधान में तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन बाल राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता का ऑडिशन संपन्न हुआ। इस दौरान सूर्य मंदिर समिति संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह व अन्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने फूंका सरकार का पुतला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को भाजयुमो झारखंड प्रदेश के आह्वान पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में युवा आक्रोश रैली में भाजपा कार्यकताओं पर सरकार द्वारा पुलिसिया कार्रवाई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। राजधानी रांची में हुए कार्यकताओं पर बर्बरतापूर्ण की गई कार्रवाई जैसे आंसू गैस के गोले, रबर बुलेट, वाटर कैनन एवं लाठीचार्ज से पूरे प्रदेश के कार्यकताओं में आक्रोश व्याप्त है। शनिवार को भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के तहत भाजपा जमशेदपुर महानगर के अंतर्गत विभिन्न मंडलों के थाना के समक्ष भाजपा कार्यकताओं ने रांची में कार्यकताओं पर हुए बर्बरतापूर्ण कार्रवाई के विरोध में झारखंड सरकार का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में बिस्टुपुर, कदमा, सोनारी, साकची पश्चिम, साकची पुर्वी, सीतारामडेरा, गोलमुरी, बिरसानगर, बारीडीह, टेल्को, बमामाइंस मंडल के हजारों कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तानाशाही रवैया अपनाने एवं लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए एसएसपी कार्यालय के समक्ष झारखंड सरकार का पुतला दहन किया।

भाजपा कार्यकताओं ने साकची स्थित जिला कार्यालय से जुलूस की शक्ल में हाथों में पुतला लिए झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी 'हेमंत सोरेन मुदार्बाद' , 'तानाशाही नही चलेगी' और 'जब-जब सरकार डरती है, पुलिस को आगे करती है' , 'गोली बंदूक की सरकार, नहीं चलेगी-नहीं चलेगी' जैसे नारे लगाकर विरोध दर्ज कराया। इसके अलावे, कुल 6 थाना के समक्ष कार्यकताओं ने विभिन्न मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया। जिसमें परसुडीह, सुंदरनगर, बागबेड़ा, घाघीडीह, जुगसलाई, गोविंदपुर, घोड़ाबांधा, पोटका, कोवाली, आसनबनी, मानगो, उलीडीह, आजादनगर, एमजीएम, पटमदा, कमलपुर, बोड़ाम मंडल शामिल हैं। कार्यकताओं ने हेमंत सरकार पर दमनकारी नीति अपनाने और शांतिपूर्ण प्रदर्शन को बर्बरतापूर्ण तरीके से कुचलने का आरोप लगाया।

# जमशेदपुर बार एसो. की मतदान प्रक्रिया संपन्न

### देर रात से जारी होंगे परिणाम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर बार एसोसिएशन कि मतदान की प्रक्रिया पूरी हो गई है और देर रात से परिणाम जारी होने की संभावना है। 1520 सदस्यों में से तकरीबन 1234 सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया और इस तरह से 81 प्रतिशत मतदान हुआ है। सुबह नौ बजे सभी साठ उम्मीदवारों को मत पत्रों की जानकारी दी गई और इसके साथ ही उनके सामने मतदाता पेटी को सील कर दिया गया। वहां मतदान प्रक्रिया शुरू करने के लिए तीन सदस्यीय चुनाव समिति के अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह और पूरी चुनाव की टीम मुस्तैद थी। वही झारखंड बार काउंसिल की ओर से पर्यवेक्षक वरीय अधिवक्ता राम सुभग सिंह, झारखंड राज्य बार काउंसिल के उपाध्यक्ष वरियादी वक्त राजेश कुमार शुक्ल भी पूरी प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहे। सुबह तकरीबन दस बजे मतदान की प्रक्रिया आरंभ हुई और अधिवक्ता बबिता जैन अधिवक्ता अमरजीत कौर विश्वास एवं अधिवक्ता डीके विश्वास ने पहले वोट डाले। मतदाताओं की संख्या देखते हुए मत पत्र वितरण करने के लिए तीन टेबल थे। मात्र पत्र चार रंग के थे जिससे मतदाताओं को मत देने में आसानी हो। बार भवन के पहले तल पर सुंदर व्यवस्था की गई थी और गुप्त मतदान के लिए कार्डबोर्ड का दीवार का सहारा लिया गया। सुबह से ही लंबी कतार लगी रही और दस दस अधिवक्ताओं को बारी-बारी से प्रवेश कराया जा रहा था। लाइन में लगे मतदाताओं से उम्मीदवार समर्थन में वोट देने की अपील कर रहे थे। सीनियर अधिवक्ताओं एवं महिला अधिवक्ताओं के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी। वोट देने के बाद बार संगठन की ओर से नाश्ते का पैकेट मतदाताओं को दिया गया। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न करने के लिए अलग से सीसी टीवी कैमरा की व्यवस्था की गई और उसकी रिकॉर्डिंग की जा रही थी।

जिला पुलिस की ओर से पुलिस बल भी वहां प्रतिनिधित्व किया गया। बार एसोसिएशन के कुल 16 पद के लिए 60 प्रत्याशी मैदान में है। अध्यक्ष के एक पद के लिए पांच, उपाध्यक्ष के एक पद के लिए पांच, महासचिव के एक पद के लिए तीन, संयुक्त सचिव के दो पदों के लिए 11, कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए चार तथा सहायक कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए 6 उम्मीदवार तथा कार्यकारिणी के 9 सदस्यों के लिए 32 उम्मीदवार मैदान में है।



# टाटा स्टील ने सीआईआई की 18 वीं सुरक्षा संगोष्ठी और प्रदर्शनी में कई पुरस्कार जीते

खबर मन्त्र ब्यूरो

**भुवनेश्वर/जमशेदपुर।** टाटा स्टील के फेरो एलॉयज और मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) ने कोलकाता में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के पूर्वी क्षेत्र द्वारा आयोजित 18वीं सुरक्षा संगोष्ठी और प्रदर्शनी में तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल किए हैं।

कंपनी की जोडा वेस्ट आयरन और मैंगनीज माइन, जो क्योंझर जिले के जोडा में स्थित है, ने खनन श्रेणी में रीजनल फाइनल के विजेता का पुरस्कार जीता। वहीं, गंजम जिले के गोपालपुर में स्थित फेरो एलॉयज प्लांट ने वृहद विनिर्माण श्रेणी (2,500 कर्मचारियों तक की संगठनों के लिए) में प्रथम उपविजेता का स्थान प्राप्त किया, और जाजपुर जिले के सुकिंदा में स्थित सारूआबिल क्रोमाइट माइन ने खनन श्रेणी में द्वितीय उपविजेता का खिताब हासिल किया।

टाटा स्टील के फेरो एलॉयज और मिनरल्स डिवीजन के अंतर्गत संचालित इन खदानों और फेरो एलॉयज प्लांट की यह उपलब्धियां दो दिवसीय संगोष्ठी में टाटा स्टील की उन्नत डिजिटल समाधानों को लागू करने और अपने संचालन में उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं।

एफएएमडी के एक्जीक्यूटिव इंचार्ज पंकज सतीजा ने कहा, ये पुरस्कार निश्चित रूप से हमारी टीम को सुरक्षित और सस्टेनेबल कार्य परिवेश के निर्माण के लिए प्रेरित करेंगे। हमारे पर्यावरण, स्वास्थ्य, सुरक्षा (ईएचएस) प्रोटोकॉल में डिजिटल उपकरणों का एकीकरण न केवल सुरक्षा को बढ़ाता है और सस्टेनेबल अभ्यासों को मजबूत करता है, बल्कि हमारे संचालन में उत्कृष्टता भी लाता है। कंपनी की ओर से पुरस्कार प्राप्त करने वालों में ठाकुर अजय कुमार विश्वंभरनाथ, हेड सेफ्टी, (माइंस, एफएएमडी), किशोर बरन मैती, हेड सेफ्टी (फेरो एलॉयज प्लांट और स्टेनलेस स्टील प्लांट), अरविंद सिंह (मैनेजर सेफ्टी, सारूआबिल क्रोमाइट माइन), प्रियदर्शी सुवाकांत पाढ़ी, एरिया मैनेजर, (कमरदा क्रोमाइट माइन) और पुल्लुरी शशांक, एरिया मैनेजर सेफ्टी, (जोडा वेस्ट मैंगनीज माइन) शामिल थे। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय ईएचएस में उत्कृष्टता के लिए डिजिटलीकरण का लाभ उठाना था। इस संगोष्ठी में टाटा स्टील के प्रयासों को मान्यता मिलना इस बात का प्रमाण है कि कंपनी अपने कार्यबल की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए नवीन तरीकों को अपनाने में अग्रणी होने के साथ ही पर्यावरणीय प्रभाव को भी कम कर रही है। इस कार्यक्रम में उद्योग विशेषज्ञों, नीति निमार्ताओं और सुरक्षा पेशेवरों को जानकारी और सर्वोत्तम अभ्यासों को साझा करने के लिए एक मंच पर लाया गया, ताकि डिजिटलीकरण के माध्यम से ईएचएस में उत्कृष्टता प्राप्त करने के सामूहिक लक्ष्य को आगे बढ़ाया जा सके।




### खरसावां थाना के सामने भाजपा ने किया पुतला दहन

**जमशेदपुर।** शनिवार को खरसावां थाना के सामने मुख्य मंत्री श्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। यहाँ उपस्थित नेताओं ने हेमंत सोरेन मुदार्बाद, लाठी गोली की सरकार नहीं चलेगी, नहीं चलेगी का नारा लगाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित खरसावां विधानसभा के प्रभारी डॉ जटा शंकर पाण्डेय ने कहा कि 23.08.2024को रांची मोहराबादी मैदान में शांतिपूर्ण आयोजित युवा आक्रोश रैली को दबाने की जिस तरह से दबाने का प्रयास किया उससे लगता है की सरकार अपना मानसिक संतुलन खो चुकी है। ये सरकार लोकतंत्र बिरोधी है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### काम करने केरल गए चंदवा के युवक की मौत


मृतक युवक।

**चंदवा।** चंदवा के मेन रोड निवासी नारायण प्रसाद (पुचु साव) के 25 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार की मौत केरल के मलंग पुरम में हो गई। युवक वहां फल के बगान में काम करता था। घटना की जानकारी मिलने के बाद केरल की स्थानीय पुलिस कार्रवाई को जुट गई है। पुलिस ने ही दूरभाष पर मृतक के परिजनों को जानकारी दी थी। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने शव को चंदवा लाने को लेकर परेशान देखे गए। इधर मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर किया है व शव को वापस लाने के लिए केरल रवाना हो गए हैं।

### तेज रफ्तार बोलेरो ने स्कूटी सवार दो युवकों को रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर


मृतक बबलु उरांव।

**चंदवा।** शनिवार की दोपहर बाद चंदवा में एक बार फिर से बेकाबू रफ्तार का कर देखने को मिला, जहां एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत थाना क्षेत्र के हिसरी पेट्रोल पंप के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने एक स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए स्कूटी सवार दो लोगो को बुरी तरह से रौंदते हुए फरार हो गयी। चपेट में आये युवकों की पहचान संजय गंझू पिता प्रयाग गंझू ( अर्धे चतरो) व बबलू उरांव पिता रतनू उरांव ( हिसरी) के रूप में हुई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को चंदवा सीएचसी भेजा जहां डॉक्टर कंचन बाड़ा ने बबलू को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल संजय का इलाज चंदवा सीएचसी में हीं चल रहा था, संजय के सर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गम्भीर चोटें आई है। घटना को लेकर बताया जाता है कि संजय व बबलू चंदवा बाजार से वापस अपने घर लौट रहे थे, इसी दौरान हिसरी पम्प के पास एक बेकाबू बोलेरो पीछे से टक्कर मार दी। परिजनों को शक है कि यह दुर्घटना नही बल्कि हत्या है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच करे। इधर घटना की सूचना के बाद मुखिया नरेश भगत, कांग्रेस नेता असगर खान, कामता पंसस अयूब खान, राजद नेता अजीत श्रीवास्तव अस्पताल पहुंच मामले की जानकारी ली।

### मुख्यमंत्री व कृषि एवं पशुपालन मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**लातेहार।** शनिवार को झारखंड पशुपालन विभागीय एआई कर्मचारी संघ ने लंबित मांगो पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए मुख्यमंत्री व कृषि एवं पशुपालन मंत्री के नाम जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ चौरसिया को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि वर्तमान सरकार के गठन काल से ही पशुपालन विभाग में कार्यरत लगभग 1600 ए आई कर्मचारी जिनके बल पर झारखण्ड में पशु की सेवा हो पा रही है। जवल्न्त मुद्दे पर पत्र, धरना प्रदर्शन, हड़ताल के माध्यम से ध्यान आकृष्ट किया जाता रहा है और मांगो को कई बार प्रकाशित किया गया लेकिन विभाग और सरकार मौन है। हमारी चार सूत्री मांगे एआई कर्मचारी का न्युन्तम मजजदुरी के आधार पर मानदेय हो एवं 2019 से बकाया राशि भुगतान हो, पशुपालन विभाग में वर्षो से कार्यरत ए आई कर्मचारी की नियमावली तैयार कर वरीयता सूची निर्गत किया जाए, पशुपालन विभाग से तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के रिक्त पदों पर ए आई कर्मचारी को वरीयता योग्यता के आधार पर नियमित किया जाए। वर्तमान मानदेय राशि एवं प्रात्साहन राशि, देय बीमा लाभ को स-समय भुगतान व्यवस्था सरल करें। संघ ने चार सूत्री मांग सरकार से जल्द पूर्ण करने की बात कही है।

### मनिका प्रखंड के देवबार में वीर भगत सिंह फुटबॉल टूनार्मेंट का किया गया आयोजन


टूनार्मेंट का उद्घाटन करते लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत अंतर्गत देवबार गांव के स्कूल के समीप स्थित खेल मैदान में वीर भगत सिंह फुटबॉल क्लब कमेटी के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिन शनिवार को फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम प्रधान बालेश्वर सिंह,टूनार्मेंट आयोजककर्ता सह समाजसेवी गुमानी सिंह,पूर्व मुखिया डोंकी सुदेश्वर सिंह,समेत अन्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व बॉल को किक मारकर टूनार्मेंट का शुभारंभ किया। वहीं टूनार्मेंट का शुरूआती मैच बचरा (लातेहार) बनाम भटको (मनिका) के टीमों के बीच खेला गया। मौके पर खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए समाजसेवी गुमानी सिंह ने कहा कि खेल के माध्यम से खिलाड़ियों को अपना प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है इसलिए सभी खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलें,खेल से शारीरिक व मानसिक दोनों का विकास होता है। वहीं टूनार्मेंट के अध्यक्ष राम मनोहर सिंह ने बताया कि टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए टीमों की एंट्री अभी जारी है जो भी टीम इस टूनार्मेंट में भाग लेना चाहते हैं वे 9934585371, 7061845600, 8789712580, 9113197063 मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। मौके पर मथुरा प्रसाद, प्रदीप सिंह, चंदन यादव, सदस्य कमलेश सिंह, सिकंदर सिंह ,फूलचंद सिंह, उमेश कुजूर, संजय कुजूर, इंद्रदेव उरांव,दिलीप सिंह, संजय सिंह, सतीश सिंह, श्यामलाल सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मांगे पूरी नहीं हुई तो हड़ताल पर जायेंगे बाल विकास के लिपिक

# सावित्रीबाई फुले जैसी कई योजनायें और कार्य होंगे प्रभावित

- आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं के मानदेय और पोषाहार के भुगतान में भी अब होगा विलंब
- आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन पर भी पड़ सकता है असर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** समाहरणालय संवर्ग के लिपिकों की हड़ताल अभी समाप्त ही हुई है कि अब बाल विकास के लिपिक भी हड़ताल में जाने की तैयारी में हैं। गुरुवार और शुक्रवार को बाल विकास अंतर्गत कार्यरत लिपिक अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए काला बिल्ला लगाकर अपने कार्यों का निष्पादन किए। जिले के सभी परियोजनाओं और जिला कार्यालय में कार्यरत सभी लिपिक को काला बिल्ला लगाकर कार्य करते हुए देखा गया। वहीं शनिवार को ये सभी कर्मी प्रथम पाली में कलमबद हड़ताल पर भी रहे। लिपिक सतीश उरांव के द्वारा बताया गया कि हमारे संघ के द्वारा विगत कुछ वर्षों से आईसीडीएस लिपको के लिए पूर्व की नियमावली 2006 को संशोधित करते हुए प्रोन्नति देने हेतु बार-बार पत्र के माध्यम से अनुरोध किया जाता रहा है, परंतु इस संदर्भ में अब तक विभाग के तरफ से कोई पहल नहीं किया गया है। वहीं विनोद भगत ने बताया कि झारखंड राज्य गठन के बाद से न तो आईसीडीएस में लिपिको की नियुक्ति की गई है, और न ही हमलोगों को प्रोन्नति दी जा रही है। हमारी प्रमुख मांगों में न्यूनतम वेतनमान 1900 से बढ़कर 2400 ग्रेड पे करना, 2 वर्षों के उपरांत सेवा संपुष्टि तथा नियमित पदोन्नति प्रदान करना, आईसीडीएस के लिपिकों के लिए एक स्पष्ट नियमावली तथा सिमित परीक्षा के माध्यम से हम सभी लिपिकों को सीडीपीओ के पद पर पदोन्नति हेतु पद आरक्षित करने के लिए अनुरोध किया गया है। इन्होंने बताया कि हमारी मांग पूरा नहीं होने पर एक सितंबर से आंदोलनरत सभी कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। लातेहार जिले में कार्यरत लिपिकों को हड़ताल में चले जाने से विभाग द्वारा संचालित स्कूली लड़कियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाएं और कार्य प्रभावित हो सकते हैं।


जानकारी देते सतीश उरांव।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के बाजार में घूम-घूम कर खिलायी जा रही आईडीए व एमडीएम की दवा


दवा खिलाते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चल रहे एमडीए व आईडीए कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मी विभिन्न सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों व बाजार में घूम घूम कर लोगो को फाइलेरिया रोधी दवा खिला रहे हैं। इस कार्यक्रम में अविराम नर्सिंग कॉलेज हुटाप के नर्सिंग की छात्राएं भी बढ़ चढ़ कर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। शनिवार को एमपीडब्ल्यू विकाश रंजन, एमटीएस कृष्णकांत की अगुवाई में कॉलेज की छात्राओं ने चंदवा बाजार में दुकानदारों एवं आमलोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का खुराक खिलायी। हालांकि कुछ लोग जानकारी के अभाव में दवा खाने से गुरेज कर रहे थे, जिन्हें रोग से संबंधित जानकारी साझा की गई। एमटीएस कृष्णकांत ने बताया कि फाइलेरिया की बीमारी लोगों को बड़ी तेजी के साथ विकलांगता की ओर ले जाती है। यह बीमारी मच्छर के काटने से होता है। इस रोग से बचाव के लिए फाइलेरिया रोधी दवा निःशुल्क दी जा रही है। दवा के सेवन के बाद रोग का खतरा बेहद कम हो जाता है। आगे बताया की दवा का सेवन उम्र नहीं बल्कि ऊंचाई के अनुपात में करना है। जिनकी लंबाई 90 सेंटीमीटर व 2 वर्ष से ऊपर होनी जरूरी है। गर्भवती माताओं, गंभीर रोग से पीड़ित लोगो एवं 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दवा नहीं देनी है।चंदवा प्रखंड में एक लाख ग्यारह हजार सत्तासी (111087) लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है, जिसको लेकर प्रखंड के 148 आंगनबाड़ी केंद्रों को बूथ बनाया गया है, चंदवा प्रखंड में निर्धारित लक्ष्य से 85 प्रतिशत लोगो को दवा खिलायी चुकी है। बचे हुए लोगो को दवा खिलाया का सके इस उद्देश्य से अभियान को अब 7 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है।

### भाजपा नेता ने किया टायर दुकान का उद्घाटन


टायर दुकान का उद्घाटन करते भाजपा नेता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम हेल्थ केयर हॉस्पिटल के बगल में शनिवार को बुधन इंटरप्राइजेज नामक टायर दुकान का उद्घाटन भाजपा नेता गिरधारी यादव ने फीता काटकर किया। मौके पर जानकारी देते हुए बुधन इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर बुधन यादव ने बताया कि उनके दुकान में देश की प्रतिष्ठित कंपनी ऐसेंसो का टायर उपलब्ध है। कंपनी द्वारा ट्रक, लोडर, हाइवा, ट्रैक्टर, जेसीबी, कार के टायर बनाया जाता है। जो उनके दुकान में किफायती दाम पर उपलब्ध है।वही भाजपा नेता गिरधारी यादव ने कहा कि बालूमाथ प्रखंड एक कोयला माइनिंग क्षेत्र है। यहां एशिया की सबसे बड़ी कोलियरी मगध और तेतरियाखांड कोलियरी संचालित है। जिसमे कई तरह के मालवाहक वाहन चलते हैं। टायर दुकान खुल जाने से स्थानीय वाहन मालिकों लोगों को लाभ होगा। पहले यहां के लोगों को किफायती दाम में टायर लेने के लिए रांची जैसे महानगर का सहारा लेना पड़ता था। लेकिन अब प्रखंड में टायर एजेंसी खुल जाने से लोग लाभान्वित होंगे। मौके पर संतराज यादव,प्रेम यादव, बिहारी यादव,मनोज यादव,सूरज शाह, कृष्णा साव, जगन्नाथ यादव हरिहर यादव, संजय यादव, मो. मोइन, मो.अयूब, हनी खान, अरुण केशरी,अजित कुमार साव, दीपू गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।

### मनिका में भाजपाइयों ने थाना के सामने सीएम का पुतला फूका


पुतला दहन कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के थाना के समीप राष्ट्रीय मार्ग 39 पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार के नेतृत्व में दिन शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकताओं ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। बता दें कि शुक्रवार को भाजपा के युवा आक्रोश रैली में पुलिस के द्वारा कार्यकताओं के ऊपर बर्बरता पूर्वक की गई कार्रवाई से कार्यकताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। मौके पर मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निदेर्शानुसार व लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी का युवा आक्रोश रैली कार्यक्रम मोराबादी मैदान रांची में आयोजित की गई थी इसी दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पुलिस के द्वारा भाजपा के कार्यकताओं के ऊपर वाटर कैनन,आंसू गैस के गोले,रबड़ की गोली,लाठी डंडे से मारपीट व पत्थरबाजी की गई जिसके कारण हजारों कार्यकर्ता घायल हो गए। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकताओं के ऊपर सरकार के द्वारा पुलिस के माध्यम से बर्बरता पूर्वक की गई कार्रवाई के विरोध में आज झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया जा रहा है। वहीं पुतला दहन के दौरान कार्यकताओं ने झारखंड सरकार के कार्य विरोधी कई नारे भी लगाए। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, शंकर दुबे, विश्वनाथ राय, दिगलू राय उर्फ दीपू राय,अजीत कुमार, संदीप उरांव, बिट्टू कुमार, अमरदीप कुमार, सुदेश्वर सिंह, उमेश यादव, अंकित कुमार, अमित कुमार, विकास तिवारी, मुनेश्वर सिंह,समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर बच्चे बने राधा और कृष्ण लोगों का मन मोहा, किया गया सम्मानित


बच्चे बने राधा और कृष्ण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के सभागार में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर राधा कृष्ण रूप सजा प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पलामू विभाग के विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी, झारखंड प्रांत कि शिशु वाटिका प्रमुख गीता कुमारी, एकता गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, ओम तथा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन तथा श्री कृष्ण जी की आरती के साथ किया। इस रूप सजा कार्यक्रम में भैया बहनों ने खुलकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा उनके अभिभावकों ने भी भैया बहनों को राधा कृष्ण की मनमोहक छवि प्रदर्शित करने में अधिक प्रयास किया। बच्चों के मोहक प्रदर्शन को देखकर वहां उपस्थित सभी अभिभावक एवं विद्यालय परिवार मंत्र मुक्त हो गए। इस कार्यक्रम में लगभग 80 भैया बहनों ने भाग लिया। इस अवसर पर चौधरी ने कहा कि विद्या भारती आधारित सरस्वती विद्या मंदिर का मूल कार्य शिक्षा के साथ-साथ अपने संस्कारों से नई पीढ़ी को अवगत कराना है। अभिभाविका एकता गुप्ता ने कहा कि उनके बच्चे अरुण कक्षा से पढ़ रहे हैं और वह प्रत्येक वर्ष अपने बच्चों को राधा कृष्ण के वेश में तैयार करते हैं उस समय ऐसा प्रतीत होता है कि स्वयं भगवान श्री कृष्ण का श्रृंगार अपने हाथों से करने का अवसर मिला है इस तरह के कार्यक्रम मुझे बहुत ही आकर्षित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन गीता दीदी ने किया वहीं अतिथियों का परिचय नीलम दीदी ने किया। सभी राधा कृष्ण को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य, दीदीजी का भरपूर सहयोग रहा।

## एक नजर में

### राधा कृष्ण रूप-सज्जा प्रतियोगिता का किया गया आयोजनखबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर मे शनिवार को विद्या भारती योजना के तहत राधा- कृष्ण रूप सजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम एवं आचार्य शशि कुमार सिंह ने मां शारदे, ओउम् एवं भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम में कक्षा अरुण से द्वितीय तक छात्रों ने राधा कृष्ण के बाल रूप में मनमोहक एवं आकर्षक झांकी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में राधे कृष्ण की भजन एवं आरती उतारी गई । प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्या भारती योजना के तहत की जा रही है। कार्यक्रम करने का मुख्य उद्देश्य है की छात्रों के अंदर अपने धर्म एवं भारतीय संस्कृति का बोध कराना। जिससे छात्रों के अंदर आध्यात्मिक शिक्षा एवं नैतिक शिक्षा का विकास होगा। साथ ही कहा कि सभी जीव से प्रेम करना चाहिए। माताएं /बहनों को सम्मान करना चाहिए क्योंकि भगवान ने अपने नाम से पहले राधा का नाम जोड़ा है।आचार्य शशि कुमार सिंह ने कहा कि भगवान श्री कृष्णा धर्म की रक्षा करने के लिए धरती पर अवतार लिए थे। भगवान कृष्ण अत्याचारी कंस का वध किया और अपने पिता वासुदेव एवं माता देवकी एवं साधु महात्माओं को जेल से बाहर कर धर्म की रक्षा किए थे। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागीयों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन वीणा देवी एवं मंच संचालन लक्ष्मण राम ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य नीतीश कुमार,खुशबू कुमारी, मधुबाला कुमारी,लक्ष्मी मंडल, युवराज कुमार ,वंदना सिन्हा, सोनाली कुमारी का महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

### बालूमाथ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

बालूमाथ। बालूमाथ थाना परिसर में शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी एवं चहल्लुम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने किया। मौके पर बोलते हुए अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने कहा की बालूमाथ में हर त्यौहार शांतिपूर्वक मनते आया है। यह त्यौहार भी आप लोगों के सहयोग से शांतिपूर्ण मनाया जाएगा। वहीं बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय ने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी और चुहल्लम का त्यौहार के अवसर पर विभिन्न मंदिर एवं मस्जिदों में पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। बालूमाथ पुलिस प्रशासन त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाने के लिए कटिबद्ध है। कृष्णजन्माष्टमी में जहां-जहां मंदिर में कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहां पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा चुहल्लम पर्व के अवसर पर लेजांग गांव में होने वाले कार्यक्रम में भी पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। त्योहार के मौके पर असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। वहीं सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से लोगो को बचने की बात कही ।मौके पर सोनू सिंह,शमीम,सुरेंद्र कुमार,अमन कुमार,दिलीप कुमार,रमेश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### विद्यालय में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, बच्चों ने प्रस्तुति देकर लोगों का मोहा मन


श्रीकृष्ण और राधा के रूप में बच्चें।

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय में संचालित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्कूल परिसर भक्ति, रंग और पारंपरिक उत्साह से भरा हुआ था। नन्हे मुन्ने बच्चे कृष्ण व राधा की पोशाकें पहन कर स्कूल पहुंचे थे। पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों ने श्रीकृष्ण व राधा की सुन्दर झांकियां निकाली। बच्चों के सर पर मुकुट व मोर पंख श्रीकृष्ण की झलक प्रस्तुत कर रहे थे। वहीं बच्चों ने श्री कृष्ण और राधा के जीवन से संबधित बहुत सुंदर नृत्य प्रस्तुत करके माहौल कृष्यमय कर दिया। बच्चों ने दही हांडी का भी सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए हांडी फोड़ी। विद्यालय के प्रबंधक डॉ .पवन कुमार ने बताया कि श्रीकृष्ण का जीवन सत्य, धर्म और निष्ठा का उदाहरण है, जो हमें अपने आचरण में उतारना चाहिए। ऐसे उत्सव न केवल बच्चों में नई ऊर्जा व स्फूर्ति प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति व सभ्याचार से जोड़कर भी रखते हैं। कार्यक्रम के उपरांत बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से पुरुष्कृत किया गया। मौके पर प्रिंसपल स्वाधीन कुमार पाल, फिरोज अहमद, इमरान अंसारी, राजेश झा, दीपा मेहरा, रानी सिंह, सोनी कुमारी, संतोष प्रसाद, फातिमा प्रवीन, नवीन सिन्हा और अभिनंदन सिंह समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर लुहूर में संचालित ब्राइट चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में भी निर्देशक सुनील कुमार ठाकुर के द्वारा जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेने वाले बच्चों को स्कूल प्रबंधन के माध्यम से पुरुष्कृत भी किया गया।

### स्कूलों में मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव


राधा कृष्ण बने बच्चे।

**चंदवा।** चंदवा के कई स्कूलो में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। बुधबाजार स्थित ग्रीन फिल्ड एकेडमी, ब्राइट फ्यूचर समेत अन्य संस्थानों में जन्मोत्सव को लेकर कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना व आरती की गई। श्री कृष्ण जन्म की महत्ता बताई गई। रंग-बिरंगे राधा कृष्ण की वेश-भूषा में छोटे बच्चे स्कूल पहुंचे। इसे लेकर बच्चों में उत्साह देखा गया। ग्रीन फिल्ड एकेडमी परिसर में राधा-कृष्ण के गीतों पर बच्चे जमकर थिरके। मौके पर अरविद सिंह, यूएन कपूर, शिखा साहू, पूनम मेहरा, रीना कुमारी, शालु कुमारी, चांदनी कुमारी, अर्पण कुमार, आद्या रानी, अंशिका कुमारी, मानसी कुमारी, समेत विद्यालय प्रबंधन से जुड़े लोग व स्कूली बच्चे मौजूद थे।

# लातेहार व चंदवा में भाजपाइयों ने फूंका सीएम सोरेन का पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार/चंदवा।** शुक्रवार को रांची में आहूत युवा आक्रोश रैली में प्रशासन के द्वारा बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज, वाटर कैनन की बौछार, आंसू गैस के गोले व रबर बुलेट से किये गए हमले के विरोध में शनिवार को लातेहार में भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व व मुकेश निरंजन सिन्हा के मार्गदर्शन में थाना चौक से समाहरणालय गेट तक विरोध रैली निकाली गई इस दौरान हेमंत सोरेन हाय-हाय समेत कई नारे लगाए गए। जिसके पश्चात समाहरणालय गेट के पास व चंदवा मंडल भाजपा कमेटी के द्वारा चंदवा थाना मुख्य द्वार के समक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। इसके पूर्व स्थानीय जिला परिषद प्रांगण से भाजपाइयों के द्वारा विरोध मार्च भी निकाली गई व हेमंत सोरेन तेरी मनमानी नही चलेगी, हेमंत सरकार जब जब डरता है पुलिस को आगे करता है जैसे कई नारे लगा रहे थे। पुतला दहन कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए कार्यक्रम प्रभारी दीपक निषाद, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रिकी वर्मा, कुलमान साहू, पलामू के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, गढ़वा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश प्रसाद व अन्य ने कहा कि युवा व जन विरोधी हेमंत सरकार हिटलर शाही पर उतारू हो गयी है। सरकार के विरुद्ध में उठने वाली आवाज को दमन कर दबाना चाह रही है, लेकिन इसमें वे कभी सफल नही होंगे। भारतीय जनता पार्टी सशक्त विपक्ष होने के नाते सड़क से लेकर सदन तक हेमंत सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर करने का काम करेगी। पुतला दहन के मौके पर राकेश दूबे, बंशी यादव, विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता, मुकेश पांडेय, शंभु प्रसाद, विनोद राणा, संतोष यादव, ईश्वरी सिंह, कौशल किशोर प्रसाद समेत चंदवा में देव मोहन सिंह, वीरेंद्र प्रसाद, शंकर साहू, रवि राज, सकिन्द्र मुंडा, शिकेश्वर यादव, मंजू सिंह, मनीष कुमार चांदो, आशीष कुमार, मो. साजिद उर्फ धनु खान, प्रदीप ठाकुर, रवि पांडुरंगा समेत दर्जनों भाजपाई मौजूद थे।



विरोध रैली निकालते भाजपाई।


पूतला फुंकते भाजपाई।

## स्पीड न्यूज

### विधायक प्रतिनिधि के पिता का निधन

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर बस्ती निवासी सह विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह के पिता बंशीधर सिंह 74 वर्ष का निधन शुक्रवार की देर शाम में हो गई। वे विगत कई माह से बिमार चल रहे थे। उनका दाह संस्कार खैरवा सोन नदी तट के किनारे किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र अरविंद कुमार ने दी। उनकी निधन की खबर सुनकर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय यादव, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव प्रसाद यादव, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानंद सोनी, गोविंद सिंह, अरुण कुमार सिंह, नवल सिंह सहित कई गणमान्य लोगो ने संवेदना प्रकट करते हुए मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

### मध्य विद्यालय के बंद कमरे से कंप्यूटर गायब

**कांडी।** थाना क्षेत्र के एक विद्यालय से फिर कंप्यूटर की चोरी की गई। इलाके में इस तरह की घटना लगातार हो रही है। इस बार चोरों ने मध्य विद्यालय शिवपुर के आईसीटी लैब पर हाथ साफ किया। इसकी जानकारी देते हुए अपग्रेड मिडिल स्कूल शिवपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि विद्यालय में रविवार के साथ सोमवार को रक्षाबंधन की छुट्टी थी। मंगल, बुध को इस पर ध्यान नहीं दिया गया। क्योंकि कंप्यूटर सेट को अभी कंपनी द्वारा इन्स्टॉल किया जा रहा है। अभी पढ़ाई शुरू नहीं हुई है। गुरुवार को कमरा खोलने पर देखा गया कि पांच डेस्कटॉप कंप्यूटर सेट में से एक कंप्यूटर सेट गायब है। उसका सीपीयू, एडैप्टर, माउस, एलसीडी एवं कीपैड सब चोरी कर लिया गया। चोर कमरे में कैसे घुसे किस तरह से चोरी की यह पता नहीं चल पा रहा है। क्योंकि कमरे के दोनों दरवाजों में ताला यथावत बंद है। लेकिन अंदर से एक कंप्यूटर सेट गायब है। इसकी जानकारी होने पर गुरुवार को कांडी थाना में एफआईआर के लिए आवेदन दिया गया। आवेदन देने के बाद थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने गुरुवार को ही घटनास्थल का स्वयं जाकर जायजा लिया। जबकि शुक्रवार को भी एक एसआई ने सदल बल विद्यालय पहुंचकर मौका मुआयना किया। लोगों में इस बात की लगातार चर्चा हो रही है कि ताला बंद रहते हुए कंप्यूटर कैसे गायब हो गया। जो किसी को पता भी नहीं चला।

### नालंदा में सड़क दुर्घटना में किसान की मौत

**राजगीर।** बिहार में नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक किसान की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बासोचक निवासी कृष्णा यादव (60) सुबह शौच के लिए जा रहा था। इस दौरान नकटपुरा गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी।

### मुजफ्फरपुर : सूटकेस में बंद तीन साल की बच्ची का शव बरामद

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले मिठनपुरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने शनिवार को सूटकेस में बंद एक बच्ची का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर निराला निकेतन मार्ग के समीप सूटकेस में बंद एक बच्ची का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान मनोज कुमार की पुत्री मिस्टी (03) के रूप में की गयी है। मिस्टी शुक्रवार को अपनी मां काजल के साथ जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के लिए निकली थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने दोनों की खोजबीन की लेकिन उनका नहीं पता चला। शनिवार को सुबह मिस्टी का शव सूटकेस से बरामद किया गया है।

### रोहतास : ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत, एक घायल

**सासाराम।** बिहार में रोहतास जिले के धौडाढ़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार को ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बुढ़वा महादेव के पास फोरलेन पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया।

## क्षेत्र की सभी समस्याओं को दूर करना मेरा कर्तव्य है : मंत्री मिथिलेश

# मंत्री ने किया जन संवाद, समस्याओं से हुए रू-ब-रू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को मेराल प्रखंड में पढ़ुआ एवं लोवादाग पंचायत के लगभग एक दर्जन गांवों में जन संवाद का आयोजन किया। विभिन्न गांवों में आयोजित जनसंवाद में मंत्री प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे एवं ग्रामीणों की समस्या से रू-ब-रू हुए। मौके पर कई समस्याओं का निदान किया गया। साथ ही शेष समस्याओं का यथाशीघ्र निदान के लिए मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान पढ़ुआ पंचायत के ग्राम पढ़ुआ में बाजार के समीप, ग्राम सिकनी में आंगनबाड़ी के समीप, ग्राम पतहरिया में सुदामा गुप्ता के घर के समीप, ग्राम रजबंधा में पहाड़ के समीप मुखलाल प्रजापति के घर के पास, पंचायत लोवादाग के ग्राम भंडार में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम अधौरा में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम बंका में आंगनबाड़ी के समीप ग्राम अधौरी में दुर्गा मंडप एवं मदरसा के समीप तथा ग्राम लोआदाग में स्कूल के समीप जन संवाद का आयोजन किया गया।



ग्रामीणों को संबोधित करते मंत्री।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा का कोई भी गांव बिजली, सड़क, पानी आदि मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। प्रत्येक गांव एवं प्रत्येक टोला को सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काफी तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। केंद्र के असहयोग के बावजूद राज्य सरकार सभी गरीबों को अबुआ आवास राज्य के पैसे से दे रही है। सरकार ने सभी किसानों का दो लाख रुपए तक का कृषि ऋण माफ कर दिया है। साथ ही सभी लोगों को 200 यूनिट बिजली फ्री दी जा रही है। मंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी सभी बहन, बेटियों को अब प्रति माह एक हजार रुपए निश्चित रूप से मिलेगा। जबकि 50 वर्ष से ऊपर की सभी महिलाओं को एवं अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को पेंशन भी मिलना प्रारंभ हो गया है। मंत्री ने कहा कि मैं कहने में नहीं, करने में विश्वास करता हूं। क्षेत्र की सभी समस्या दूर करना मेरा कर्तव्य है। उपस्थित लोगों से अपील करते हुए मंत्री ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में आप सब अच्छी तरह से सोच समझकर अपने क्षेत्र में विकास करने वाले एवं जनहित में कार्य करने वाले को ही वोट दें।

ताकि आने वाले समय में आप सबों के लिए और भी बेहतर कार्य हो सके। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, संजय सोनी, मंजय विचार, मुखिया आशीष महतो, बीडीसी दिनेश गुप्ता, प्रताप सिंह, एस कुमार प्रजापति, बलराम सिंह, जितेंद्र सिंह, सत्येंद्र विचार, हेमंत सिंह, हरिहर बैठा, उमेश यादव, पिंटू सिंह, दिलजान शेख, बलेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भाजपाईयों ने किया सीएम का पुतला दहन



पुतला दहन करने जाते भाजपाई।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

गढ़वा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। ज्ञात हो कि रांची के मोरहाबादी मैदान में युवा आक्रोश रैली के दौरान रांची पुलिस के द्वारा बर्बरता पूर्वक भाजपा कार्यकर्ताओं पर पर आंसू गैस छोड़ा गया था। साथ ही इस दौरान गोली चालन एवं पानी का बौछार कर कार्यक्रम को बाधित करने का कार्य किया गया था। जिसके विरोध में हेमंत सोरेन सरकार का पुतला दहन किया गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि यह सरकार पूरी तरह फेल है और कल के आक्रोश रैली से सरकार घबरायी हुई थी। युवाओं का आक्रोश देखकर सरकार के हाथ पांव फुल रहे थे। आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता वोट का चोट देकर इस सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य करेगी। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, जिला महामंत्री संतोष दुबे, उपाध्यक्ष राजीव राज तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता, रिंकू तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मुन्ना तिवारी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता, कैलाश कश्यप, चंदन कश्यप, विनय चौबे, ब्रजेश उपाध्याय, जयंत पांडेय, रितेश दुबे, रवींद्र जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे।

## श्री राधा बंशीधर जी का नूतन वस्त्र पहुंचा श्री बंशीधर नगर

# जन्माष्टमी के दिन नये लुक में देंगे दर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अयोध्या धाम में विराजमान श्री रामलला के वस्त्र की डिजाईन करने वाले ख्यातिप्राप्त वस्त्र डिजाईनर मनीष त्रिपाठी के द्वारा तैयार श्री राधा बंशीधर जी का नूतन वस्त्र शनिवार को दिल्ली से साढ़े 11 बजे दिन में झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से श्री बंशीधर नगर पहुंचा। झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस के नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर श्री बंशीधर नगर के एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, श्री बंशीधर सूर्यमंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव व ट्रस्ट के सहयोगियों, प्रशासन व पुलिस अधिकारियों, रेल कर्मियों, रेल पुलिस कर्मियों, चेंबर ऑफ कॉमर्स नगर ऊंटारी के पदाधिकारियों समेत काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने वस्त्र की आगवानी की। इस दौरान पूरा स्टेशन परिसर श्री राधा रानी और श्री बंशीधर जी के जयकारे से गूंज उठा। रेलवे स्टेशन से बाजे गाजे के



शोभायात्रा में शामिल एसडीओ व अन्य।

साथ निकली भव्य शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने वस्त्र को सिर पर रखकर श्री वंशीधर मंदिर लाया। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री बंशीधर जी को वस्त्र समर्पित किया गया। श्री बंशीधर जी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन यानि सोमवार को श्रद्धालुओं को नये लुक में दर्शन देंगे। श्री राधा बंशीधर जी का नूतन वस्त्र झारखंड सरकार की ओर से राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की ओर से समर्पित किया गया है। शोभायात्रा में मंदिर के आचार्य श्रीकेश पांडेय, ट्रस्ट के सलाहकार राजेश पांडेय, धीरेंद्र चौबे, नंदू लाल, सुजीत अग्रवाल, सुरेश विश्वकर्मा, चेंबर के सचिव गोपाल जायसवाल, उपेंद्र कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, मंदीप प्रसाद, अमर सिंह, संतोष कमलापुरी, मंगल किशोर प्रसाद, रजनीकांत मधुर, विक्रांत सिंह उर्फ सोनू, विद्याभाष्कर, रुपेश जायसवाल, मिक्की जायसवाल, ओमप्रकाश चौबे, राजन, ओमप्रकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

# छपरा में गरीब रथ ट्रेन में लगी आग, धुआं देखकर यात्रियों में मची अफरा-तफरी

**एजेंसी**

**छपरा।** बिहार के छपरा-वाराणसी रेल खंड के गौतम स्थान स्टेशन पर आज डाउन गरीब रथ एक्सप्रेस की दो बोगियों के बीच जॉइंट में आग लग गई। इसे देखते ही यात्रियों ने हो हल्ला करना शुरू कर दिया। जिसके बाद तत्काल गार्ड और ड्राइवर ने ट्रेन को गौतम स्थान स्टेशन पर रोक दिया। मौके पर रेलवे कर्मी जमा हो गए और आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। हालांकि कड़ी मशक्कत के बाद रेल कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। बोगियों के बीच जॉइंट से उठा धुआं आग लगने के बाद ट्रेन को काफी देर तक गौतम स्थान स्टेशन पर रोका गया। बता दें कि यह ट्रेन जब गौतम स्थान स्टेशन पार कर रही थी तभी लोगों ने दो बोगियों के बीच जॉइंट से धुआं उठते हुए देखा। उसके बाद लोगों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया। बाद में स्टेशन कर्मचारियों के द्वारा गार्ड और ड्राइवर को ट्रेन रोकने को कहा गया। सूचना मिलते ही गार्ड ड्राइवर ने इस ट्रेन को गौतम स्थान स्टेशन पर रोका। जिसके बाद ट्रेन में रखे फायरफाइटर के सहारे आग को काबू करने का प्रयास किया गया और काफी मशक्कत के बाद ट्रेन में लगी आग पर काबू पाया गया। रेल यात्रियों की सतर्कता से टली बड़ी घटना गौरतलब हो कि यह एक बड़ी घटना थी लेकिन समय रहते रेल कर्मचारियों की सतर्कता और स्थानीय लोगों के प्रयास से इस आग पर काबू पाया जा सका है। रेल यात्रियों और रेल कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने के बाद राहत की सांस ली है। वहीं छपरा स्टेशन प्रबंधक राजन कुमार ने बताया कि ट्रेन को छपरा लाया गया और इसकी मरम्मत की गई है। इसके बाद आगे के लिए इसे रवाना कर दिया गया है। दो बोगियों के बीच जॉइंट में आग लग गई। इसे देखते ही यात्रियों ने हो हल्ला करना शुरू कर दिया। जिसके बाद तत्काल गार्ड और ड्राइवर ने ट्रेन को गौतम स्थान स्टेशन पर रोका दिया गया। आग पर काबू पाने के बाद ट्रेन की छपरा में मरम्मत की गई और फिर रवाना किया गया।

### बाल श्रम के लिए ले जाए जा रहे सात बच्चों को करवाया गया मुक्त

**किशनगंज।** जन निर्माण केन्द्र एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने रेल थाना व आरपीएफ के सहयोग से शनिवार को किशनगंज रेलवे स्टेशन में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान कुल सात बच्चों को मुक्त करवाया गया। बच्चों की आयु 14 वर्ष से कम थी। संयुक्त टीम की नजर उन सभी बच्चो पर पढ़ी।सभी बच्चो से टीम ने जानकारी ली तब पता चला सभी बच्चे बैंगलोर और केरल जा रहे थे। संयुक्त टीम ने सभी बच्चो को अपने संरक्षण में लिया और बाल कल्याण समिति किशनगंज के समक्ष प्रस्तुत किया। बाल कल्याण समिति ने मामले को गंभीरता से लेकर तुरंत इसे बाल गृह कटिहार में आवासित करने का निर्देश दिया और सभी बच्चो के घर की सामाजिक जांच रिपोर्ट मांगी। टीम में सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता मो. जफर अंजुम, सबीह अनवर, पूजा कुमारी, चाइल्ड हेल्पलाइन से अब्दुल क्युम, कुंदन कुमार एवं रिफत नाज मौजूद थी।

### गंडक नदी में कटाव हुआ तेज

**पूर्वी चंपारण।** नेपाल में हो रही बारिश से गंडक नदी के जलस्तर में काफी वृद्धि दर्ज की जा रही है। वही नदी के जलस्तर में बढोत्तरी के साथ ही जिले के संग्रामपुर प्रखंड स्थित पुछरिया गांव पर फिर से बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है ।पुछरिया मलाही टोला के समीप लग्भग अस्सी से सौ मीटर में धीरे धीरे हो रहे कटाव से ग्रामीण भयभीत हैं।ग्रामीण अरुण तिवारी ,राघव सिंह,रविरंजन सिंह, रामचन्द्र सिंह, नवल सिंह, सूरज यादव,विनोद सहनी ,बुनिलाल सहनी, चन्द्रकिशोर सहनी आदि ने बताया कि कटाव धीरे धीरे जारी है लेकिन जल संसाधन विभाग केवल जायजा ले रहा है।

## गोपालगंज में 31.8 किलो चांदी जब्त कानपुर से सिवान हो रही थी सप्लाई



**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज में एक बार फिर से पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कुचायकोट थाना क्षेत्र के बल्थरी चेक पोस्ट के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक कार को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो कार में रखे भारी मात्रा में चांदी के आभूषण बरामद किया गया। इसकी कीमत 28 लाख रुपये आंकी गई है। गोपालगंज में भारी मात्रा में चांदी जब्त : गोपालगंज पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार किए गए युवकों में दो उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के तथा एक मथुरा जिले का निवासी बताया जाता है। पुलिस बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंक को तलाशने में लगी हुई है। हर पहलु की जांच गहनता से की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में गोरखपुर के रमेश यादव, कृष्ण वर्मा और मथुरा के विक्रम सोनी शामिल हैं। 31.8 किलो चांदी की बरामदगी इस संदर्भ में बताया जाता है कि, कुचायकोट थाना की पुलिस बल्थरी चेक पोस्ट पर वाहन जांच कर रही थी। इस बीच उत्तर प्रदेश से बिहार की ओर आ रही एक कार कार को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई तो, कार से 31.8 किलोग्राम चांदी के आभूषण को बरामद किया गया. इनकम टैक्स विभाग को दी गई जानकारी। जिसके बाद पुलिस चांदी के आभूषण को जब्त जांच-पड़ताल के लिए पुलिस ने आयकर विभाग (इनकम टैक्स विभाग) को भी सूचना दे दी है। बताया जाता है कि तीनों अभियुक्तों ने संतोषजनक कागजात प्रस्तुत नहीं किया है।

# पूर्णिया, एयरपोर्ट निर्माण को लेकर अधिकारियों के साथ सीएम की बैठक

**एजेंसी**

**पटना/पूर्णिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार अपराह्न पूर्णिया स्थित चूनापुर सैन्य हवाई अड्डा पहुंचे। यहां उन्होंने पूर्णिया एयरपोर्ट निर्माण कार्यों में तेजी लाने को लेकर बैठक की। इसमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों के अलावा स्थानीय अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एयरपोर्ट के निर्माणकार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस बैठक में दिल्ली से लेकर पटना तक के अधिकारी शामिल रहे। बैठक करीब 25 मिनट तक चली। इसके बाद वे एयरपोर्ट से ही कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग के रास्ते काझा कोठी के लिए निकले। मुख्यमंत्री ने काझा गांव स्थित काझा कोठी पहुंचकर बिहार के तीन बार के मुख्यमंत्री रहे भोला पासवान शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद पर्यटन के दृष्टिकोण से समृद्धि काझा कोठी के सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। इसे दिल्ली हाट के तर्ज पर काझा हाट का निर्माण कराया जाएगा। यहां उन्होंने कई दूसरे कार्यक्रमों में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने काझा कोठी में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। इसके बाद परोरा स्थित क्रीड़ा मैदान में बनाए गए हेलीपैड के लिए प्रस्थान किया। यहां से वे हेलिकॉप्टर से पटना के लिए रवाना हुए।

### बहुत जल्द सीमांचल के लोगों को मिलेगी हवाई सुविधा



इस मौके पर भाजपा के सदर विधायक विजय खेमका ने कहा कि सीएम ने पूर्णिया एयरपोर्ट निर्माण कार्यों में तेजी लाने को लेकर एएआई के अधिकारियों के अलावा स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक की है। कई आवश्यक निर्देश दिए हैं। बेहद जल्द पूर्णिया के लोगों का हवाई सफर का अरमान पूरा होगा। न सिर्फ पूर्णिया, बल्कि सीमांचल, कोसी और आसपास के जिलों को भी इससे लाभ मिलेगा।

## खबर एक नजर में

### सीएसपी संचालक से एक लाख 75 हजार की लूट




**रमना।** प्रखंड में गत शाम लुटेरों ने सीएसपी ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से मुख्य सड़क एनएच 75 पर सरेआम हथियार के बल पर एक लाख 75 हजार रुपए की लूट कर लिया। इस प्रकार लगातार हो रही चोरी और लूट कि घटना से प्रतीत होता है कि चोर लुटेरों को पुलिस प्रशासन का खौफ ही नहीं है। सूचना के मुताबिक प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को ग्राहक सेवा केंद्र संचालक कुंदन महतो पिता स्व. अजय महतो ग्राम बंका पथहरिया थाना मेराल निवासी रमना भगत सिंह चौक स्थित अपने ग्राहक सेवा केंद्र को शाम छह बजे बंद कर अपने घर के लिए निकले थे कि पहले से ही घात लगाए लुटेरों नें मुख्य एनएच 75 सड़क कबीसा में यात्री शेड के पास हथियार के बल पर रोक कर करीब एक लाख 75 हजार रुपए, एंड्रॉयड़ मोबाइल फोन, फिंगर प्रिंट डिवाइस और मोटर साइकिल का चाभी लूट कर बड़े ही आसानी से भाग निकले। चुंकि इस समय सड़क काफी व्यस्त रहता है लेकिन बारिश होने के कारण सड़क सुनसान था जिसका लाभ लुटेरों नें उठाया। घटना की सूचना पाकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेन्द्र नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह व थाना प्रभारी असफाक आलम पहुंच कर घटना की जानकारी ली। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी असफाक आलम ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अनुसन्धान जारी है जल्द ही अपराधी गिरफ्त में होंगे।

### ग्रामीणों ने बदहाल मुख्य सड़क पर की धान की रोपाई



रोपाई करते ग्रामीण।

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत बरडीहा गांव स्थित जमा दो उच्च विद्यालय के समीप वट वृक्ष के पास से बाजार तक मुख्य सड़क की स्थिति नारकीय हो गई है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के बरडीहा प्रखण्ड में कई सड़कों की स्थिति जर्जर है। जब मुख्य सड़क की स्थिति दयनीय है तो अन्य सड़क की अंदाजा लगा सकते हैं और ग्रामीण सड़क की बात ही अलग है। धान रोपाई कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक ने 10 वर्षों में जो विकास किया है, उसका नमूना है यह सड़क। आक्रोशित दर्जनों ग्रामीणों और युवा समाजसेवी विनीत कुमार के नेतृत्व में शनिवार को सड़क पर धान की रोपाई की गई। विनीत कुमार ने कहा कि 05 वर्षों के कार्यकाल में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में विकास कार्य धरातल पर शून्य है। बरडीहा प्रखण्ड की जनता इसी मुख्य सड़क से आवागमन करते हैं। विकास के नाम पर यह जर्जर व नारकीय सड़क हास्यपद है। उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में सोंच समझकर योग्य, कर्मठ व जुझारू नेता को ही जनता वोट करेगी। उक्त सड़क पर धान की रोपाई करने वालों में पूर्व मुखिया भरदुल विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, प्रदीप, सोनू, विकास, अशोक सहित दर्जनों ग्रामीणों का नाम शामिल है।

### पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन को लेकर बैठक संपन्न

**भवनाथपुर।** आगामी 25 से 27 अगस्त तक होने वाले पल्स पोलियो अभियान की सफल संचालन को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने स्थानीय सीएचसी परिसर में सभी सुपरवाईजर के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में सभी सुपरवाइजर को 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियो का दवा पिलाने के लिए निर्देश दिया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड के सभी बूथों पर आगामी 25 अगस्त को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक दवा पिलाई जायेगी। साथ ही 26 एवं 27 अगस्त को घर-घर जाकर बच्चों को दवा की खुराक दी जाएगी। कहा कि पल्स पोलियो कार्यक्रम में कुल 178 बूथ बनाया गया है, जिसमें सेविका एवं सहिया शामिल है। सुपरविजन के लिए 37 सुपरवाइजर को प्रतिनियुक्त किया गया है। केतार, खरौंधी एवं भवनाथपुर में कुल मिलाकर 37,800 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में आगामी 28 अगस्त से 13 सितंबर तक होने वाले कुष्ठ रोग खोज अभियान पर भी चर्चा किया गया। जिसमें सहिया के द्वारा घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों का खोज किया जायेगा और इसका रिपोर्ट प्रखंड मुख्यालय को भेजे जाने के बाद जिला से प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के द्वारा कुष्ठ रोगियों का इलाज किया जाएगा। बैठक में जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ. भरत भूषण, एनसीडी काउंसलर राजकुमार वर्मा, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, सीएचओ, बीटीटी सहिया साथी, एएनएम एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### आरके पब्लिक में श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत के उंचरी स्थित आरके पब्लिक विद्यालय 10$2 में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा भगवान कृष्ण जन्मोत्सव की जीवंत लीला प्रस्तुत की गई। इस दौरान विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चे मथुरा के पारंपरिक परिधान पहने राधा रानी, भगवान श्री कृष्णा एवं ग्वाल बाल के भेष में मनमोहक लग रहे थे। जिसको देख विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय एवं अभिभावक सहित विद्यालय के तमाम शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र-छात्रा मंत्रमुग्ध हो गए। इसके पूर्व विद्यालय के निदेशक ने मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इधर पिछले शनिवार को विद्यालय में आयोजित राखी कंपटीशन में भी स्कूली बच्चों ने अपनी प्रस्तुति का लोहा मनवाया। राखी कंपटीशन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को को विद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्य ने प्रशस्ति पत्र दिया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार पांडेय के अलावे विद्यालय के तमाम शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

### शिक्षकों को दिया गया यू डायस प्लस का प्रशिक्षण

**रमना।** प्रखंड संसाधन केंद्र रमना में शिक्षकों को यू डायस प्लस का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को यू डायस प्लस में बच्चों का डाटा जोड़ने व हटाने, शिक्षकों के प्रोफाइल आदि को अपडेट करने सहित कई यू डायस प्लस के कई बिंदुओं के बारे जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई। साथ ही एक सप्ताह के अंदर सभी बिंदुओं को अपडेट करने को कहा गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुनीता कुजूर ने कहा कि यू डायस प्लस पोर्टल पर सभी आंकड़ों को सही से भरेंगे, ताकि उसमें कोई त्रुटी न रहे। उन्होंने कहा कि इन सभी आंकड़ों को स्टेट स्तर पर मिलान किया जाएगा। किसी भी गलत आंकड़ा संग्रहण से परेशानी हो सकती है। वहीं उन्होंने सभी प्रधानाध्यापक को स्टुडेंट व शिक्षक की उपस्थिति आनलाईन बनाने एवं प्रतिदिन एमडीएम का एसएमएस करने का निर्देश दिया। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई करने की बात कही। वहीं एमआईएस आपरेटर व प्रशिक्षक विजय कुमार ने कहा कि बच्चों, शिक्षकों व विद्यालय से संबंधित सभी आंकड़ों को ई विद्यावाहिनी पोर्टल से यू डायस प्लस पोर्टल पर हस्तांतरित कर दिया गया है। अब सभी आंकड़ों को अपडेट व अन्य कार्य यू डायस प्लस पोर्टल पर ही होगा। उन्होंने ने भी कहा कि शिक्षक किसी भी आंकड़ों को सही तरह भरेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद भी किन्हीं शिक्षक को कोई दिक्कत होने पर उनसे संपर्क कर सकतें हैं। मौके पर प्रधानाध्यापक राकेश पांडेय, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, राजेश पांडेय, श्याम बिहारी द्विवेदी, नंदकिशोर चौबे, अपसार अहमद, मनोज कुमार सिंह, दिवाकर सिंह, रामदयाल सिंह, रामसुंदर सिंह, शारदा कुमारी, जितेंद्र शर्मा, उपेंद्र पासवान, शशिभूषण, आनंददेव प्रसाद यादव, उपेंद्र कुमार एवं राजकुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### पुणे में हेलीकॉप्टर पेड़ से टकराया, पायलट जख्मी

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे जिले के ग्राम पौंड के पास शनिवार को एक हेलीकॉप्टर आपात लैंडिंग के दौरान बबूल के पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसमें सवार अन्य तीन लोगों को कोई चोट नहीं आई है। पुणे के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) पंकज देशमुख ने मीडियाकर्मियों को बताया कि मुंबई से हैदराबाद जा रहा ग्लोबल हेक्ट्रा कंपनी का हेलीकॉप्टर खराब मौसम के चलते ग्राम पौंड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के वक्त हेलिकॉप्टर में चार लोग सवार थे।

### भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन 26 को

**नयी दिल्ली।** भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन (आईएसएमआर) का दूसरा दौर 26 अगस्त को सिंगापुर में आयोजित किया जाएगा। आईएसएमआर भारत-सिंगापुर द्विपक्षीय संबंधों को एजेंडा देने का तंत्र है। इसमें वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और रेल, सूचना और प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव शामिल होंगे।

### भाजपा चुनाव समिति की बैठक आज

नई दिल्ली। हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक रविवार को दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में होगी। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह सहित जम्मू और कश्मीर के चुनाव प्रभारी राम माधव, जी. किशन रेड्डी, महासचिव तरुण चुघ मौजूद रहेंगे। बैठक में हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधानसभा के चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लग सकती है।

### सोपोर में मुठभेड़ एक आतंकी ढेर

बारामुला। जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले के सोपोर में शनिवार को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि सोपोर के राफियाबाद इलाके में पुलिस एवं 32 राष्ट्रीय राइफल की संयुक्त टीम की आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान एक आतंकी मारा गया। सुरक्षा बलों ने कुछ और आतंकियों के छिपे होने की आशंका पर क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया है।आतंकी की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### बांग्लादेश में बाढ़ से 18 लोगों की मौत

ढाका। बांग्लादेश में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आपदा प्रबंधन एवं राहत मंत्रालय के तहत आने वाले देश के राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया समन्वय केंद्र की नवीनतम दैनिक आपदा स्थिति रिपोर्ट के अनुसार बाढ़ से देश के कुल 64 जिलों में से 11 में लगभग 50 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि बाढ़ से प्रभावित सात जिलों में 18 लोगों की मौत हो गई है। भारी बारिश और भारतीय सीमाओं पर पहाड़ियों से पानी के बढ़ने से आई बाढ़ में सड़कें बह गई हैं।

### महाराष्ट्र व राजस्थान आज जायेंगे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव और राजस्थान के जोधपुर का दौरा करेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा शनिवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी। मोदी पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे महाराष्ट्र में जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन में भाग लेंगे और शाम करीब 4:30 बजे प्रधानमंत्री जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जयंती समारोह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। मोदी जलगांव के कार्यक्रम में 11 लाख नयी लखपति दीदियों को प्रमाण-पत्र जारी करेंगे और सम्मानित करेंगे।

# अमेरिका से पनडुब्बी रोधी सोनोबॉय खरीदेगा भारत

## विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 52.8 मिलियन डॉलर की सैन्य बिक्री को दी मंजूरी

**गोलमेज सम्मेलन में राजनाथ सिंह ने अमेरिकी एनएसए से रणनीतिक मामलों पर की चर्चा**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की यात्रा के दौरान अमेरिका ने भारत को 52.8 मिलियन डॉलर से पनडुब्बी रोधी युद्ध सोनोबॉय और संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दे दी है। इसका ऐलान वाशिंगटन डीसी के पेंटागन में अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद किया गया है। राजनाथ सिंह ने एक गोलमेज सम्मेलन में अग्रणी अमेरिकी रक्षा कंपनियों के साथ सार्थक बातचीत की है। साथ ही अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारजेक सुलिवन से मिलकर आपसी हित के प्रमुख रणनीतिक मामलों पर चर्चा की है।

अमेरिकी रक्षा विभाग की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने एक बयान में कहा है कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भारत को 52.8 मिलियन डॉलर की अनुमानित लागत पर पनडुब्बी रोधी युद्ध सोनोबॉय और संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दे दी है।

भारत सरकार ने अमेरिका से हाई एल्टीट्यूड एंटी-सबमरीन वारफेयर सोनोबॉय और कई अन्य उपकरण खरीदने का अनुरोध किया है। डीएससीए के बयान में



कहा गया है कि यह उपकरण भारतीय नौसेना की आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। इसमें कहा गया है कि प्रस्तावित बिक्री अमेरिका-भारत रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के साथ अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों का समर्थन करेगी, जो भारत-प्रशांत और दक्षिण एशिया क्षेत्रों में राजनीतिक स्थिरता, शांति और आर्थिक प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति है।

भारत और अमेरिका ने पिछले साल रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप को अपनाया था। इसका उद्देश्य हवाई युद्ध और भूमि गतिशीलता प्रणालियों, खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही, युद्ध सामग्री और समुद्री क्षेत्र सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी सहयोग और सह-उत्पादन को गति देना है। यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम और इंडिया एनर्जी स्टोरेज एलायन्स की साझेदारी में हाइड्रोजन और भंडारण पर यूएस-भारत साझेदारी' पर एक उच्च स्तरीय गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया। इस कार्यक्रम में अमेरिकी ऊर्जा विभाग के उप सचिव डेविड एम. तुर्क, अंतरराष्ट्रीय मामलों के लिए ऊर्जा के सहायक सचिव डॉ. एंड्रयू लाइट और भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अजय यादव शामिल हुए। सम्मेलनमें दोनों देशों के लिए स्थायी ऊर्जा समाधान को आगे बढ़ाने में हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों के महत्व पर जोर दिया गया। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में मेक इन इंडिया के लिए उन्हें भारतीय भागीदारों के साथ काम करने के लिए आमंत्रित किया गया।

# आरजी कर मेडिकल कॉलेज वित्तीय अनियमितता मामले में एफआइआर

एजेंसी

- **कलकत्ता हाई कोर्ट ने कॉलेज में वित्तीय भ्रष्टाचार की जांच सीबीआइ को सौंपा था**
- **पूर्व प्रिंसिपल पर संदीप घोष पर गिर सकती है गाज**

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुए वित्तीय भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एफआईआर दर्ज की है। सीबीआई की भ्रष्टाचार-रोधी शाखा ने शनिवार को निजाम पैलेस में इस मामले से संबंधित दस्तावेज प्राप्त करने के बाद यह कदम उठाया। अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या इस मामले में अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के तहत, आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुए वित्तीय भ्रष्टाचार की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया है। शनिवार की सुबह राज्य सरकार द्वारा हाल ही में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मामले से संबंधित सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिए। यह मामला उस समय प्रकाश में आया जब नौ अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला डॉक्टर का शव बरामद हुआ। आरोप लगाया गया कि डॉक्टर की हत्या कर दी गई और उसके साथ बलात्कार भी किया गया था। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इसी के बीच, यह भी आरोप सामने आया कि पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से आरजी कर मेडिकल कॉलेज में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं हो रही थीं। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, 16 अगस्त को राज्य सरकार ने आईपीएस अधिकारी प्रणब कुमार की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया



था। हालांकि, राज्य पुलिस की एसआईटी पर भरोसा न होने के कारण इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सौंपने की मांग को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति राजर्षि भट्टाचार्य की एकल पीठ ने शुक्रवार को कहा कि यदि कई एजेंसियां इस मामले की जांच करती हैं, तो मामला और भी जटिल हो सकता है और इसमें अधिक समय लग सकता है। इसके बाद उच्च न्यायालय ने सीबीआई को ही इस मामले की जांच का जिम्मा सौंपा।

### रूस के कुर्स्क इलाके में यूक्रेन ने अमेरिकी ग्लाइड बमों से किया हमला

**कीव।** रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन ने अमेरिकी ग्लाइड बमों का इस्तेमाल करने और खारकीव के पूर्वी क्षेत्र में पुनः कब्जा करने का दावा किया है। हालांकि रूस ने खारकीव में बड़ा आक्रमण शुरू किया था। यूक्रेन के वायुसेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मायकोला ओलेशुक ने गुरुवार रात एक वीडियो जारी किया, जिसमें कुर्स्क क्षेत्र में रूसी प्लाटून बेस पर हमला होते दिखाया गया। उन्होंने कहा कि जीबीयू-39 बमों से किये गए हमले में रूसी हताहत हुए तथा उपकरण नष्ट हो गए। वीडियो में कई विस्फोट और घटनास्थल पर धुएं का गुबार उठता हुआ दिखाया गया। यूक्रेन की सेना की एक अन्य आक्रमण ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि उसके सैनिक खारकीव क्षेत्र में लगभग दो वर्ग किलोमीटर तक आगे बढ़ गए हैं। हालांकि यह यह जानकारी नहीं दी गयी है कि हमला कब किया गया और आक्रमण का क्षेत्र क्या था। यह अनुमान लगाना कठिन है कि इसका युद्धक्षेत्र पर और अधिक प्रभाव पड़ेगा या नहीं। यूक्रेन द्वारा खारकीव क्षेत्र में कथित जवाबी हमला ऐसे समय में किया गया है, जब उसकी सेनाओं ने इस महीने युद्ध के मैदान में बदलाव किया है। कीव ने छह अगस्त को रूस के पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में एक आक्रामक हमला किया था, साथ ही सैन्य और ईंधन लक्ष्यों के खिलाफ ड्रोन युद्ध को तेज कर दिया। इन हमलों में रूस को बड़े नुकसान का दावा किया गया।

# यूक्रेन-रूस युद्ध के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है भारत : जेलेंस्की

**यूक्रेन के राष्ट्रपति बोले, भारत की यात्रा करने को लेकर उत्सुक हैं**

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बाद कहा है कि भारत यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध समाप्त कराने के वैश्विक कूटनीतिक प्रयासों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जेलेंस्की ने कहा कि वह भारत की यात्रा करने को लेकर उत्सुक हैं। यूक्रेन की यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां द्विपक्षीय वार्ता के दौरान जेलेंस्की को भारत यात्रा का निमंत्रण दिया, जिसके बाद उन्होंने यह टिप्पणी की। द्विपक्षीय वार्ता के बाद भारतीय मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि मोदी की यात्रा ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि भारत को यूक्रेन का साथ देने की जरूरत है, न कि अमेरिका और रूस के बीच संतुलन साधने की। मोदी की यूक्रेन की लगभग नौ घंटे की यात्रा, 1991 में यूक्रेन की स्वतंत्रता के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। यह यात्रा, जुलाई में मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता के छह सप्ताह बाद हुई है। जेलेंस्की ने कहा कि जब आप रणनीतिक साझेदारी, कुछ बातचीत शुरू करते हैं, तो आपको समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। इसलिए



मुझे लगता है कि फिर से मुलाकात करना अच्छा रहेगा, और अगर हमारी बैठक भारत में होगी, तो मुझे खुशी होगी। उन्होंने कहा कि मुझे काफी जरूरत है कि आपका देश हमारे पक्ष में रहे। जेलेंस्की ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, पुतिन के मुकाबले शांति के ज्यादा समर्थक हैं। समस्या यह है कि पुतिन (शांति) नहीं चाहते।

# मुरादाबाद : नर्स से दुष्कर्म मामले में तीन मदरसे सील

**पुलिस ने डॉक्टर सहित तीन लोगों को किया गिरफ्तार**

एजेंसी

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में नर्स के साथ बलात्कार मामले में योगी सरकार एक्शन मोड में है। मुरादाबाद के जिला अधिकारी अनुज सिंह ने बताया है कि इस मामले के एक आरोपी का पिता सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर मदरसा संचालित कर रहा था। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर तीन मदरसों को सील कर दिया।त्र बता दें कि हाल ही में मुरादाबाद के निजी अस्पताल में एक नर्स के साथ बलात्कार की घटना हुई। इस घटना के बाद पीड़िता के पिता ने पुलिस में शिकायत दी। शिकायत में बताया कि घटना वाले दिन उसकी बेटी की नाइट ड्यूटी थी। अस्पताल में उसे बंधक बनाया गया। इसके बाद डॉक्टर ने बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने



केस दर्ज कर आरोपी डॉक्टर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिला अधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि दर्ज मुकदमे के अनुसार कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि एक आरोपी का पिता जटपुरा, राजपुर केसरिया गांव में अवैध रूप से मदरसे संचालित कर रहा है। इस पर मुरादाबाद के अल्पसंख्यक अधिकारी, एसडीएम ठाकुरद्वारा मनी अरोड़ा, और सीओ ठाकुरद्वारा की मौजूदगी में मदरसों को सील कर दिया गया।

### असम गैंगरेप मामला : हिरासत से भाग कर तालाब में कूदे मुख्य आरोपी की मौत

**नगांव/शोणितपुर (असम)** । नाबालिग छात्रा से सामूहिक बलात्कार के मुख्य आरोपित तफज्जुल इस्लाम की मौत हो गई। पुलिस हिरासत से फरार होने की कोशिश में उसने तालाब में छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर पूरे राज्य में लोगों में नाराजगी देखी जा रही थी। इसके विरोध में लोग प्रदर्शन कर रहे थे। धींग में गुरुवार शाम ट्यूशन पढ़ कर घर लौट रही नाबालिग के साथ तीन आरोपितों ने कथित तौर पर बलात्कार कर घायल अवस्था में उसे एक तालाब के पास छोड़ कर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया और एक अन्य को हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक घटना के मुख्य आरोपित तफज्जुल इस्लाम को पुलिस क्राइम सीन री-क्रिएट करने के लिए सुबह करीब साढ़े तीन बजे बरवेती ले गई। अपराध स्थल पर पहुंच कर उसने पुलिस हिरासत से फरार होने के लिए तलाब में छलांग लगा दी। हालांकि उसकी तलाश में अभियान चलाया गया लेकिन दो घंटे बाद उसकी लाश मिली। आरोपित की मौत को लेकर स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर की है। पुलिस से भागने की कोशिश में वह खुद ही मारा गया। उधर, जिला मुख्यालय तेजपुर में एक युवती के साथ दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोपित मिराज अली पुलिस एनकाउंटर में घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक उसे पकड़ने गई पुलिस टीम को देख कर वह भागने लगा। उसे रोकने के लिए पुलिस ने गोली चलाई जो उसके दाहिने पैर में लगी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया है।

# मोदी सरकार की युवा विरोधी नीति से देश में नौकरियों का आकाल : खड़गे

**चीनी कंपनियों के लिए लाल कारपेट बिछा रही है सरकार**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार की नीतियां युवा विरोधी हैं जिसके कारण कंपनियों में रोजगार के अवसर घटे हैं और मुट्ठी भर सरकारी नौकरियों के लिए लाखों युवक आवेदन कर रहे हैं। खड़गे ने शनिवार को कहा कि इंश्योरेंस आदि क्षेत्रों में नौकरियां बहुत घट गई हैं। वर्ष 2022-23 में 375 कंपनियों में 3.45 लाख नौकरियां घटी हैं और इसकी वजह से देश में बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। मोदी सरकार चीन को लाल आंख दिखाने की बजाय चीनी कंपनियों के लिए लाल कारपेट बिछा रही है और देश में युवाओं के लिए नौकरियों का अकाल पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की युवा विरोधी नीतियों के चलते देश में नौकरियों का अकाल पड़ गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा की ताजा रिपोर्ट बताती है कि केवल 2022-23 में ही देश की 375 कंपनियों



में 2.43 लाख नौकरियां घट गईं कुछ मुट्ठीभर नौकरियां पाने के लिए हमारे लाखों युवा चक्कर काट रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में सिपाही भर्ती परीक्षा चल रही है, उसमें मात्र 21 हजार खाली पदों के लिए 18 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इससे पहले वाली परीक्षा का पेपर चार दिन पहले लीक हो गया था, जिसके कारण परीक्षा दोबारा से कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश में 60 हजार सिपाहियों की भर्ती के लिए 26 राज्यों के 6.30 लाख युवाओं ने आवेदन किया है। इस परीक्षा का भी पेपर एक बार लीक हो चुका है। केवल जुलाई तक ही, इस साल 1.24 लाख आईटी सेक्टर में नौकरियां घटीं, जिसमें भारत के युवाओं को खासा नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि बैंकिंग, फाइनेंस,इंश्योरेंस, हॉस्पिटलिटी -सभी सेक्टरों में नौकरियां कम हुई हैं। ऊपर से मोदी सरकार चीन को लाल आंख नहीं, चीनी कंपनियों के निवेश के लिए 'लाल कारपेट' बिछाने जा रही है। मोदी जी ने गलत कार्यप्रणाली का इस्तेमाल करवा कर एक रिपोर्ट बनवाई और करोड़ों रोजगार देने के झूठे दावे किये। केएलईएमएस के डेटा से फजी विचार गढ़ने के लिए मोदी सरकार ने गणना का सहारा न लेकर, अलग-अलग वर्ष के लिए अलग-अलग आबादी के डेटा सेट का सहारा लिया, जिससे कामगार गणना अनुपात गलत आया। ऊपर से ग्रामीण और शहरी आबादी की वृद्धि एक ही मान ली गई, जिससे अधिक अनुमान हुआ है।

# लड्डू गोपाल के जन्मोत्सव को लेकर ब्रज में हर्षोल्लास

## कान्हा को घर ले जाने के लिए बेताब ब्रजवासी

एजेसी

**मथुरा।** लड्डू गोपाल के जन्मोत्सव को लेकर ब्रज ही नहीं बल्कि पूरे भारत देश में उत्साह छाया हुआ है, लेकिन ब्रजभूमि में हर ब्रजवासी के लिए कान्हा का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। मथुरा के बाजार सजे हुए हैं, श्रद्धालु महिला बड़े ही भाव से ठाकुरजी को अपने घर स्थापित करके उनका प्राकटोत्सव मनाने को लालायित नजर आ रहे हैं। बाजार में लड्डू गोपाल के श्रृंगार के लिए खास रत्नों की पोशाक, पगड़ी, मुरली और झूले आए हैं। दुकानदार ग्राहकों के लिए कान्हा के श्रृंगार की सामग्री एक साथ उपलब्ध करा रहे हैं। इस बार जन्माष्टमी के लिए लड्डू गोपाल को विशेष पोशाक तैयार की गई है। इस बार मोरपंख लगी और नग जड़ी हुई विशेष पोशाक भी बाजार में है जो ग्राहकों को पसंद आ रही है। वहीं मुकुट और पगड़ी भी नग लगाकर बनाई गई है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर पूरे ब्रजमण्डल में खासा उत्साह है। एक सप्ताह पूर्व से ही इसकी खरीददारी को लेकर बाजारों में दुकानें सजी हुई हैं। महिलाओं में कान्हा के वस्त्र, श्रृंगार खरीदने को लेकर खास उत्साह है। महिलाएं और युवतियां लड्डू गोपाल के लिए रंग-बिरंगी पोशाकें और आभूषण लेने के लिए बाजारों में पहुंच रही हैं। आर्टिफिशियल आभूषणों के अलावा चांदी के मुकुट, बांसुरी, मालाएं और अन्य साज सामान बाजार में मौजूद हैं। बाजार में लडडू गोपाल के सिंहासन, पालने, मुकुट, बांसुरी, बाजूबंद, पाजेब, लटकन, छड़ी और अन्य आभूषणों की भी बिक्री हो रही है। बाजारों में लड्डू गोपाल के लिए हरे, पीले, लाल और अन्य कई रंगों में पोशाक विभिन्न वेरायटी में मौजूद हैं। इसी के साथ उनके लिए मोर मुकुट, संगीत और लीला की याद दिलाने वाली छोटी बांसुरी, बाजूबंद, कंगन, कान के कुंडल भी मौजूद हैं। लकड़ी के अलावा बाजार में चांदी के भी झूले मिल रहे हैं। बाजारों में मोर पंख से बने हुए डिजाइनर झूले और मुकुट भी डिमांड में हैं। दुकानों पर लडडू गोपाल के लिए खिलौने, सोने के लिए बिस्तर, टीवी, फ्रिज, पंखे जैसी चीजें बिक रही हैं। कान्हा के लिए लाये गये फ्रिज में लड्डू गोपाल का भोग रखा जा सकता है। यह फ्रिज बिजली से चलता है, जो 6, 8, 10 और 12 इंच की साइज में उपलब्ध है।



VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !